सूर्योदय 5:53 सूर्यास्त 6:55

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 16.5 न्यू | 23.5 अधि |
| धर्मशाला | 19.9 न्यू | 26.5 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 80424.68 |
| निफ्टी | 24572.65 |
| सोना | 72,760 |
| चांदी | 85,965 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान




बैंक जमा वृद्धि के लिए उठाएं कदम : सीतारमण

पृष्ठ 13 पर

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | मंगलवार, 20 अगस्त 2024 | 5 भाद्रपद, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 1, अंक 243, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### तेलंगाना में मनु सिंघवी ने भरा नामांकन पत्र



**हैदराबाद।** तेलंगाना राज्यसभा उपचुनाव में कांग्रेस के उम्मीदवार अभिषेक मनु सिंघवी ने सोमवार को नामांकन दाखिल किया, जिसका विधायक दल ने समर्थन किया। सिंघवी के नामांकन पत्र भरने के दौरान मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी और उनकी मंत्रिमंडलीय सहयोगी एवं तेलंगाना में पार्टी मामलों के लिए एआईसीसी प्रभारी दीपा दास मुंशी मौजूद थी।

### हसीना के खिलाफ हत्या का एक और मामला दर्ज




**ढाका।** बांग्लादेश में विवादित आरक्षण प्रणाली के खिलाफ आंदोलन के दौरान मछली कारोबारी की मौत को लेकर अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना और उनकी सरकार के पूर्व मंत्रियों समेत 62 लोगों के खिलाफ हत्या का एक और केस दर्ज किया है। नौकरियों में आरक्षण प्रणाली के खिलाफ विरोध-प्रदर्शनों के बाद पीएम पद से इस्तीफा देकर भारत जाने वाली हसीना के खिलाफ कई मामले दर्ज किए गए हैं।

### सीएम सिद्धारमैया को हाईकोर्ट से मिली राहत



**बेंगलुरु।** सीएम सिद्धारमैया की राज्यपाल थावरचंद गहलोत के खिलाफ दायर याचिका पर हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। कोर्ट ने कहा कि जब तक हाईकोर्ट में सुनवाई चल रही है, मुडा भूमि मामले में ट्रायल कोर्ट सिद्धारमैया पर कार्रवाई न करे। अगली सुनवाई 21 अगस्त को होगी। गवर्नर ने 17 अगस्त को सिद्धारमैया के खिलाफ केस चलाने की मंजूरी दी थी।

### पूर्व सेना प्रमुख जनरल सुंदरराजन का निधन



**चेन्नई।** पूर्व सेना प्रमुख जनरल सुंदरराजन पद्मनाभन का चेन्नई में 83 साल की उम्र में निधन हो गया। सुंदरराजन ने 30 सितंबर 2000 से 31 दिसंबर 2002 तक थल सेनाध्यक्ष के रूप में सेवाएं दीं। दिल्ली में प्रतिष्ठित राष्ट्रीय रक्षा कॉलेज (एनडीसी) में शामिल होने से पहले जनरल पद्मनाभन ने एक स्वतंत्र तोपखाना ब्रिगेड और एक 'माउंटेन ब्रिगेड' की कमान संभाली थी। 15 कोर के कमांडर के रूप में उनकी सेवाओं के लिए उन्हें अति विशिष्ट सेवा पदक से सम्मानित किया गया था।

## पीएम मोदी को स्कूली बच्चियों ने बांधी राखी



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्कूली बच्चियों के साथ पीएम आवास पर रक्षाबंधन का त्योहार मनाया। मोदी ने बच्चियों से राखी बंधवाई और उनसे बातचीत भी की। इस दौरान वे काफी खुश दिखाई दिए। उनकी कलाई में एक बच्ची ने मां हीरा बेन तस्वीर वाली राखी बांधी। इसके अलावा राखी में 'एक पेड़ मां के नाम' का भी संदेश दिया गया।

# छड़ी मुबारक रस्म के साथ अमरनाथ यात्रा संपन्न

## रिकॉर्ड: 52 दिन मे पांच लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने किए बाबा बर्फानी के दर्शन

**अशोक ठाकुर, जम्मू**

**अमरनाथ** यात्रा सोमवार को छड़ी मुबारक की रस्म के साथ संपन्न हो गई। 52 दिन तक चली यात्रा में 5 लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने पवित्र अमरनाथ गुफा में बाबा बर्फानी के दर्शन किए।

2023 में 4.5 लाख श्रद्धालु यात्रा में शामिल हुए थे। यात्रा के आखिरी दिन बाबा अमरनाथ की पवित्र छड़ी मुबारक पंजतरणी से अमरनाथ गुफा में पहुंची। छड़ी मुबारक की वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पारंपरिक पूजा-अनुष्ठान हुई। इसके साथ अमरनाथ यात्रा 2024 का समापन हुआ। अमरनाथ यात्रा 29 जून को शुरू



हुई थी। इसके लिए जम्मू से लेकर बालटाल और नून (पहलगाम) बेस कैंप तक कड़ी सुरक्षा के इंतजाम किए गए थे। अनुच्छेद 370 हटने के पांच साल पूरे होने के दिन 5 अगस्त को अमरनाथ यात्रा एक दिन के लिए रोकी भी गई थी। (अनंत ज्ञान)

**2023 के मुकाबले 50 हजार ज्यादा श्रद्धालुओं ने दर्शन किए**

### किस साल कितने भक्तों ने किए दर्शन

| | |
|---|---|
| 2015 | 3.52 लाख |
| 2016 | 2.21 लाख |
| 2017 | 2.60 लाख |
| 2018 | 3.43 लाख |
| 2019 | 3.04 लाख |
| 2022 | 3.04 लाख |
| 2023 | 4.50 लाख |
| 2424 | 5.00 लाख |

# ट्रेनी डॉक्टर से कई बार बर्बरता शरीर पर चोट के 14 निशान

## पोस्टमार्टम रिपोर्ट में कई चौंकाने वाले खुलासे; कई यातनाएं दीं, गला घोंटकर पीड़िता की जान ली

**एजेंसी, कोलकाता**

**कोलकाता** के आरजी कर अस्पताल में ट्रेनी डॉक्टर की रेप के बाद हुई हत्या की डिटेल्ड पोस्टमार्टम रिपोर्ट सामने आ गई है। रिपोर्ट में कई चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं। 9 अगस्त की रात को आरोपी ने पीड़िता के साथ हैवानियत की सारी हदें पार कर दीं।

रिपोर्ट के मुताबिक, ट्रेनी डॉक्टर के साथ कई बार बर्बरता की गई। खुलासा हुआ कि आरोपी ने कई बार पीड़िता के साथ जबरदस्ती यौन उत्पीड़न किए थे। उसे तरह-तरह की यातनाएं भी दी गईं। मृतक डॉक्टर के शरीर पर 14 से ज्यादा चोट के निशान थे। सिर, गाल, होंठ, नाक, दाहिना जबड़ा, ठोड़ी, गर्दन, बायां हाथ, बायां कंधा, बायां घुटना, टखना और प्राइवेट पार्ट पर चोट के निशान मिले हैं। वहीं, शरीर के अंदरुनी हिस्सों में भी चोटें आई हैं। फेफड़ों में रक्त के थक्के जम गए थे। जननांग के अंदर भी एक सफेद गाढ़ा चिपचिपा तरल पदार्थ मिला। रक्त और अन्य नमूने आगे के विश्लेषण के लिए भेजे गए हैं। वहीं, आरोपी ने दोनों हाथों से गला घोंटकर पीड़िता की जान ली थी। इस बीच राज्यपाल सीवी आनंद बोस राष्ट्रपति और केंद्रीय स्वास्थ्य मिलने दिल्ली के लिए रवाना हो गए हैं।

### आरोपी का होगा पॉलीग्राफी टेस्ट

**कोलकाता** रेप-मर्डर केस के आरोपी संजय रॉय के पॉलीग्राफी टेस्ट कराने की सीबीआई को इजाजत मिल गई है। जांच एजेंसी ने कोर्ट में अर्जी दायर की थी। इससे पहले एजेंसी आरोपी का मनोवैज्ञानिक टेस्ट करा चुकी है। अब पॉलीग्राफी टेस्ट से पता चल सकेगा कि आखिर आरोपी कितना झूठ और कितना सच बोल रहा है। सीबीआई अस्पताल के पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष का भी पॉलीग्राफी टेस्ट कराना चाहती है।

### डॉक्टरों का विरोध-प्रदर्शन जारी





**प्रशिक्षु** महिला डॉक्टरों से कथित बलात्कार और हत्या की घटना के खिलाफ देशभर के जूनियर डॉक्टर विरोध-प्रदर्शन कर रहे हैं। इससे स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हो रही। आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में विरोध-प्रदर्शन कर रहे डॉक्टरों ने कहा कि यह विरोध-प्रदर्शन उस महिला चिकित्सक के लिए इंसाफ की मांग के लिए है, जिसने लगातार 36 घंटे तक मरीजों का इलाज करने के बीच हैवानियत का सामना किया। उधर, सीबीआई सात घंटे तक पीड़िता के घर रही और परिवार के सदस्यों के बयान दर्ज किए।

### पूर्व प्राचार्य से चौथे दिन भी पूछताछ

सीबीआई के अधिकारियों ने सोमवार को लगातार चौथे दिन आरजी कर मेडिकल कॉलेज के पूर्व प्राचार्य संदीप घोष से महिला डॉक्टर के साथ कथित बलात्कार और हत्या की घटना की जांच के सिलसिले में पूछताछ की।

### फोटो साझा करने के आरोप में एक गिरफ्तार

प्रशिक्षु डॉक्टर की फोटो सोशल मीडिया पर उजागर करने और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को धमकी देने के आरोप में कोलकाता में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। इंस्टाग्राम पर 'कीर्तिसोशल' यूजरनेम से एक व्यक्ति ने तीन फोटो अपलोड की हैं, जिनमें पीड़िता की पहचान का खुलासा किया गया है।

# विधायक हंसराज पर युवती ने पहले लगाए अश्लील चैट के आरोप, बाद में मुकरी

**अनंत ज्ञान, चंबा**

**चंबा** के चुराह के भाजपा विधायक डॉ. हंसराज पर पार्टी के ही बूथ अध्यक्ष की बेटी ने पहले अश्लील चैट के आरोप लगाए, लेकिन बाद में वह अपने बयानों से मुकर गई। इस घटनाक्रम की दिनभर सोशल मीडिया में खासी चर्चा रही।

शिकायत में युवती ने कहा था कि उसने विधायक को काम करवाने के लिए कहा था। विधायक ने मिलने के लिए कहा। इसके बाद अश्लील चैटिंग की और न्यूड फोटो मांगे। चुप रहने व चैटिंग डिलीट करने की धमकी दी और फोन भी तोड़ दिया। वहीं, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता यशवंत खन्ना ने कहा कि विधायक हंसराज अपने रसूख के चलते इस मामले को दबाने की कोशिश कर रहे हैं। वह भूल चुके हैं कि बीते समय में उनके ऊपर कितने आरोप लगे थे। उनके लिए यह सारा मामला कोई नया नहीं है।

### मेरे ऊपर लगे सारे आरोप निराधार: हंसराज



विधायक डॉ. हंसराज ने कहा कि मेरे ऊपर लगाए गए सारे आरोप निराधार हैं। मुझे बदनाम करने की कोशिश की गई। युवती के पिता मेरे खास मित्रों में से एक हैं और उनकी बेटी बद्दी में काम करती है और मानसिक रूप से परेशान चल रही है, जिसका जिक्र उसके पिता ने किया है। युवती के बयान से सारी तस्वीर साफ हो जाएगी।

### तनाव और बहकावे में आकर की शिकायत

**युवती** ने बयान जारी कर कहा कि मैंने 9 अगस्त को चंबा में महिला थाना में विधायक हंसराज के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई, जिसके आधार पर 16 अगस्त को पुलिस ने मुझे कोर्ट में पेश किया। जज के सामने मैंने अपने बयान बिना किसी दबाव में आकर दर्ज करवाए। मैंने स्पष्ट किया है कि मेरे द्वारा विधायक पर लगाए गए सारे आरोप निराधार हैं। मैंने मानसिक तनाव और बहकावे में आकर जो शिकायत दर्ज करवाई है उसका कोई आधार नहीं है। मेरे द्वारा लगाए गए आरोप कभी भी सच नहीं थे। मैं स्पष्ट करना चाहती हूं कि सोशल मीडिया और मीडिया में मेरी शिकायत के आधार पर चल रही खबरों का मकसद कांग्रेस के कुछ जिला पदाधिकारियों की ओर से विधायक की छवि को नुकसान पहुंचाना है। मेरे पिता जी भाजपा में बूथ अध्यक्ष हैं। विधायक के साथ उनकी मित्रता और पारिवारिक संबंध हैं। मैं और मेरा परिवार भाजपा और हंसराज जी के साथ हमेशा थे और रहेंगे।

## पांवटा साहिब में पति ने की पत्नी की बेरहमी से हत्या

**एसपी जैरथ, पांवटा साहिब**

**सिरमौर** जिले के उपमंडल पांवटा साहिब के तारुवाला की शिवा कॉलोनी में पति ने पत्नी की बेरहमी से हत्या कर दी। रविवार देर रात को वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी सोहन फरार हो गया था, जिसे पुलिस ने सोमवार सुबह 5:30 बजे बांगरन चौक से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। व्यक्ति ने अपनी पत्नी को डंडे से पीटा है, जिससे लहूलुहान हो गई। बेहोशी की हालत में रक्षा देवी को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पांवटा साहिब की डीएसपी अदिति सिंह ने मामले की पुष्टि की है। (अनंत ज्ञान)

## उधमपुर में आतंकी हमला सीआरपीएफ जवान शहीद



**एजेंसी, जम्मू**

**जम्मू**-कश्मीर के उधमपुर में सोमवार को सीआरपीएफ की पेट्रोलिंग टीम पर आतंकियों ने घात लगाकर हमला किया। हमले में एक सीआरपीएफ जवान शहीद हो गया।

अधिकारियों ने बताया कि बसंतगढ़ के डुडू इलाके में साढ़े तीन बजे आतंकवादियों ने सीआरपीएफ और जम्मू-कश्मीर पुलिस के विशेष अभियान समूह (एसओजी) पर हमला किया। हमले में सीआरपीएफ की 187वीं बटालियन के एक निरीक्षक को गोली लगी और अस्पताल ले जाते समय उनकी मौत हो गई। जवाबी कार्रवाई के बाद आतंकवादी मौके से भाग गए। घटनास्थल पर अतिरिक्त बल भेजा गया है और आतंकवादियों की तलाश में अभियान शुरू किया गया है।

## उदयपुर : चाकूबाजी में घायल छात्र ने तोड़ा दम

**एजेंसी, उदयपुर**



**राजस्थान** के उदयपुर में चाकूबाजी में घायल छात्र की सोमवार को मौत हो गई। डॉक्टरों की तमाम कोशिशों के बावजूद घायल छात्र को बचाया नहीं जा सका। दोपहर से घायल बच्चे के ब्लड प्रेशर में अचानक गिरावट आई। छात्र की मौत के बाद अस्पताल परिसर में भारी पुलिस बल तैनात किया गया है।

**परिजनों ने शव लेने से किया इनकार**

**बहनों ने दोपहर दो बजे बांधी थी राखी**

वहीं, परिजनों ने छात्र का शव लेने से इनकार कर दिया है। डॉक्टरों की टीम पिछले चार दिन से इलाज कर रही थी। 16 अगस्त को स्कूल में सुबह साढ़े 10 बजे सूरजपोल थाना क्षेत्र के एक सरकारी स्कूल में चाकूबाजी की घटना हुई थी। दोपहर करीब सवा दो बजे घायल छात्र को कलेक्टर से अनुमति मिलने के बाद सगी बहन सुहानी और चचेरी बहनों ने राखी बांधी थी। बहनों ने भाई को राखी बांधकर उसके दीर्घायु होने की प्रार्थना की। वहीं, पुलिस ने शव को मोर्चरी में रखवाया है। मां ने आरोपी छात्र को सख्त सजा की मांग की है। मंत्री जवाहर सिंह बेढम ने कहा कि कानून के तहत कार्रवाई की जाएगी।

### अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- 73.26 प्रतिशत बच्चों ने पास की 12वीं कक्षा की कंपार्टमेंट परीक्षा -पेज 3
- भुक्कड़ में भारी बारिश से रिहायशी मकान जमींदोज -पेज 6
- बलद्वाड़ा में कार खाई में गिरी एक की मौत, एक घायल -पेज 9
- लेटरल एंट्री आरक्षण खत्म करने की साजिश: राहुल -पेज 13
- पैरालंपिक में 20 साल से चीन की बादशाहत -पेज 14









## न्यूज ब्रीफ

### सनरॉक प्ले स्कूल में मनाया रक्षाबंधन का त्योहार



**भरत ठाकुर, कोटखाई।** सनरॉक प्ले स्कूल गुम्मा में रक्षाबंधन का पावन त्योहार धूमधाम से मनाया गया, जिसमें सभी बच्चों ने भाग लिया। सनरॉक प्ले स्कूल की प्रधानाचार्य, शैलजा अमरेईक ने बच्चों को मिठाईयां बांटी तथा इस पावन त्यौहार के बारे में विस्तृत जानकारी दी। प्रधानाचार्य ने बताया कि सनरॉक प्ले स्कूल में क्रेच की सुविधा भी उपलब्ध है, तथा प्ले-वे, नर्सरी व केजी कक्षाओं के लिए सत्र की प्रवेश की प्रक्रिया अभी भी जारी है ।

### विद्यार्थी परिषद ने मनाया पुलिस के साथ रक्षाबंधन

**अनंत ज्ञान, शिमला।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद समय समय पर समाज के विभिन्न मुद्दों को उठाने के साथ साथ भारतीय संस्कृति के त्योहारों एवं रीति रिवाजों को भी बेखूबी निभाता है एवं हर्ष और उल्लास से मनाता है।



ऐसे ही रक्षाबंधन के उपलक्ष्य में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद संजौली महाविद्यालय इकाई की तरफ से ढली एवं संजौली पुलिस चौकी में सुरक्षाकर्मियों को राखी बांधी। इकाई उपाध्यक्ष आरती ने कहा कि सुरक्षाकर्मी दिन रात आम जन मानस की सुरक्षा के लिए अपने घर परिवारों से दूर रहते हैं। जिसको देखते हुए उनके संग राखी मनाने का एवं इसे सुरक्षाकर्मियों को राखी बांधने का निर्णय लिया।

### शाउण मेले में ग्रामीणों की नाटी की रही धूम



**अनंत ज्ञान, कुल्लू।** कुल्लू जिला के ऐतिहासिक गांव मलाणा में मलाणा के आराध्य देवता जमलू के सम्मान में आयोजित होने वाले शाउण मेले का सोमवार को विधिवत रूप से संपन्न हो गया। मलाणा में पांच दिनों तक चलने वाले शाउण मेले की खूब धूम रही। 15 अगस्त के दिन जागरे के साथ शाउण मेले का विधिवत शुभारंभ किया गया था। शाउण मेले में देवता जमलू की देव परंपराओं का पूरी तरह से निर्वहन किया गया। मलाणा देवता जमलू की तपोभूमि है ओर यहां पर देवता जमलू के तय किये गए नियमों के तहत ही लोग कार्य करते हैं। सोमवार को ग्रामीण पारंपरिक परिधानों में सजकर देवता जमलू के स्थान के समीप एकत्रित हुए। इसके बाद कुल्लवी वाद्ययंत्रों की थाप पर नाटी डाली गई। ज्ञात रहे कि इस बार मलाणा के लिए सड़क बंद होने के चलते श्रद्धालु कम संख्या में ही मलाणा पहुंच सके। बावजूद ग्रामीणों का शाउण मेले को लेकर उत्साह कम नहीं हुआ। मलाणा पंचायत के प्रधान राजू राम ने कहा कि मलाणा में शाउण मेले के अवसर पर काफी अधिक संख्या में श्रद्धालु देवता जमलू की चाकरी करने आते हैं। ग्रामीणों की ओर से मेले में आए हुए मेहमानों की खूब खातिरदारी की गई। (अनंत ज्ञान)

### सावन के अंतिम सोमवार को लगाया लंगर



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** सावन माह की अंतिम सोमवार को राखी पर्व पर बिलासपुर जिला मुख्यालय पर कॉलेज चौक पर स्थानीय युवाओं द्वारा खीर का लंगर लगाया गया। समाजसेवी युवा शुभम की अगुवाई में युवाओं ने सभी राहगीरों व वाहन चालकों को खीर का प्रसाद वितरित किया। शुभम ने बताया कि उनके द्वारा पहली बार कावड़ यात्रा की गई। यात्रा से आने बाद उन्होंने निर्णय लिया कि सावन माह के अंतिम सोमवार को खीर का लंगर लगाया जाएगा। युवाओं की टोली में अंशुल, साहिल, अजय, गौरव, शुभम वर्मा, प्रकाश, राहुल व शिवांश आदि शामिल रहे।

### सीएमओ डॉ. प्रवीन चौधरी को किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** बरनाला लोक सेवा दल द्वारा नयना देवी में फ्री मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया था। इस कैंप में डॉक्टरों और मेडिकल स्टाफ ने सेवाएं प्रदान की और लोगों को मुफ्त में इलाज और दवाएं दी गईं। दल के अध्यक्ष विनोद कुमार गोयल ने बताया कि इस तरह के कैंप समाज के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं और लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने में मदद करते हैं। उन्होंने बताया कि वह लगातार कई वर्षों से नयना देवी में मेडिकल कैंप का आयोजन करते आ रहे हैं उन्होंने जिला प्रशासन की भी प्रशंसा की और कहा कि उनके सहयोग से यह कैंप सफलतापूर्वक लगाया जा सका। नयना देवी में मेडिकल कैंप के लिए विशेष रूप से सहायता प्रदान करने के लिए बिलासपुर के सीएमओ डॉक्टर प्रवीन चौधरी को भी सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें सेवा दल के प्रतिनिधि राकेश कुमार ने उनके कार्यालय में जाकर दिया। इसमें माता नयना देवी का चित्र और प्रसाद शामिल था। सीएमओ प्रवीन चौधरी ने बताया कि सामाजिक कार्यकर्ताओं और संस्थाओं द्वारा लगाए जाने वाले ऐसे शिविर निश्चित रूप से आम जनता को बहुत सहायता प्रदान करते हैं।



### एक्स सर्विसमैन लीग का वार्षिक सम्मेलन 23 को

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** शाहपुर यूनिट का वार्षिक सम्मेलन 23 को द्रम्मण में धूमधाम से मनाया जाएगा। इसको लेकर इंडियन एक्स सर्विसमैन लीग की शाहपुर यूनिट के अध्यक्ष कर्नल जय सिंह (बीएसएम) ने बताया कि हर साल की तरह इस बार भी शाहपुर के पूर्व सैनिक एनुअल जनरल मीटिंग धूमधाम से मनाएंगे। इसका आयोजन 23 अगस्त को सात्विक पैलेस द्रमण में किया जाएगा। इसलिए सभी पूर्व सैनिकों, वीर नारियां, विधवा माता बहनों से निवेदन है कि 23 अगस्त को 9:30 बजे सात्विक पैलेस द्रमण में पहुंच जाएं।

### डाडासीबा में आज शुरू होगी भागवत कथा

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** प्राचीन मंदिर जीर्णोद्वार कमेटी डाडा सीबा के अध्यक्ष संजय कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि डाडासीबा में श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन हर साल की तरह इस वर्ष प्राचीन राधा कृष्ण मंदिर में 20 अगस्त से 26 अगस्त तक किया जा रहा है, जिसका समय दोपहर 1 बजे से 5 बजे तक रखा गया है। कथा करने के लिए कथा व्यास रजनीश शर्मा जी पधार रहे हैं। कलश यात्रा 20 अगसत सुबह 10 बजे कथा प्रवचन 1 बजे 5 तक तक उसके बाद भंडारा प्रतिदिन शाम 5 बजे से 26 अगस्त जन्माष्टमी की रात को हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी सायं 7 बजे से कृष्ण भजनों की संध्या का विशेष रंगारंग कार्यक्रम चलेगा और जन्माष्टमी की रात को लोगों के आने जाने के लिए गाड़ियों का विशेष प्रबंध प्राचीन मंदिर जीर्णोद्धार कमेटी डाडासीबा द्वारा किया जा रहा है।

---

### टैंक साफ न किए तो नगर निगम व एसजेपीएनएल का करेगा घेराव

# लोगों को गंदा पानी पिलाने पर शिमला नागरिक सभा का विरोध

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



शिमला नागरिक सभा मल्याणा इकाई, मलयाणा व सांगटी वार्ड में मलयाना, बलाई, शनान, बखराई, धोबीघाट, में लोगों को गंदा पानी पिलाया जा रहा है उसका कड़ा विरोध करती है।

ज्ञात रहे इस क्षेत्र में 500 के आ पास घर है आए दिन इस क्षेत्र में एमसी द्वारा लोगों को गंदा पानी पिलाया जा रहा है । एक तरफ लोगों को सफाई का संदेश देती एमसी वहीं दूसरी ओर बिल्कुल मात्मेला पानी पिलाया जा रहा। जिससे आंका ही नहीं बिल्कुल ये जो पानी पिलाया जा रहा है सीवरेज मिला पानी है। कई बार अधिकारियों को इस बारे में बताया गया है लेकिन कोई फर्क नहीं पड़ता। जब यहां के लोग कूड़ा, प्रॉपर्टी टैक्स, पानी है बिल का सही समय पर बिल दे रहे है तो हमारा भी हक बनता है कि हम साफ पानी पिए । मलयाना सांगती वार्ड ही नहीं जितने भी एमसी में मर्ज किए हुए क्षेत्र है वह कोई भी सुविधा लोगो को नहीं मिल पा रही हैं। ज्ञात रहे कुछ सालों पहले भी यहां इसी तरह पानी के कारण व्यापक पीलिया फैला था। कई लोगों की जाम भी गई थीं। नगर निगम के गैरजिम्मेदारी के कारण फिर से वही मंजर देखने को मिल रहा है।

शिमला नागरिक सभा चेतावनी देते हुए कहती है कि यदि इस समस्या का समाधान जल्द न किया गया तो जल्द लोगों को लामबंद कर आंदोलन किया जाएगा जब अधिकारियों से इस बारे में बात करते है तो कहते है हमारा कम नहीं। पानी हम सभी आपको नहीं देते। कंपनी देती है पानी का निजीकरण करके अपने जो लोगों की जान दाव पर रख दी है शिमला नागरिक सभा इसे बर्दाश्त नहीं करेगी।

मर्ज किए हुए लोगों से आप पैसे एकता करते है लेकिन वो पैसा नगर निगम कहा खर्च करता है इस बारे में भी आपको जवाब देना होगा। शिमला नागरिक सभा पानी से जुड़े मुद्दों पर जल्द नगर निगम के अधिकारियों से मिलेगा पर दो दिनों ने यदि पानी के टैंक सॉफ नहीं किए गए तो जल्द नगर निगम ओर एसजेपीएनएल एक का घेराव किया जाएगा जिसकी जीनेमेंवारी एमसी और एएसजेपीएनएल की होगी।

---

## आईजीएमसी हॉस्टल प्रकरण में हुई सुरक्षा में चूक : जयराम

**अनंत ज्ञान, शिमला।** नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि सरकार अपने मंत्रियों के लिए करोड़ों रुपए का ऑफिस बना सकती है। असंवैधानिक रूप से सीपीएस की नियुक्तियां करके करोड़ों उन पड़े खर्च कर सकती है लेकिन बच्चों की शिक्षा देने वाले स्कूल नहीं चला सकती है।

सरकार के द्वार स्कूल बंद करने के फैसले की वजह से आज लाहौल की बड़ी आबादी सड़कों पर हैं और सरकार से गुजारिश कर रही है कि ऐसे फैसले लेने के पहले विवेक का इस्तेमाल करे। उन्होंने कहा कि सरकार स्कूल बंद करने के अपने फ़ैसले से प्रभावित हो रहे छात्रों और उनके अभिभावकों का ख़्याल रखते हुए अपने फ़ैसले पर पुनर्विचार करें। जयराम ठाकुर ने आईजीएमसी हॉस्टल में हुए हादसे में पर कहा कि इस पूरे मामले में सुरक्षा चूक हुई है। इसमें सरकार और प्रशासन की लापरवाही है साफ़ है, सरकार को इस हादसे की जिम्मेदारी लेनी चाहिए। । सरकार इस मामले में हुई सुरक्षा की समीक्षा करे और छात्रावासों की सुरक्षा सुनिश्चित करे। जिससे इस तरह की घटना भविष्य में दुबारा न होने पाए।

---

## भद्राकाल के चलते राखी का त्योहार रहा फीका



दुकानों पर लगी राखी खरीदने वालों की लगी भीड़।

**अनंत ज्ञान, जुन्गा ( शिमला )**

भ्रदाकाल होने के चलते रक्षा बंधन का त्योहार सोमवार को क्योंथल क्षेत्र में फीका रहा ।भद्राकाल दिन में डेढ बजे तक होने से बहनों में पहली बार रक्षा बंधन के प्रति उत्साह कम देखा गया। अधिकांश कामकाजी बहनों ने सुबह ही भाई के घर जाकर राखी छोड़कर वापिस घर लौट आई। दूसरी ओर विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाएं एचआरटीसी की बसों में मुफ्त यात्रा का लाभ भी नहीं उठा सकी।

बता दें ग्रामीण क्षेत्रों में एचआरटीसी ने काफी रूट बंद कर दिए है जो रूट चले है वह बसें भी सुबह ही सात बजे निकल जाती है ।हालांकि दुकानों पर राखी खरीदने वाली महिलाओं की भीड़ देखी गई । वरिष्ठ नागरिक प्रीतम ठाकुर, दिनेश आर्य ने बताया कि उनके जीवन के अनुभवों के अनुसार रक्षा बंधन के त्योहार को कभी भी भद्रा नहीं देखी गई है। ऐसा यह पहली बार देखने को मिला है।

### आखिर क्या है भद्रा

**अनेक** ज्योतिषाचार्य एवं कर्मकांड के ज्ञाता विद्वान पंडितों का कहना कि भ्रदा भगवान सूर्यदेव की पुत्री और राजा शनिदेव की बहन है । राजा शनि की भांति भद्रा का स्वभाव कड़क माना जाता है ।

भद्राकाल के दौरान सभी शुभ कार्य वर्जित होते हैं । जबकि भ्रदाकाल में तंत्र साधना, अदालती और राजनैतिक कार्यों के लिए शुभ मानी जाती है । ऐसी मान्यता है कि रावण को उनकी बहन ने भद्राकाल में राखी थी जिससे रावण अल्पायु हो गए थे ।

---

## कोलकाता मामले पर डॉक्टरों की हड़ताल जारी, बंद रहीं ओपीडी सेवाएं

**अनंत ज्ञान, शिमला**



एमरजेंसी में इलाज करवाते हुए मरीज।

कोलकाता में प्रशिक्षु महिला चिकित्सक की दुष्कर्म के बाद हत्या मामले के विरोध में सोमवार को भी प्रदेश भर में डॉक्टरों की हड़ताल जारी है। शिमला शहर के अस्पतालों में हड़ताल के कारण ओपीडी सेवाएं बंद रहीं। इस दौरान आईजीएमसी की आपातकालीन में सेवाएं दी गईं। आईजीएमसी गेट पर डॉक्टरों ने पोस्टर व बैनर हाथ में लेकर विरोध प्रकट किया।

कुल्लू अस्पताल सहित नागरिक अस्पतालों में डॉक्टरों की हड़ताल जारी रही। अस्पताल में मरीजों को ओपीडी में सेवाएं नहीं मिलीं। ओपीडी के बाहर कुर्सियां खाली रहीं। अस्पताल में चहल पहल भी गायब रही। हड़ताल का पता लगने के बाद लोग निराश होकर वापस लौटे। हालांकि, आपातकालीन सेवाएं ट्रोमा सेंटर में जारी रही। इससे पहले डॉक्टरों ने कुल्लू अस्पताल के गेट पर हत्या के विरोध में अपना रोष जताया।

---

## बालूगंज सड़क पर भूस्खलन वाहनों की आवाजाही बंद



**अनंत ज्ञान, शिमला।** शिमला में बालूगंज व सोलन-चंडीगढ़ बाइफरकेशन के पास पहाड़ी दरकने के कारण बालूगंज सड़क वाहनों की आवाजाही के लिए बंद हो गई। इसके चलते सभी प्रकार के वाहनों की आवाजाही बाया चक्कर होकर चली। जानकारी के अनुसार बाइफरकेशन के पास बड़ी मात्रा में मलबा सड़क पर आ गया है। भूस्खलन से यातायात व्यवस्था काफी प्रभावित हुई।

शिमला पुलिस ने लोगों से अपील की है कि यातायात व्यवस्था को सुचारू चलाने के लिए सभी टूटीकंडी से चक्कर ,तवी मोड़ सड़क का इस्तेमाल करें।

---

## स्नातकोत्तर डिग्री से करवाया अवगत

**अनंत ज्ञान, शिमला**



गणमान्य को सम्मानित करते हुए।

भाषा एवं संस्कृति विभाग हिमाचल प्रदेश द्वारा श्रावणी पूर्णिमा के अवसर पर द्विदिवसीय राज्य स्तरीय सस्कृत दिवस का आयोजन नेहरू राजकीय संस्कृत महाविद्यालय फागली में किया गया। उक्त कार्यक्रम के प्रथम दिवस पर राष्ट्रपति पुरस्कार, अभिनव कालिदास, महामहोपाध्याय उपाधि से अलंकृत व हाल ही में हिमाचल गौरव पुरस्कार से विभूषित प्रो केशव शर्मा मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे।

डॉ. मस्त राम शर्मा ने विशिष्ट अतिथि के रूप में अपनी उपस्थिति दी। कार्यक्रम का मंच संचालन डॉ. अजय भारद्वाज व डॉ. मुकेश कुमार द्वारा किया गया। उप निदेशक, भाषा एवं संस्कृति विभाग कुसुम संघाईक द्वारा अतिथियों व प्रतिभागियों का स्वागत किया गया और सभी को रक्षाबंधन तथा संस्कृत दिवस की बधाइयां दी। फागली महाविद्यालय के छात्र/छात्राओं ने गोपी गीत व वाद्य यंत्र प्रस्तुति की गई।

सांस्कृतिक प्रस्तुति के उपरांत अंतर महाविद्यालयीन वैदिक मंत्रोच्चारण, श्लोकोच्चारण, भाषण व संस्कृत गीतिका प्रतियोगिता करवाई गई। इन प्रतियोगिताओं में डॉ. श्रीनाथधर द्विवेदी, डॉ. रिपन शर्मा, डॉ. ओम प्रकाश राही, मदन मोहन शर्मा, डॉ. लेख राम शर्मा व डॉ. विनोद शर्मा निर्णायक की भूमिका में उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त साहित्यिक कार्यक्रम में संस्कृत कवि सम्मेलन का आयोजन करवाया गया जिसमें प्रदेश भर से आए लगभग 30 साहित्यकारों ने अपना-2 कविता पाठ किया। इस कवि सम्मेलन में ओम प्रकाश राही, डॉ. मनोज शैल, जगत प्रसाद शास्त्री, दिलीप वशिष्ठ व लायक राम शास्त्री मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

विभाग के निदेशक डॉ. पंकज ललित ने कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों, साहित्यकारों, अन्य गणमान्यों को संबोधित करते हुए कहा कि संस्कृत भाषा को बचाने व प्रचार-प्रसार करने के लिए संस्कृत विद्वान, संस्कृत महाविद्यालय के छात्र तथा संस्कृत प्रेमियों की अग्रणी भूमिका है। उन्होंने हिप्र विश्वविद्यालय द्वारा आरंभ किए गए नए पाठ्यक्रम भगवद् गीता में स्नातकोत्तर डिग्री से भी सभी प्रतिभागियों को अवगत करवाया।

---

# झंडूता में एफडीआर तकनीक से बनाई जा रही तीन सड़कें

### विभाग ने 18 महीने में सड़कों का निर्माण पूरा करने का रखा लक्ष्य

**गोपाल कपिल, झंडूता**

बिलासपुर जिला के झंडूता विधानसभा क्षेत्र में इन दिनों आधुनिक तकनीक से लैस सड़कें बनाई जा रही हैं। एफडीआर तकनीक से इस क्षेत्र में सड़कें तैयार की जा रही हैं, जिनका कार्य शुरू हो गया है और प्रतिदिन विभागीय अधिकारी इन निर्माण कार्यों का निरीक्षण कर रहे हैं।

जानकारी के अनुसार इनमें पहली सड़क बरोहा से कोहिना लगभग 24 किलोमीटर है। दूसरी सड़क बुहाड़ से मल्होट 7 किलोमीटर है। तीसरी सड़क ढोलग सड़क 5 किलोमीटर है। इन सड़कों के निर्माण कार्य को 18 माह के भीतर तैयार करने का लक्ष्य रखा गया है। इन सड़कों के निर्माण से झंडूता विधानसभा का आधा विधानसभा क्षेत्र फोरलेन से जुड़ जाएगा। उधर, इस संदर्भ में जब झंडूता लोनिवि अधिशाषी अभियंता केके चौहान से बात की गई तो उन्होंने बताया कि यहां पर तीन सड़कें एफडीआर तकनीक बनाई जा रही है। इन सड़कों के बनने से क्षेत्र के लोगों को अधिक लाभ मिलेगा। 18 माह के भीतर इन सड़कों को तैयार करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। (अनंत ज्ञान)

#### क्या है एफडीआर तकनीक



**एफडीआर** तकनीक एक रिसाइकिलिंग पद्धति है। इसमें कच्ची सड़क को उखाड़कर सड़क में से निकलने वाले मटेरियल को प्लांट पर ले जाया जाता है, यहां पर सड़क के वेस्ट मटेरियल में केमिकल व आवश्यक सामग्री के साथ मिलाकर नया मटेरियल तैयार कर वापस से सड़क पर लगाकर डाला जाता है। इसके ऊपर पेवर मशीन से बिटुमिन कंक्रीट बिछाकर उस पर रोलर चलाया जाता है। इस तकनीक से बनी सड़क पर्यावरण मित्र, राइडिंग गुणवता, टिकाऊपन अधिक होता है।

---

## पुरानी सुविधाएं तो बंद न करे कांग्रेस: जम्वाल

**बिलासपुर।** सदर के विधायक त्रिलोक जम्वाल ने स्कूल बंद करने के फैसले को लेकर प्रदेश सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि शिक्षा मानव विकास की मूलभूत जरूरत है, लेकिन यह सरकार शिक्षा के मंदिरों पर ताला लगाकर नौनिहालों से उनका मौलिक अधिकार भी छीन रही है। 20 माह के कार्यकाल में कांग्रेस सरकार अब तक हजारों संस्थान बंद करने समेत कई अन्य जनविरोधी फैसले ले चुकी है। सत्ता पक्ष के नेता इस सरकार को सुख की सरकार कहते नहीं थकते, लेकिन यह तो एक के बाद एक दुख देने वाली सरकार साबित हो रही है। त्रिलोक जम्वाल ने कहा कि कांग्रेस ने जनहित में खोले गए संस्थानों पर तालाबंदी की शुरुआत सत्ता में आते ही कर दी थी। सबसे पहले 1100 से अधिक संस्थान डिनोटिफाई कर दिए गए। उन्होंने सरकार को सलाह दी कि वह भले ही लोगों को कोई नई सुविधा न दे, लेकिन कम से कम पुरानी सुविधाओं को बंद करना तो छोड़ दे।

---

## तालाबंदी वाली सरकार है सुक्खू सरकार : राजेंद्र गर्ग

**नीरज शर्मा, घुमारवीं**



हिमाचल प्रदेश में स्कूलों में तालाबंदी के कांग्रेस सरकार के फैसले पर भाजपा के अनुशासन समिति के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व खाद्य आपूर्ति मंत्री राजेंद्र गर्ग ने कांग्रेस की अगुवाई वाली सुखविंद्र सिंह सुक्खु सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने प्रदेश की सुखविंद्र सिंह सुक्खू सरकार को तालाबंदी वाली सरकार व जन विरोधी सरकार करार दिया। गर्ग ने सुक्खू सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार घुमारवीं के 10 स्कूलों को बंद करके यहां की जनता को बड़ा इनाम दे रही है। आने वाले वक्त में जनता सरकार को उसका जवाब देगी। कहा कि प्रदेश में कांग्रेस को सत्तासीन हुए अब 18 माह ही हुए और कांग्रेस सरकार ने एक हजार से अधिक सरकारी संस्थानों पर ताला लगाने का बड़ा कीर्तिमान स्थापित किया। उन्होंने कहा कि अब प्रदेश की कांग्रेस सरकार हिमाचल में 460 स्कूल बंद करने जा रही है। इनमें जिला बिलासपुर के घुमारवीं के 10 स्कूल शामिल हैं। उन्होंने कहा कि घुमारवीं के राजकीय प्राथमिक पाठशाला डोहरू, सौंखर, कसारू, भुंदल, लुहणू, जोल दखेतर, गुलानी, कुह-मझवाड़, भदरौण व सथली शामिल हैं।

उन्होंने कहा कि पूर्व की सरकारों ने बच्चों को घर-द्वार सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए ये स्कूल खोले गए थे, लेकिन सुक्खू सरकार ने पहले संस्थानों को बंद किया अब विद्या के मंदिरों पर ताला लगाकर नौनिहालों के साथ धोखा किया है। उन्होंने कहा कि कई स्कूलों तक बच्चों को पहुंचना मुश्किल होता था। लिहाजा, पिछली सरकारों ने भौगोलिक स्थितियों को देखते हुए जगह-जगह ये स्कूल खोले थे। लेकिन, कांग्रेस सरकार ने इन पर भी ताला लगा दिया है। उन्होंने कहा कि सरकार को इन स्कूलों में बच्चों की संख्या बढ़ाने का प्रयास करना चाहिए था, न कि इन पर ताला लगाना चाहिए। (अनंत ज्ञान)

---

## बरमाणा चौक पर दुर्घटनाओं को न्योता दे रहा सड़क में पड़ा गड्ढा



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

बरमाणा सीमेंट नगरी का हृदय स्थल कहे जाने वाले मेन चौक पर व्यस्ततम मार्ग में दिनभर आवागमन का दबाव रहता है। भीड़भाड़ के कारण यहां से गुजरना खतरे से खाली नहीं है, क्योंकि चौक से महज चंद कदम की दूरी पर एक गड्ढा है, जो कि अब बहुत बड़ा होता जा रहा है। बीडीटीएस के पूर्व चेयरमैन गंगा सिंह ठाकुर ने विभाग से अतिशीघ्र इस गड्ढे को ठीक करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि सबसे ज्यादा परेशानी दो वाहन व कार चालक को होती है। इस मार्ग के कुछ जगहों पर जर्जर व गड्ढों में तब्दील सड़क वाहन चालकों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। जहां कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। वहीं बारिश के समय उक्त जगह पर पानी का जमाव हो जाता है, जिससे गड्ढे का पता नहीं चलने के कारण बाइक चालक गिर भी जाते है। जहां कभी भी कोई भी वाहन पलट सकता है।

उन्होंने बताया कि विभाग की लापरवाही की उदासीनता के कारण उक्त गड्ढे का का काम नहीं कराना जानलेवा साबित हो सकता है। इंटक जिला उपाध्यक्ष शिव सिंह वर्मा व बीडीटीएस के पूर्व चेयरमैन गंगा सिंह ठाकुर ने कहा कि समय पर सड़क की मरम्मत न होना और सड़क पर बढ़ रही आवारा पशुओं की संख्या अधिकांश दुर्घटनाओं को कारण बनती जा रही है। अभी हाल ही बरमाणा के कैंची मोड़ पर आवारा पशुओं के झुंड के कारण एक युवक की मौत हो गई थी।

---

## सुनील ने तैयार किया ऑर्गेनिक ड्रैगन फ्रूट

**बिलासपुर।** जिले के रेटी गांव के सुनील चंदेल ने गोबर और गोमूत्र से ऑर्गेनिक ड्रैगन फ्रूट तैयार किया है। सुनील ने 400 ड्रैगन फ्रूट के पौधे लगाए हैं। खास बात यह है कि खेती के लिए प्राकृतिक विधियों का उपयोग कर रहे हैं। बाजार में इस फल की बहुत मांग है और एक फल 150 रुपये तक बिकता है। इस खेती में उन्हें ऑस्ट्रेलिया के दो वैज्ञानिकों डॉ. नरेंद्र पठानिया और एविन मैथ्यूज का मार्गदर्शन मिला। उन्होंने गोबर और गोमूत्र से पौधों को पोषित किया है। ड्रैगन फ्रूट के पौधों को विशेष रूप से तैयार की गई उर्वरा भूमि में रोपा गया है। इसमें जल निकासी और पोषण का विशेष ध्यान रखा गया। पौधों के लिए सहारा देने के लिए लकड़ी के खंभों और तारों का उपयोग किया गया है एवं सिंचाई की व्यवस्था भी की गई है। एक बार लगने के बाद ड्रैगन फ्रूट करीब 25 साल तक फल देता है। सुनील ने बताया कि ड्रैगन फ्रूट की खेती के लिए ऊना, सोलन, बिलासपुर और हमीरपुर जिलों को आदर्श माना जाता है।

---

**परंपरा** | 52 वर्षों से शहीद कमलजीत सिंह की समाधि पर बांधी जा रही राखी

## टूटी सांसों की डोर, पर नहीं टूटा रक्षा का अटूट बंधन

**अशोक ठाकुर, पठानकोट**



रक्षाबंधन का पर्व हो और बहन को भाई की याद न आए यह तो हो नहीं सकता। कच्चे धागों की डोर से बंधे भाई-बहन के प्यार और इस पावन रिश्ते से बढ़कर कोई अन्य रिश्ता दुनिया में नहीं है। बहन की मांगी हुई दुआएं मुसीबत की घड़ी में भाई की रक्षा करती हैं। इसी अटूट रिश्ते के बंधन में बंधी एक अभागी बहन जालंधर निवासी अमृतपाल कौर अपने शहीद भाई की स्मृतियां जहन में समेटे हुए भारत-पाक सीमा की जीरो लाइन पर बसे गांव सिंबल की बीएसएफ की पोस्ट पर बनी 1971 के भारत-पाक युद्ध में शहीद होने वाले अपने इकलौते भाई रेडियो ऑपरेटर नायक कमलजीत सिंह की समाधि पर पिछले 43 वर्षों से निरंतर राखी बांधती आ रही थी, मगर 8 वर्ष पहले भाई-बहन के इस अटूट बंधन का 44वां वर्ष पूरा होने से कुछ दिन पहले अमृतपाल कौर की सांसों की डोर टूट गई। वह दो महीने कैंसर से लड़ते हुए मौत के आगोश में चली गई। शहीद भाई की समाधि पर राखी बांधने की परंपरा को बरकरार रखते हुए उस साल अमृतपाल कौर की चचेरी बहन अमितपाल कौर ने शहीद कमलजीत सिंह की समाधि पर राखी बांधी थी, मगर अफसोस उसके बाद वह दोबारा इस पोस्ट पर राखी बांधने नहीं आईं।

शहीद सैनिक परिवार सुरक्षा परिषद के महासचिव कुंवर रविंद्र सिंह विक्की ने बताया कि अमृतपाल कौर के मरने से तीन दिन पहले जब वह जालंधर के एक अस्पताल में अमृतपाल कौर का हाल जानने गए तो उसने परिषद के सदस्यों से यह वचन लिया था कि उनके द्वारा अपने इभाई की समाधि पर राखी बांधने की शुरू की गई परंपरा रुकनी नहीं चाहिए, चाहे उनके परिवार का कोई भी सदस्य यहां न पहुंचे।

अमृतपाल कौर के दुनिया को अलविदा कहने के बाद शहीद सैनिक परिवार सुरक्षा परिषद के सदसय सरहदी गांव सिंबल की बेटियों को साथ लेकर शहीद नायक कमलजीत सिंह की समाधि पर राखी बांधने की रस्म को पिछले 8 वर्षों से जारी रख शहीद की बहन को दिए वचन को निभा रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

रक्षाबंधन



शिमला । रक्षाबंधन का त्योहार प्रदेशभर में हर्षोल्लास से मनाया गया। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने भाई-बहन के अटूट प्रेम, अडिग विश्वास और निस्वार्थ समर्पण के प्रतीक पावन पर्व 'रक्षाबंधन' की समस्त मातृशक्ति को हृदय से शुभकामनाएं दी। सीएम ने कहा यह पावन पर्व आपके जीवन को सुख, समृद्धि, और सौभाग्य के प्रकाश से आलोकित करे।




# रेप कांड : पश्चिम बंगाल सरकार आरोपियों के साथ : जयराम ठाकुर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि पश्चिम बंगाल की डॉक्टर बिटियां के साथ हुई बर्बता के मामले में सरकार और मेडिकल कॉलेज प्रशासन द्वारा जो भी किया गया अत्यंत शर्मनाक है। घटना के अगले क्षण से ही सरकार और अस्पताल प्रशासन पूरे प्रकरण पर पर्दा डालने और आरोपियों को बचाने में लगे रहे। अन्यथा घटना पर सबसे पहले पहुंचने वाले डॉक्टर और जिम्मेदार पुलिस अधिकारी इस मामले को आत्महत्या कैसे बता सकते हैं। जो डॉक्टर मृत्यु के सटीक कारण तक बता देते हैं, ऐसे लोगों के सामने डॉक्टर बेटी का क्षत विक्षत शव देखकर भी उसे आत्महत्या कैसे बता सकते हैं। इस मामले में सरकार से लेकर अस्पताल प्रशासन का रवैया सवालों के घेरे में है जिसका जवाब सरकार और अस्पताल प्रशासन को देना होगा।



जल्दी से जल्दी सभी अपराधी को पकड़ा जाए और उन्हें कानून की सबसे कठोर सजा स्पीडी ट्रायल के जरिए दी जाए। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि इतनी जघन्यतम घटना में सरकार आरोपी के साथ पूरी तत्परता से लगी रही और पूर्व विपक्षी गठबंधन सरकार के साथ खड़ा रहा। राहुल गांधी समेत विपक्षी गठबंधन के सभी नेताओं ने एक बार भी सीधे पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से सवाल नहीं पूछा। मामले की जांच को सीबीआई को सौंपने के समय हाईकोर्ट द्वारा की गई टिप्पणी पर भी चुप रहे। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री घटना के बाद से ही आरोपियों के साथ रही।




अनंत ज्ञान, कांगड़ा। कोलकाता में महिला प्रशिक्षु डॉक्टर के साथ हुए रेप और मर्डर के विरोध में कांगड़ा जिले के डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद मेडिकल कॉलेज टांडा में शनिवार को धरना-प्रदर्शन करते रेजिडेंट डॉक्टर एसोसिएशन के सदस्य एवं अन्य।

# नादौन की सोनिका बनी मिसेज शान-ए-कांगड़ा

**अनंत ज्ञान, नादौन**

नादौन की सोनिका ने मिसेज शान-ए-कांगड़ा का खिताब जीतकर विजेता बनी, जिससे क्षेत्र में खुशी का महौल है। सोनिका फॉरमासिस्ट हैं नादौन के गांव बंटेरा की निवासी है, उसके ससुराल अवाहदेवी में हैं। विशाल इवेंट गुरू कंपनी द्वारा आयोजित ब्यूटी पेजेंट शो मिस एंड मिसेज शान-ए-हिमाचल के सीजन-5 का आयोजन हुआ, जिसमें सोनिका सहित काफी प्रतिभागियों ने भाग लिया।

कंपनी के सीईओ एवं मैनेजिंग डायरेक्टर पंडित विशाल शर्मा ने बताया कि जिला स्तरीय फाइनल राउंड कांगड़ा में आयोजित किया गया, जिसमें 10 प्रतिभागी पहुंचे। आखिरकार सोनिका विजेता रहीं उन्होंने मिसेज शान-ए-कांगड़ा का खिताब जीता। उन्होंने बताया कि इस फिनाले में ज्यूरी हैड पूजा ठाकुर, ज्योति ठाकुर और मोनिका




रहीं जबकि ग्रूमिंग मोनिका शर्मा द्वारा की गई।

सभी कंटेस्टेंटस को रैंपवॉक एवं क्यू एंड ए सेशन के बाद स्कोर किया गया जिसमें सबसे अधिक स्कोर सोनिका ने प्राप्त करके खिताब जीत लिया है। मिसेज शान-ए-कांगड़ा की विजेता सोनिका ने बताया कि इस खिताब हासिल करने में उनके मायके व ससुराल की काफी स्पोर्ट रही।

## गगरेट में करंट लगने से शिक्षक की मौत

**ऊना ।** उपमंडल गगरेट के घनारी गांव में एक व्यक्ति की करंट लगने से मौत हो गई। बताया जा रहा है कि मृतक जब अपने दोस्त के साथ एक दुकान की छत पर बैठा था तो एक वाहन के हॉर्न की आवाज आने पर जैसे ही उठकर देखने लगा तो दुकान की छत की रेलिंग को पकड़ते ही जोरदार झटका लगते ही वह गिर गया। उस समय किसी को कुछ पता नहीं चला। गंभीर घायल को अचेत अवस्था में अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसके मृत घोषित कर दिया। मृतक का पोस्टमार्टम करवाने पर उसकी मौत का कारण इलेक्ट्रिक शॉक बताया गया। मृतक पेशे से शिक्षक था। गगरेट पुलिस द्वारा की गई प्रारंभिक पड़ताल में पता चला कि घनारी गांव के एक युवक ने देर सायं शिक्षक को फोन कर बुलाया था। गगरेट पुलिस ने अज्ञात कारणों के तहत हुई मौत का मामला दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए क्षेत्रीय अस्पताल भेज दिया। रविवार को पोस्टमार्टम के बाद प्रारंभिक तौर पर डॉक्टरों ने मौत की वजह बिजली का करंट बताया। डीएसपी डॉ. वसुधा सूद ने मामले की पुष्टि की है।

## शिमला से दिल्ली का हवाई सफर हुआ सस्ता




**पुनीत शर्मा, धर्मशाला।** एयरलाइंस एयर के मुताबिक धर्मशाला से शिमला की उड़ान सस्ती की गई है जबकि दिल्ली का किराया भी कम हुआ है। धर्मशाला से शिमला का किराया इससे पहले सीजन के हिसाब से 3400 से 5000 रहता है। ऐसे में अब किराए में भी दोगुनी से तिगुनी कटौती हुई है। बताते चले कि धर्मशाला से दिल्ली का टैक्सी भाड़ा 12,000 रुपए तथा शिमला का 6,500 के करीब है। वहीं एयरलाइंस एयर ने अपनी शिमला की उड़ान 1,714 जबकि दिल्ली की उड़ान का 2800 से 3400 रुपए रखा है। गग्गल एयरपोर्ट के निदेशक धीरेंद्र सिंह ने बताया कि धर्मशाला से शिमला तथा दिल्ली का किराया आम लोगों तक हवाई सफर को पहुंचाने के लिए किया जा रहा है।धर्मशाला समेत देश भर के लोग सस्ते तथा समय बचाने वाले हवाई सफर का लाभ उठा सकते हैं। (अनंत ज्ञान)

# अंब में बोलेरो और आई-10 की टक्कर में पंजाब के 6 श्रद्धालु घायल

**अनंत ज्ञान, ऊना**

ऊना के उप मंडल अंब के तहत बोलेरो जीप व आई-10 कार के बीच हुई टक्कर में छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए क्षेत्रीय अस्पताल ऊना में भर्ती करवाया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार, संगरूर निवासी पवित्र सिंह अपनी दादी गुरदेव कौर, पत्नी हरप्रीत कौर और बहन रणजीत कौर, गुरविंदर कौर व चचेरी बहन कमलजीत कौर के साथ बाबा बड़भाग सिंह मैड़ी में माथा टेकने आ रहा था। रविवार की रात करीब ढाई बजे जब यह लोग धुसाड़ा के पास पहुंचे तभी उनकी बोलेरो कार के सामने एक नीलगाय आ गई।

नीलगाय में टकराने के बाद उनकी गाड़ी अनियंत्रित हो गई और सामने से



आ रही आई-10 कार से टकरा गई।

टक्कर इतनी जोरदार थी कि बोलेरो सड़क के बीचों-बीच पलट गई और कार का अगला हिस्सा विपरीत दशा की तरफ घूम गया। बोलेरो के सभी शीशे चटक गए और दो पिछले और एक अगला अगला टायर भी फट गया। वहीं, आई-10 का ड्राइवर साइड का अगला टायर फट गया और एयर बैग भी खुल गया। इस दुर्घटना में बोलेरो सवार गुरदेव कौर, हरप्रीत कौर, रंजीत कौर, गुरविंद्र कौर, कमलजीत कौर और आई-10 चालक नैनादेवी निवासी कपिल देव घायल हो गए। घायलों को 108 एंबुलेंस के जरिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। पुलिस ने सूचना मिलने के बाद मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। एसएचओ अंब गौरव भारद्वाज ने मामले की पुष्टि की है।

# धर्मशाला में जुटेंगे प्रदेशभर के युवा तीन दिन तक करेंगे विचार-विमर्श

## 23 से 26 अगस्त तक होगा युवा एनजीओ का राज्य स्तरीय युवा सम्मेलन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश में युवाओं की शक्ति को संगठित कर प्रदेश, देश व समाज हित में सेवा, जागरूकता व रचनात्मक कार्यों के माध्यम से सकारात्मक दिशा में लगाने हेतु पिछले तीन वर्षों से कार्य कर रही है। विशेष तौर पर रक्तदान, श्रमदान, अंगदान जागरूकता व शपथ, पुस्तक दान, लैंगिक समानता जैसे क्षेत्रों में अपना महत्वपूर्ण योगदान संस्था दे रहे है।

पंजीकृत युवा एनजीओ के प्रदेश मीडिया संयोजक ठाकुर दीक्षित धलारिया ने बताया कि, युवा संस्था पंजीकृत एनजीओ है, जो युवाओं के सशक्तिकरण व हिमाचल में युवाओं में सेवा भाव जागृत करने का कार्य कर रही है। इसी




उद्देश्य से आगामी 23 से 26 अगस्त 2024 तक धर्मशाला में युवा एनजीओ का राज्य स्तरीय शिखर सम्मेलन 'स्वास्तिक-2024' होने जा रहा है, जिसमें प्रदेश भर से युवा जुटकर तीन दिन तक विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श करेंगे।

यह हिमाचल प्रदेश में किसी भी एनजीओ द्वारा आयोजित किया जाने वाला इस तरह का पहला राज्य स्तरीय युवा सम्मेलन है, जिसमें युवा तीन दिनों तक विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों का मार्गदर्शन प्राप्त करेंगे तथा क्लाइमेट चेंज, कैरियर संभावनाएं,नशा, पौधारोपण, मानसिक तनाव समाधान, स्वास्थ्य व स्वच्छता तथा शिक्षा तनाव प्रबंधन व सांस्कृतिक आदान-प्रदान जैसे विषयों पर विचार विमर्श कर नवीन विचारों का सृजन कर व्यक्तित्व विकास में भागीदार बनेंगे। इस सम्मेलन में भाग लेने हेतु पंजीकरण अभी जारी है इस हेतु युवा संस्था की साइट्स www.youvahngo.org पर जाकर अपना पंजीकरण करवाने सहित अधिक जानकारी व सहयोग हेतु 94596-82392 व 75900-12827 पर संपर्क कर सकते हैं।

## सदस्यता अभियान पूरे देश में होगा शुरू : बिहारी

**शिमला ।** भाजपा प्रदेश महामंत्री बिहारी लाल शर्मा ने बताया की संगठन का पर्व, सदस्यता अभियान पूरे देशभर में शुरू होने जा रहा है। इस संदर्भ में 17 अगस्त, 2024 को केंद्रीय कार्यालय नई दिल्ली में राष्ट्रीय कार्यशाला सम्पन्न हुई जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा, गृह मंत्री अमित शाह एवं राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष का विशेष मार्गदर्शन मिला।



इस कार्यशाला में अपेक्षित सभी कार्यकर्ताओं को इस अभियान से संबंधित सम्पूर्ण जानकारी दी गई। इस सदस्यता अभियान को लेकर प्रदेश कार्यशाला 22 अगस्त, 2024 को जिला कार्यालय, सुंदरनगर में प्रात: 9:30 बजे होनी निश्चित हुई है जिसमें राष्ट्रीय उपाध्यक्षा रेखा वर्मा विशेषरूप से उपस्थित रहेंगी। रेखा वर्मा सदस्यता अभियान की प्रदेश प्रभारी भी है।

# 73 .26 प्रतिशत बच्चों ने पास की 12वीं कक्षा की कंपार्टमेंट परीक्षा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा जुलाई 2024 में संचालित की गई 12वीं कक्षा के परीक्षार्थियों की अनुपूरक परीक्षा, अतिरिक्त विषय, श्रेणी सुधार, व डिप्लोमा धारक परीक्षा का परिणाम सोमवार को घोषित कर दिया गया है। संचालित की गई परीक्षा का परीक्षा परिणाम 73.26 प्रतिशत रहा।

परीक्षा में 12,874 विद्यार्थियों ने भाग लिया जिसमें से 9429 ने परीक्षा उत्तीर्ण की। 3267 की कंपार्टमेंट आई। ये जानकारी देते हुए हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के सचिव डॉक्टर विशाल शर्मा ने बताया कि संबंधित परीक्षार्थी अपना परीक्षा परिणाम बोर्ड वैबसाइट पर देख सकते है व बोई मुख्यालय में कार्य दिवस के दौरान परीक्षा परिणाम की जानकारी दूरभाष नंबर 01892-242139 (मंडी, लाहौल स्पीति), 242140 (कांगडा), 242141 (शिमला, किनौर, हमीरपुर), 242142 (चंबा, बिलासपुर, कुल्लु), 242150 (ऊना, सोलन,

**परीक्षा में 12,874 विद्यार्थियों ने भाग लिया जिसमें से 9429 विद्यार्थियों ने परीक्षा उत्तीर्ण की**

सिरमौर) पर सुबह 10 बजे से सांय 5 बजे तक भी प्राप्त कर सकते हैं।

सचिव ने बताया कि उक्त परीक्षा की उत्तरपुस्तिकाओं का पुनर्मूल्यांकन, पुनर्निरीक्षण करवाने के इच्छुक परीक्षार्थी सम्बन्धित पाठशाला के माध्यम से केवल ऑनलाईन प्रणाली द्वारा बोर्ड की वैवसाइट पर पुनर्मूल्यांकन हेतु 500 रुपए व पुनर्निरीक्षण हेतु 400 रुपए प्रति विषय की दर से दिनांक 3 सितंबर तक आवेदन कर सकते हैं। केवल पुनर्मूल्यांकन हेतु आवेदन करने के लिए संबंधित विषय में कम से कम 20 प्रतिशत अंक होना अनिवार्य है। आवेदन पत्र केवल

ऑनलाइन प्रणाली के माध्यम से ही मान्य होंगे तथा बिना शुल्क के आवेदन पत्र मान्य नहीं होंगे।

## अर्की के फायर आफिसर राष्ट्रपति अवार्ड के लिए नामित

**अनंत ज्ञान, सोलन ।** हिमाचल प्रदेश के सोलन जनपद के अर्की उपमंडल की ग्राम पंचायत देवरा के जखौली गांव निवासी और वर्तमान में शिमला के मॉल रोड स्थित फायर स्टेशन में फायर ऑफिसर के पद पर कार्यरत मनसा राम को राष्ट्रपति अवार्ड के लिए नामित किया गया है। अपने 27 वर्षों के करियर में मनसा राम ने अग्निशमन विभाग में अपनी सेवाओं के दौरान साहस और निष्ठा का परिचय दिया है।



16 जुलाई 1997 को फायरमैन के रूप में शिमला के मॉल रोड फायर स्टेशन में शामिल हुए मनसा राम ने 25 मई 2014 तक यहां अपनी सेवाएं दीं।

इसके बाद उन्होंने 26 मई 2014 से 15 मार्च 2019 तक बद्दी में लीडिंग फायरमैन के रूप में कार्य किया। मनसा राम 16 मार्च 2019 से 8 सितंबर 2022 तक रिकांगपिओ के फायर स्टेशन में सब फायर ऑफिसर के रूप में कार्यभार संभाला।

## एरियर व डीए न मिलने से गुस्से में कर्मचारी
# वन विभाग के कर्मचारियों में रोष

**अनंत ज्ञान, शिमला**

हिमाचल में एरियार व डीए न मिलने से अब कर्मचारी नाराज हो गए है। प्रदेश में कर्मचारियों का एरियर और डीए लंबित पड़ा है। 15 अगस्त को सीएम द्वारा लंबित वित्तीय देनदारियों को लेकर कोई बड़ा ऐलान न होने से कर्मचारियों ने अब सरकार के खिलाफ आवाज मुखर करना शुरू कर दी है।



जानकारी देते हुए कर्मचारी।

वन विभाग कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष प्रकाश बादल सचिवालय सेवाएं कर्मचारी महासंघ ने 21 अगस्त से सरकार के खिलाफ मोर्चा खोलने का ऐलान किया है, जिसका वन विभाग कर्मचारी महासंघ ने भी समर्थन का ऐलान किया है। इसके साथ ही साझा मंच बनाकर सरकार के खिलाफ लड़ाई लड़ने की बात भी कही है। शिमला में पत्रकार वार्ता के दौरान वन विभाग कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष प्रकाश बादल ने कहा कि सरकार कर्मचारियों को बताएं कि क्यों उनको डीए और एरियर नहीं दिया जा रहा है।

सरकार श्वेत पत्र जारी कर पैसे का हिसाब बताएं। कर्मचारियों के नाम पर सरकार कर्ज ले रही है, लेकिन कर्मचारियों के लंबित वित्तीय देनदारियों का भुगतान नहीं हो रहा है। मुख्यमंत्री सुक्खू मिलने तक का समय नहीं दे रहे हैं, ऐसे में कर्मचारी अपनी समस्याएं कहां रखेंगे। मजबूरन कर्मचारियों को आंदोलन की राह अपनानी पड़ेगी।

वहीं सरकार फील्ड स्टाफ को दफ्तर से हटाकर फील्ड में भेजे है। इसके चलते कुछ फॉरेस्ट गार्ड को दो से तीन-तीन बीट पर लगा दिया गया है, जिससे वे मानसिक तनाव झेल रहे हैं। सरकार खाली पड़े पदों को भरने का काम करें और कर्मचारियों को आंदोलन के लिए मजबूर न करें।

**असमंजस**

## 21 पोस्टकोड के रिजल्ट को अभी लग सकते हैं तीन से चार महीने

# राज्य चयन आयोग का कब बदलेगा 'निजाम'

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

स्टाफ की अच्छी खासी कमी की वजह से बैकलॉग के पेंडिंग 21 अलग-अलग श्रेणियों के रिजल्ट्स को शीघ्र घोषित कर पाना राज्य चयन आयोग के गले की फांस बन गया है। उधर, विजिलेंस ने भी पोस्टकोड 903 और 939 के रिजल्ट को डिक्लेअर करने के लिए राज्य चयन आयोग को सहमति भेज दी है, जबकि जेओए पोस्टकोड 817 के घोषित रिजल्ट के बाद आयोग ने उन तमाम विभागों, जिनमें पास आउट अभ्यर्थियों की पोस्टिंग होनी है, उन्हें 21 अगस्त को आयोग के मुख्यालय में बुलाया है, ताकि ओरिजिनल रिकार्ड सहित सारी प्रक्रिया को एक साथ, एक ही दिन में मुकम्मल किया जा सके।

काबिले गौर है कि जोओए के पोस्टकार्ड 817 के रिजल्ट को लंबी इंतजार के बाद पिछले सप्ताह ही



आयोग ने घोषित किया था। अब इनकी तैनाती को लेकर प्रोसैस 21 तारीख के बाद शुरू हो जाएगा।

तमाम विभागों को आयोग ओरिजिनल रिकार्ड सहित रिकमेंडेशन लेटर सौंपेगा। उम्मीद यही है कि अगले दो सप्ताह के भीतर यह सारा प्रोसेस मुकम्मल हो जाएगा और पोस्ट कोड 817 के पास आउट अभ्यर्थियों को इसी महीने के अंत तक नौकरी मिल जाएगी। उधर सरकार ने जिन 21 पोस्ट कोड के रिजल्ट को घोषित करने के लिए आयोग को हरी झंडी दे रखी है। उसके रिजल्ट को तैयार करने में अभी वक्त लगेगा माना जा रहा है कि तीन से चार महीने अभी और लगा सकते हैं क्योंकि इसमें आधा प्रक्रिया अभी अधर में ही लटका हुआ है। तकरीबन 10 पोस्ट कोड ऐसे हैं, जिनका प्रोसैस अभी एक्सपर्ट पैनल बनाने और फाइनल आंसर की अपलोड करने का काम भी बाकी है। इसके अलावा इतने ही पोस्ट कोड का रिजल्ट अभी ओएमआर स्कैनिंग की पेंडेंसी में भी फंसा हुआ है।

आयोग का निजाम बदलेगा कब इसी को लेकर चर्चा हो रही है। सरकार ने प्रक्रिया शुरू करने का दम तो भर लिया है, लेकिन स्टाफ के बगैर प्रोसेस तेजी से पूरा कैसे होगा क्योंकि अभी 15 लोग यहां मौजूद हैं जिनमें चार पियूंन या चौकीदार हैं।

बाकी 10 लोगों में दो कर्मचारी विजिलेंस को रिकार्ड देने के लिए ही व्यस्त रहते हैं और दो आयोग के कोर्ट केसिज को देखते हैं। इसलिए मुश्किल से 6 या 7 लोग ही पूरी प्रक्रिया को शेष बचते हैं। (अनंत ज्ञान)

**पहली बार ऐसा हो रहा**

अभी तक आयोग जिस-जिस विभाग की रिकमेंडेशन के आधार पर एग्जाम कंडक्ट करवाता आया है उसका फाइनल रिजल्ट डाक से भेजता रहा है। इस बार ऐसा इसलिए नहीं किया जा रहा क्योंकि यह रिजल्ट काफी महत्वपूर्ण है। इसमें सीनियरिटी भी सर्विस ज्वाइन करने के हिसाब से तैयार होगी। यदि किसी भी विभाग में जॉइनिंग नहीं होगी तो फिर वेटिंग लिस्ट से भी अगले नाम जाएंगे और इस प्रक्रिया में कई पीछे जाएंगे, सीनियरिटी में ऊंच-नीच हो जाएगी। इसी से बचने के लिए आयोग ने 73 विभागों को हमीरपुर बुलाया है।

# विधिक माप विज्ञान विभाग करेगा खेलों के वजन यंत्रों के सत्यापन की जांच

**शुभम राही, बिलासपुर**

अनंत ज्ञान स्पैशल

हिमाचल प्रदेश में अब खेल विभाग द्वारा प्रयोग में लाए जाने वाले वजन यंत्रों के सत्यापन की जांच विधिक माप विज्ञान विभाग करेगा। मानवीय व इलेक्ट्रॉनिक यंत्रों के सत्यापन के लिए खेलों में प्रयोग में लाए जाने वाले वजन यंत्रों को अब विभाग सत्यापित करेगा।



विभाग की अंतिम मुहर के बाद ही इन यंत्रों को प्रयोग में लाया जाएगा या फिर यह भी कहा जा सकता है कि खेल विभाग को इन यंत्रों की प्रथम प्राथमिकता के साथ विभाग को जांच करवानी होगी। इस संदर्भ में केंद्र सरकार की ओर से यह आदेश जारी हुए हैं और इन आदेशों की पालना करते हुए विभाग ने यह कवायद भी आरंभ कर दी है। बिलासपुर जिला की बात करें तो यहां पर विधिक माप विज्ञान विभाग खेल विभाग बिलासपुर को इस संदर्भ में बतौर पत्र भी जारी करने जा रहा है। इस पत्र के माध्यम से खेल अधिकारी को अवगत करवाया जाएगा और बिलासपुर जिला में खेलों में वजन के जो-जो भी यंत्र हैं, जिनकी प्रथम जांच विधिक माप विज्ञान विभाग द्वारा की जाएगी। उसके बाद ही यह प्रयोग में लाए जा सकते हैं।

गौरतलब है कि कई बार वजन व अन्य आधुनिक तकनीक से लैस वजन यंत्रों पर कई सवालिया निशान खड़े किए जा चुके हैं। अभी हाल ही में ओलंपिक गेम्स में भी वजन को लेकर कुछ विवाद मामले सामने आए हैं, जिसको लेकर खिलाड़ियों ने कई सवालिया निशान खड़े किए। ऐसे में इन सभी की जांच करने के लिए केंद्र सरकार की ओर से विधिक माप विज्ञान को इसकी सबसे बड़ी जिम्मेदारी दी है। (अनंत ज्ञान)



"खेल विभाग बिलासपुर को पत्र लिखा जाएगा, जिसमें उनके विभाग में जितने भी वजन से संबंधित यंत्र है, उनकी जांच विभाग द्वारा की जाने की बात अवगत करवाई जाएगी। विभाग की ओर से वजन संबंधित यंत्रों को प्रथम प्राथमिकता के आधार पर जांचा जाता है।-प्रवीण सिउटा सहायक नियंत्रक, विधिक माप विज्ञान विभाग बिलासपुर।

अत्र शूरा महेष्वासा भीमार्जुनसमा युधि। युयुधानो विराटश्च द्रुपदश्च महारथः॥ धृष्टकेतुश्चेकितानः काशिराजश्च वीर्यवान्। पुरुजित्कुन्तिभोजश्च शैब्यश्च नरपुङ्गवः॥ युधामन्युश्च विक्रान्त उत्तमौजाश्च वीर्यवान्। सौभद्रो द्रौपदेयाश्च सर्व एव महारथाः॥

इस सेना में बड़े-बड़े धनुषों वाले तथा युद्ध में भीम और अर्जुन के समान शूरवीर सात्यकि और विराट तथा महारथी राजा द्रुपद, धृष्टकेतु और चेकितान तथा बलवान काशिराज, पुरुजित, कुन्तिभोज और मनुष्यों में श्रेष्ठ शैब्य, पराक्रमी युधामन्यु तथा बलवान उत्तमौजा, सुभद्रापुत्र अभिमन्यु एवं द्रौपदी के पांचों पुत्र-ये सभी महारथी हैं॥

अनंत ज्ञान
www.anantgyaan.in
कांगड़ा | मंगलवार, 20 अगस्त 2024

# मेहंदीपुर बालाजी मंदिर में कदम रखते ही भाग जाती हैं बुरी आत्माएं

## मंदिर से न ले जाएं प्रसाद वरना हनुमान जी हो जाएंगे नाराज



**राजस्थान** के दौसा जिले के सिकराय में स्थित बजरंगबली को समर्पित मंदिर मेहंदीपुर बालाजी के नाम से जाना जाता है। इस विश्व प्रसिद्ध मंदिर में दूर-दूर से श्रद्धालु दर्शन करने के लिए पहुंचते हैं। यह श्री मेहंदीपुर बालाजी के नाम से प्रसिद्ध सिद्ध और चमत्कारिक तीर्थस्थल है। माना जाता है कि इस मंदिर में आकर श्री बालाजी महाराज के दर्शन मात्र से विभिन्न मानसिक विकार, शारीरिक विकार, एवं सभी प्रकार के कष्ट स्वयं ठीक हो जाते हैं, जिसके परिणामस्वरूप, पूरे साल ही दुनिया भर से भक्त व श्रद्धालु बहुत बड़ी संख्या में यहां आते रहते हैं। मान्यता है कि मंदिर में मेहंदीपुर बालाजी जी के दर्शन करने से साधक की मनचाही मनोकामनाएं पूरी होती हैं। यहां प्रसाद अर्पित करने के बाद उसे खाने के अलावा घर लाने की भी मनाही है। ऐसा माना जाता है कि अगर मंदिर का प्रसाद का सेवन करने या घर लाने से नकारात्मक शक्ति यां उस इंसान पर हावी हो जाती हैं। मेहंदीपुर बालाजी जी मंदिर में पूजा और दर्शन करने से भूत-प्रेत आदि बाधाओं से मुक्ति मिलती है। इस मंदिर से खाने-पीने की चीज और प्रसाद को घर नहीं लाना चाहिए। इससे इंसान पर ऊपरी साया आ जाता है। अगर आप इस मंदिर के दर्शन करने के लिए जा रहे हैं, तो पहले यहां से जुड़ी उन जरूरी बातों के बारे में जान लें, जिनके करने से भगवान नराज हो सकते हैं।

### प्याज, लहसुन और नॉन वेज खाने से बचें

**हिंदू** धर्म के अनुसार, प्याज, लहसुन और नॉन वेज खाना तामसिक भोजन की श्रेणी में आते हैं। ऐसा माना जाता है कि यह राक्षसों द्वारा खाए जाने वाले भोजन की कैटेगरी है। भगवान हनुमान या बालाजी ने इन चीजों को कभी नहीं खाया। और वो चाहते थे कि मंदिर में आने वाला कोई भी व्यक्ति उन्हें खाने से परहेज करें। इसलिए, अगर आप मेहंदीपुर बालाजी मंदिर जाने की योजना बना रहे हैं, तो इस जगह पर जाने से कम से कम एक हफ्ते पहले इन चीजों को खाने से बचने की कोशिश करें। साथ ही कम से कम ग्यारह दिन घर जाने के बाद इन्हें न खाएं।

### बालाजी की बायीं छाती में है छिद्र

**मेहंदीपुर** बालाजी की बायीं छाती में एक छोटा सा छिद्र है। इससे निरंतर जल बहता रहता है। ऐसी मान्यता है कि यह बालाजी का पसीन है। इस मंदिर में तीन देवता विराजते हैं एक तो स्वयं बालाजी, दूसरे प्रेतराज और तीसरे भैरों जिन्हें कप्तान कहा जाता है।

### जल के छीटें से मिलती है प्रेत साया से मुक्ति



**बालाजी** जाएं तो सुबह और शाम की आरती में शामिल होकर आरती के छीटें लेने चाहिए। यह रोग मुक्ति एवं ऊपरी चक्क र से रक्षा करने वाला होता है।

### घर लौटती बार पीछे मुड़कर देखने से बचें

**जब** आप घर जा रहे हों तो पीछे मुड़कर देखने से बचें। यहां आरती करते समय पीछे मुड़कर न देखें। ऐसा माना जाता है कि पीछे मुड़ने से आत्मा आपके पीछे-पीछे चल देती है। अगर आप यहां के पुजारियों से पूछेंगे, तो वो भी यही बात आपको बताएंगे।

### मान्यता

ये है नींबू और सफेद सुतली। मान्यता है कि यहां नींबू कटवाने से भूत-प्रेत का साया कट जाता है







### मेहंदीपुर बालाजी का इतिहास

**भारत** के सबसे प्रसिद्ध मंदिरों में से एक, इसका एक समृद्ध और आकर्षक इतिहास है। इस मंदिर के तीनों देवता (हनुमान, राम और सीता) लगभग 1000 वर्ष पुराने हैं। मान्यता के अनुसार, भगवान हनुमान की मूर्ति अरावली की पहाड़ियों के बीच स्वयं प्रकट हुई थी। पहले मंदिर का क्षेत्र घना जंगल था जहां श्री महंत जी के पूर्वज बालाजी की पूजा करने लगे थे। कथा के अनुसार, श्री महंत जी के सपने में तीनों देवता आए और उन्हें एक आवाज सुनाई दी, जिसमें उन्हें मंदिर बनवाने की बात कही गई थी। अचानक सपने में हनुमान के प्रकट होने पर और मंदिर बनवाने के बाद वे यहां भक्त भगवान हनुमान की पूजा करने लगे।

### बाल रूप में स्वयं प्रकट हुए थे हनुमान

**श्री** मेहंदीपुर बालाजी धाम में बालाजी महाराज, भैरव और प्रेतराज सरकार के साथ साक्षात बाल रूप श्री मारुति नंदन विराजमान हैं। श्री मेहंदीपुर बालाजी मंदिर न केवल एक धार्मिक स्थल है, बल्कि समाज सेवा का एक केंद्र भी है। यहां शिक्षा, चिकित्सा, स्वास्थ्य, सामाजिक, सांस्कृतिक, पर्यावरण, तकनीकी आदि क्षेत्रों में कई सेवा कार्य व सहायता कार्य म चलाए जा रहे हैं। साथ ही गरीब कल्याण, महिला एवं बाल विकास और कुपोषित बच्चों के लिए भी कई कार्य किए जा रहे हैं और इस प्रकार के कार्यों को सहायता भी प्रदान की जा रही है।

### देवताओं के पद तथा उनका भोग

**बालाजी महाराज-** बालाजी महाराज मेंहदीपुर के राजा और भगवान शिव के अवतार हैं। इनके समक्ष ही बुरी आत्माओं की पेशी लगती है। बालाजी महाराज को बेसन के लड्डुओं का भोग विशेष रूप से प्रिय है और इसलिए भक्त इन्हें यही भोग लगाते हैं।

**भैरव कोतवाल-** भैरव बाबा बालाजी महाराज की सेना के सेनापति और भगवान शिव के ही अवतार हैं। इसी कारण इन्हें कोतवाल कप्तान भी कहा जाता है। इन्हें उड़द की दाल से बनी चीजों का भोग प्रिय है। खास कर उड़द की दाल से बने दही भल्ले और मिठाइयों में इन्हें जलेबी और गुलगुले का भोग विशेष प्रिय है।

**प्रेतराज सरकार-** प्रेतराज सरकार बालाजी महाराज के दरबार के दंडनायक हैं। ये ही बुरी आत्माओं को दंड देने का अधिकार रखते हैं। इन्हें पके हुए चावलों और खीर का भोग लगता है।

### आवागमन के साधन

राजस्थान राज्य के दो जिलों (करौली व दौसा) में विभक्त घाटा मेंहदीपुर स्थान दिल्ली-जयपुर-अजमेर-अहमदाबाद लाइन पर स्थित बांदीकुई जंक्शन रेलवे स्टेशन से 30 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है जो कि मेहंदीपुर बालाजी से सबसे नजदीकी रेल्वे स्टेशन है। बांदीकुई जंक्शन से मेहंदीपुर बालाजी धाम के लिए 24 घंटे बस, जीप, टैक्सी आदि की सुविधा उपलब्ध है। आगरा, मथुरा, वृंदावन, अलीगढ़ आदि से सीधी बसें जो जयपुर जाती हैं वे सभी मेहंदीपुर बालाजी के मोड़ पर रुकती हैं।

# यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत....

द्वापर युग में भाद्रपद कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को रोहिणी नक्षत्र में मथुरा राज्य के एक कारागार में वसुदेव की प ी देवकी के गर्भ से भगवान श्रीकृष्ण का जन्म हुआ। उस समय राजा उग्रसेन के पुत्र कंस ने पिता को कारागार में डालकर राज्य पर अधिकार कर लिया था। कंस की एक छोटी बहन देवकी थी, जिसका विवाह यदुवंशी वसुदेव से हुआ, जब विवाह संपन्न हुआ और कंस अपनी बहन को ससुराल पहुंचाने के लिए चला, तो आकाशवाणी हुई कि देवकी के गर्भ से आठवां बालक तेरा वध करेगा। यह सुनकर कंस वसुदेव को मारने लगा, लेकिन देवकी ने उससे कहा कि मेरे गर्भ से जो संतान होगी उसे मैं तुम्हे सौंप दूंगी। कंस ने देवकी की बात मान ली और वसुदेव और देवकी को कारागार में डाल दिया। वसुदेव देवकी के एक-एक करके सात पुत्र हुए और सातों को जन्म लेते ही कंस ने मार डाला। जब भगवान श्रीकृष्ण का जन्म का समय आया तो यशोदा के गर्भ से भी एक कन्या का जन्म हुआ। भगवान की माया से प्रभावित होकर वसुदेव ने श्रीकृष्ण भगवान का जन्म होते ही उन्हें सूप में डालकर यमुना पार कर नंद गांव पहुंचा दिया और वहां से उस कन्या को लाकर कारागार में रख दिया। सुबह कंस को जैसे ही पता चला कि देवकी के आठवीं संतान हुई है, तो उसने उस कन्या को मारने का प्रयास किया, लेकिन वह हाथ से छूट कर आकाश से कंस को चेतावनी देते हुए कहने लगी कि हे मूर्ख तुझे जन्म लेने वाला कहीं और पैदा हो चुका है। ऐसा कहते ही वह अंतर्ध्यान हो गई।



**श्रीकृष्ण जन्माष्टमी विशेष**










### नंदगांव में भगवान श्रीकृष्ण की लीलाएं


***तत्पश्चात*** *नंदगांव में भगवान श्री कृष्ण की लीलाएं आरंभ हो गईं। श्रीकृष्ण कभी गोपियों के घर माखन चुराते तो कभी उनकी मटकियां फोड़ डालते। इस दौरान कंस को संदेह हुआ कि श्रीकृष्ण गोकुल के नंदगांव में है, तो उसने बारी-बारी से कई असुरों, राक्षसों और तांत्रिकों को मारने के लिए भेजा, लेकिन श्रीकृष्ण से कई लीलाएं करके उन्हें खेल खेल में ही मार डाला। एक समय कंस ने पूतना को नंदगांव भेजा। उसने सुंदरी स्त्री का रूप धारण करके श्रीकृष्ण भगवान को विषपान करवाया तो श्रीकृष्ण ने उसे इस प्रकार से पकड़ा कि उसकी मृत्यु हो गई। श्रीकृष्ण ने एक समय गेंद खेलते हुए यमुना में उतर कर कालिया नाग का मर्दन कर डाला और उसके फनों ऊपर नृत्य करके सबको चौंका दिया। कालिया नाग यमुना को छोड़कर के चला गया। श्रीकृष्ण ग्वालों के साथ प्रतिदिन गायों को चराते हुए मंत्रमुग्ध करने वाली बंसी बजाते।*



### गोवर्धन पर्वत उठाकर की गोकुलवासियों की रक्षा

**गोकुल** में जब वर्षा नहीं हुई तो श्रीकृष्ण ने गोवर्धन पर्वत की पूजा करवाई, जिससे इंद्र क्रुद्ध हो गया और गोकुल को डुबोने के लिए जल बरसाना आरंभ किया। इस पर श्रीकृष्ण ले गोवर्धन पर्वत को कनिष्ठिका पर उठाकर सभी गोकुलवासियों की रक्षा की। देवराज इंद्र सात दिन तक लगातार जल बरसाते रहे, लेकिन गोवर्धन पर्वत को आंच भी नहीं आई। अंततः सब जल समाप्त होने पर देवराज इंद्र श्रीकृष्ण की शरण में पहुंचे और क्षमा याचना की। श्रीकृष्ण ने उन्हें क्षमा करते हुए निष्पक्ष कर्तव्य पालन का आदेश दिया। श्रीकृष्ण लीला के दौरान जब श्रीकृष्ण गोपियों के साथ रास रचाने लगे तो भगवान शिव ने गोपी का रूप धर कर रास के प्रेम का परमानंद लिया। तत्पश्चात भगवान शिव गोपेश्वर महादेव के रूप वृंदावन में पूजे जाने लगे।





### कंस के दरबार में ही किया उसका वध

**दूसरी** तरफ कंस का अत्याचार इतना बढ़ गया कि हर तरफ त्राही-त्राही हो गई। कुछ समय पश्चात कंस ने दरबार में एक समारोह रखा, जिसमें श्रीकृष्ण को भी बुलाया गया। वहां श्रीकृष्ण ने बड़े-बड़े पहलवानों से युद्ध कर उन्हें मृत्युदंड दिया। अंततः कंस को भी मार डाला और साधु संतों, ऋषि मुनियों को भय मुक्त किया। भगवान श्रीकृष्ण कुछ समय पश्चात मथुरा में राज्य करने लगे, इस बीच जरासंध ने 17 बार मथुरा पर आक्रमण किया। एक बार यमन के म्लेच्छ राजा कालयवन ने भी मथुरा पर आक्रमण किया, लेकिन उसे भी मृत्यु प्राप्त हुई। इस पर श्रीकृष्ण ने मथुरा वासियों की परेशानियों को देखते हुए उन्हें योग माया से द्वारका नगरी बसाई और वहीं रातों रात सभी पहुंचा दिया। अब श्रीकृष्ण वहीं राज्य करने लगे।

### अपने आंसुओं से धोए सुदामा के पांव

**एक** दिन श्रीकृष्ण के प्रिय मित्र सुदामा फटे-पुराने कपड़े पहन कर वहां पहुंचे, तो द्वारपालों ने उन्हें भगा दिया। भगवान श्रीकृष्ण को इस बात की जानकारी मिली तो वह नंगे पांव ही अपने मित्र को ढूंढने के लिए निकल पड़े और अंततः राजमहल में लाए, जहां सुदामा के पांव श्रीकृष्ण के अश्रुओं से धुल गए। अच्छी तरह आदर सत्कार कर उन्हें विदा किया, जब सुदामा अपने घर पहुंचे तो वहां टूटी-फूटी झोपड़ी की जगह बड़े-बड़े महल बन चुके थे।

**द्रौपदी की बचाई लाजः** वहीं, दूसरी तरफ कौरव और पांडवों के बीच कटुता बढ़ती ही जा रही थी। नित्य नए षड्यंत्र कौरवों द्वारा पांडवों के खिलाफ रचे जा रहे थे। एक समय जुआ खेलते खेलते दुर्योधन ने द्रौपदी का बहुत अपमान किया और दुशासन को राजसभा में द्रौपदी को निर्वस्त्र करने का आदेश दिया, लेकिन द्रौपदी ने भगवान श्रीकृष्ण को पुकारा और श्रीकृष्ण ने द्रौपदी की लाज बचाई। तत्पश्चात कौरव पांडव युद्ध की दहलीज पर खड़े हो गए। कौरवों ने पांडवों का राज्य भी छीन लिया। भगवान श्रीकृष्ण संधि प्रस्ताव लेकर के कौरवों के पास पहुंचे, लेकिन दुर्योधन ने अहंकारवश भगवान श्रीकृष्ण को बंदी बनाने का आदेश दे दिया। इसी बीच युद्ध की घोषणा हो गई।





### अर्जुन को दिया गीता उपदेश

**युद्ध** से पूर्व भगवान श्रीकृष्ण ने देखा कि अर्जुन युद्ध करने से कतराने लगे हैं, तो उन्होंने अर्जुन को 18 अध्याय में 700 श्लोक में श्रीमद्भागवत गीता का उपदेश दिया। उपदेश पाकर अर्जुन का मोह भंग हुआ और धनुष वाण उठा कर युद्ध का उद्घोष किया। इसी बीच महाभारत का महा भीषण युद्ध आरंभ हुआ और कौरव पांडवों में भीषण संहार शुरू हुआ, जिसमें पूरा विश्व धर्म अधर्म के बीच हो रहे युद्ध में कूद पड़ा। युद्ध में पांडवों की विजय हुई और अंततः कौरवों की हार हुई। धर्म की स्थापना के साथ ही श्रीकृष्ण ने मानव के कल्याण के लिए सब वेदों का सार श्रीमद्भागवत गीता प्रदान की।

*प्रस्तुतिः अनिल शर्मा, नौबाही ( मंडी )।*

## न्यूज ब्रीफ

### समीरपुर में रक्षाबंधन का पर्व धूमधाम से मनाया



**अनंत ज्ञान, टौणी देवी।** समीरपुर में रक्षाबंधन का पर्व इस बार भी हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री प्रो. प्रेम कुमार धूमल ने अपनी बहन कमला देवी से राखी बंधवाकर रक्षाबंधन की परंपरा का निर्वहन किया।प्रो. धूमल ने इस अवसर पर कहा कि रक्षाबंधन का पर्व भाई-बहन के अटूट प्रेम और विश्वास का प्रतीक है। प्रो. धूमल के अनुसार, यह पर्व हमें पारिवारिक संबंधों की अहमियत और आपसी स्नेह को और मजबूत करने का अवसर प्रदान करता है। इसी क्रम में, शीला धूमल ने भी अपने भाई प्रभात सिंह को राखी बांधकर उनकी दीर्घायु सुख और समृद्धि की कामना की।

### डाईट में शुरू हुए डीएलएड कोर्स के दाखिले

**अनंत ज्ञान, नादौन।** करौर में स्थित जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाईट) में डीएलएड के वर्ष 2024-26 बैच की प्रवेश प्रक्रिया आरंभ कर दी गई है। डाईट के प्रधानाचार्य एवं समग्र शिक्षा के जिला कार्यक्रम अधिकारी मदन बन्याल ने बताया कि चयनित अभ्यर्थी प्रवेश के लिए अपने साथ सभी आवश्यक दस्तावेज लाएं। प्रधानाचार्य ने बताया कि प्रवेश के समय अभ्यर्थी के पास सेलेक्शन लैटर, मेडिकल फिटनेस सर्टिफिकेट, चरित्र प्रमाण पत्र, शिक्षा से संबंधित सभी प्रमाण पत्र, हिमाचल के स्थायी निवासी होने का प्रमाण पत्र, जन्मतिथि प्रमाण पत्र, यदि एक्स सर्विसमैन हो या एक्स सर्विसमैन के पुत्र-पुत्री हों तो उसका प्रमाण पत्र, आरक्षित वर्ग के लिए जाति संबंधी प्रमाण पत्र, ओबीसी उम्मीदवार का आय प्रमाण पत्र और ईडब्ल्यूएस कैटेगरी का प्रमाण पत्र जैसे सभी आवश्यक दस्तावेज होने चाहिएं।

### टौणी देवी में रक्षाबंधन का पर्व धूमधाम से मनाया



**अनंत ज्ञान, टौणी देवी।** रक्षाबंधन, जो नारी सम्मान एवं सुरक्षा का प्रतीक है, हिंदू धर्म का एक प्रमुख सांस्कृतिक, सामाजिक और पारिवारिक पर्व है, जिसे सदियों से बेहद शालीन और सात्विक तौर पर मनाया जाता है। यह पर्व प्रतिवर्ष श्रावण मास की पूर्णिमा के दिन मनाया जाता है और आपसी संबंधों की एकबद्धता, प्रेम एवं एकसूत्रता का सांस्कृतिक उपक्रम है। इसी संदेश के साथ राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला टौणी देवी में रक्षाबंधन का पर्व बड़े हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर एक नयी परंपरा को जन्म देते हुए, स्काउट्स और गाइड्स ने अपने हाथों से बनाई गई सुंदर राखियां अपने अध्यापकों एवं अपने सहपाठियों को भेंट कीं। कार्यक्रम के दौरान प्रधानाचार्य रजनीश रांगड़ा ने बच्चों के इस कौशलपूर्ण प्रयास की सराहना की और स्काउट्स और गाइड्स को मार्गदर्शन देने वाली गाइड कैप्टन कुसुम लता और स्काउट मास्टर सतीश कुमार की भी प्रशंसा की। इस पर्व को बच्चों ने बड़े उत्साह के साथ मनाया। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य ने सभी स्काउट्स और गाइड्स को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रोत्साहित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर सभी को मिठाई भी वितरित की गई। इस मौके पर सुरेश, राजेश, संजीव, कृष्ण, पवन, संजय, हेमलाल, बलबीर, रवि दत्त, अदिति, नेहा सहित सभी अध्यापक उपस्थित रहे।

### गर्भवती महिलाओं को बांधे रक्षा सूत्र



**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** रक्षाबंधन के पर्व के उपलक्ष्य पर बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय सुजानपुर और टौणी देवी के अंतर्गत आने वाले आंगनबाड़ी केंद्रों में एक विशेष पहल की गई। इन केंद्रों की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने अपने-अपने क्षेत्रों की गर्भवती और धात्री महिलाओं तथा किशोरियों को रक्षा सूत्र बांधे। इस दौरान धात्री महिलाओं, उनके शिशुओं, गर्भवती महिलाओं और उनके होने वाले शिशुओं तथा किशोरियों की बेहतर स्वास्थ्य देखभाल एवं सर्वांगीण विकास सुनिश्चित करने का भी संकल्प लिया गया। इसके अलावा बालिकाओं एवं किशोरियों के समुचित विकास के लिए उपयुक्त सामाजिक वातावरण बनाने के लिए समुदाय के सहयोग एवं इस हेतु वांछित व्यवहार परिवर्तन की भी संकल्पना भी की गई। सुजानपुर और टौणी देवी के बाल विकास परियोजना अधिकारी कुलदीप सिंह चौहान ने बताया कि रक्षाबंधन परंपरागत रूप से बहन एवं भाई के परस्पर स्नेह, अपनत्व एवं प्रेम के धागों से बंधा त्योहार है। उन्होंने कहा कि सात्विक स्नेह संबंधों से सजा यह त्योहार अंतहीन पवित्र प्रेम और मानवीय संवेदनाओं को भी प्रतिबिंबित करता है। यही कारण है कि भाई-बहन के भावनात्मक रिश्ते के अतिरिक्त यह पर्व मानवीय संबंधों की रक्षा के साथ-साथ मानवता को सुदृढ़ करने की संकल्पना का भी पर्व है। कुलदीप सिंह चौहान ने बताया कि सुजानपुर और टौणी देवी खंड की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने सोमवार को अपने-अपने क्षेत्रों में गर्भवती और धात्री महिलाओं, उनके शिशुओं और कन्याओं को रक्षा सूत्र बांधकर एक विशेष पहल की तथा इनके प्रति अपनी जिम्मेदारी का संकल्प लिया।



### भजन मंडली घर-घर सुनाएगी गुग्गा की जीवन गाथा



**वीरेंद्र गोस्वामी, बड़ा।** उपमंडल नादौन के कस्बा बड़ा के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल मंगली गुग्गा जाहरवीर में पूजा-अर्चना के साथ मंगली गुग्गा जी के पवित्र छत्तर को मंगली गुग्गा जी के पुजारी सुनील राणा की अगुवाई में गुग्गा जी की भजन मंडली के साथ आठ दिन के लिए भर्मण पर भेज दिया गया। पुजारी गुग्गा की भजन मंडल के साथ गुग्गा के छत्तर को उठाकर आठ दिन नंगे पांव पैदल चलते हुए लोगों के घर-घर जाकर गुग्गा जाहरवीर की जीवन गाथा लोगों को सुनाएंगे। गुग्गा जी की भजन मंडली में गुग्गा जी के प्रति इतनी आपार श्रद्धा होती है कि वे आठ दिन गुग्गा नवमी तक नंगे पांव रहते हैं एवं जमीन पर सोते हैं। पुजारी सुनील राणा ने बताया कि जन्माष्टमी की रात का गुग्गा के पवित्र छत्तर को गुग्गा की माड़ी में दोबारा अगली रक्षाबंधन तक स्थायी रूप से विराजमान कर दिया जाता हैं एवं गुग्गा नवमीं के दिन मंगली गुग्गा जाहरवीर में विशाल मेला होता है, जिसमें दूर-दूर से लोग गुग्गा की पूजा-अर्चना एवं दर्शन करने के लिए आते हैं। गोर है कि कस्बा बड़ा के प्रसिद्ध मंगली गुग्गा जाहरवीर के प्रति लोगों की आपार श्रद्धा है। दूर दूर से लोग गुग्गा के दरवार में मन्नत मांगने के लिए आते हैं। (अनंत ज्ञान)

# भुक्कड़ में भारी बारिश से रिहायशी मकान जमींदोज

## 20 लाख का नुकसान, मलबे में दबा गरीब का सामान

**अनंत ज्ञान, भरेड़ी**

भोरंज उपमंडल के भुक्कड़ गांव में भारी बारिश के कारण एक रिहायसी मकान जमींदोज हो गया है। इससे पीड़ित परिवार को लगभग 20 लाख रुपए का नुकसान हुआ है। क्षेत्र में हो रही लगातार मूसलाधार बारिश ने अब नुकसान पहुंचाना शुरू कर दिया है।

भुक्कड़ गांव के पृथी चंद पुत्र ज्यूणू राम ने बताया कि शाम चार बजे घर के सभी सदस्य घर से बाहर कार्य कर रहे थे और एक बच्चा घर के आंगन में खेल रहा था। इतमें में अचानक रिहायसी मकान की दीवारें गिरना शुरू हो गईं। देखते ही देखते ही सारा मकान जमींदोज हो गया। इससे घर से अंदर रखा सारा सामान दब कर नष्ट हो गया है।



मलबे के ढेर में गरीब का आशियाना।

पृथी चंद गरीब परिवार से संबंध रखता है, जो कि घर के गिरने से वह सदमे में है। हालांकि रिहायसी मकान के गिरने की सूचना मिलते ही भुक्कड़ पंचायत प्रधान किशोर चंद ने घटनास्थल पर पहुंच कर स्थिति का जायजा लिया और हलका पटवारी को नुकसान की रिपोर्ट बनाने को कहा है। उधर, पीडित परिवार को अभी तक प्रशासन की ओर से कोई भी मदद नहीं मिली है।

पीड़ित परिवार के सदस्यों ने भोरंज विधायक सुरेश कुमार व जिलाधीश हमीरपुर अमरजीत सिंह व भोरंज एसडीएम संजय स्वरूप से आर्थिक मदद करने की मांग की है।

# कवियों ने नशे व समाज में फैली कुरीतियों को उखाड़ने पर दिया बल

**शशि सोनल, नादौन**

यशपाल साहित्य संस्कृति सदन नादौन में कवि गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें जिला के कवियों व साहित्यकारों ने भाग लिया। कार्यक्रम का आयोजन भाषा एवं संस्कृति विभाग हमीरपुर के सौजन्य से किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती पूजन से किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. ओपी शर्मा ने की, जबकि डॉ. रत्न चंद शास्त्री ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। कार्यक्रम शुरू करने से पहले दो मिनट का मौन रखकर स्वतंत्रता सेनानियों व कारगिल शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। कवि गोष्ठी में रतन चंद रत्नाकर, वरिष्ठ कवि दलीप चंद, सुशील गौतम, ओपी शर्मा, पिंकी देवी, मुनीष, मंशा पंडित, होशियार सिंह, राकेश कुमार, केसर सिंह आदि कवियों व साहित्यकारों ने भाग लिया। वरिष्ठ कवि दलीप सिंह ने स्वयं लिखित पुस्तक 'हमीरपुरे दी गूंज' पर चर्चा करते हुए कविता के



यशपाल साहित्य सदन में आयोजित कवि सम्मेलन में भाग लेते कवि एवं साहित्यकार।

माध्यम से नशों से दूर रहने पर बोलते हुए कहा कि नशेआं कनैं ज्यादा प्रीत नी लाणी, माउ दी ममता, खट्टिया कड़िया दा मिट्ठा, स्वाद, दो भांडे अप्पू चैं जरूर टकरांदे।

सुशील गौतम ने नारी की वेदना को कविता में पढ़ कर दुष्कर्म और हत्या की घोर निंदा की। ओपी शर्मा ने नारी की पीड़ा पर का कविता पढ़ कर उदगार व्यक्त किए। मंशा पंडित ने गीत गाकर लोक संस्कृति पर बल दिया। पिंकी देवी ने न असां कांगड़ी न मंडियाल न असां कुलवी न असां मंडियाल गीत गाकर मन मोह लिया।

मुनीश, होशियार सिंह, राकेश, केसर सिंह ने देश भक्ति सामाजिक कुरीतियों पर चोट करती कविताएं पढ़कर समा बांधा। रत्न चंद शास्त्री ने कांगड़ी बोली में कविता पढ़ कर संस्कृत भाषा पर प्रकाश डालते हुए कवियों लेखकों से साहित्य लेखन का आह्वान किया। (अनंत ज्ञान)

## तकनीकी शिक्षा मंत्री धर्माणी ने बाबा बालकनाथ मंदिर में नवाया शीश



तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी को सम्मानित करते गणमान्य।

**एसके ठाकुर, बड़सर**

प्रदेश सरकार में कैबिनेट तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने बाबा बालकनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया व हवन भी डाला, उनके साथ कांग्रेस नेता सुभाष डढवालिया और मंदिर न्यास द्वारा मंत्री को बाबा बालकनाथ जी की प्रतिमा और बाबा जी का फटका भेंटकर सम्मानित किया । धर्माणी ने प्रदेशवासियों को रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दीं।

अभी कुछ ही दिन पहले राशन के घोटाले की बात सामने आई है उसके बारे में जांच कमेटी बनाई गई है और जांच कमेटी ने अपनी रिपोर्ट दे दी है, अब आगे की कार्रवाई की जा रही है। जिसने भी घोटाला किया है, उसके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। (अनंत ज्ञान)

## राष्ट्रीय परियोजना सूचना सुरक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट मंच करेगी प्रदान : सूर्यवंशी

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

एनआईटी हमीरपुर में इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने 'सूचना सुरक्षा शिक्षा और जागरूकता चरण-3' नामक एक महत्वाकांक्षी राष्ट्रीय परियोजना की शुरुआत की है। एनआईटी हमीरपुर के निदेशक प्रो. एचएम सूर्यवंशी, रजिस्ट्रार डॉ. अर्चना संतोष ननोटी और डीन प्रोफेसर राकेश सहगल ने बताया कि यह परियोजना सूचना सुरक्षा के क्षेत्र में अग्रणी शोध के लिए एक उत्कृष्ट मंच प्रदान करेगी और साइबर सुरक्षा के प्रति जन जागरूकता बढ़ाने में मदद करेगी।

इसकी प्रारंभिक लागत 332.74 करोड़ है। इस परियोजना के तहत, राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान हमीरपुर को एक प्रमुख भागीदार के रूप में चुना







राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान के डायरेक्टर (दाएं) संस्थान की फाइल फोटो।

**47 लाख की पहली किस्त की राशि हुई जारी**

गया है। इस परियोजना को सफलतापूर्वक कार्यान्वित करने के लिए एनआईटी हमीरपुर और मैरिटी के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं। इसके तहत एनआईटी हमीरपुर अगले पांच वर्षों में न्यूनतम 2.016 करोड़ का अनुदान प्राप्त होगा। डॉ. टीपी शर्मा इस परियोजना के मुख्य अन्वेषक होंगे, जबकि डॉ. नवीन चौहान सह-प्रधान अन्वेषक के रूप में कार्य करेंगे। संस्थान को पहली किस्त के रूप में 47.80 लाख प्राप्त हो चुके हैं।

डॉ. शर्मा ने बताया कि इस परियोजना का तीसरा चरण प्रस्ताव आधारित था, जिसमें सूचना सुरक्षा के विशिष्ट उप-डोमेन पर प्रस्ताव आमंत्रित किए गए थे। एनआईटी हमीरपुर का 'मोबाइल डिवाइस सुरक्षा' पर प्रस्तुत प्रस्ताव चुना गया। परियोजना में विभिन्न गतिविधियां शामिल होंगी जैसे कि अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी शोध, नए अनुसंधान प्रयोगशालाओं की स्थापना, प्रशिक्षण कार्यक्रमों, कार्यशालाओं, हैकाथॉन, वेबिनार और विशेषज्ञ व्याख्यानों का आयोजन। परियोजना का मुख्य उद्देश्य मोबाइल डिवाइस सुरक्षा और व्यापक साइबर सुरक्षा के बारे में जागरूकता बढ़ाना है, साथ ही ऐसे प्रशिक्षित पेशेवरों को तैयार करना है जो स्मार्टफोन्स, टैबलेट्स, लैपटॉप आदि जैसे आधुनिक सुरक्षा चुनौतियों का समाधान कर सकें।

इन प्रयासों से परियोजना एक सुरक्षित डिजिटल वातावरण को बढ़ावा देने और सुरक्षा खतरों का सामना करने के लिए विशेषज्ञों को तैयार करने का लक्ष्य रखती है। (अनंत ज्ञान)

## भरेड़ी बाजार में पेयजल समस्या से मिली राहत

**वाईके भारद्वाज, भरेड़ी**

**खबर छपने के बाद विभाग आया हरकत में, पाइपलाइन जोड़ने का कार्य शुरू**

भरेड़ी बाजार में करीब 20 दिनों से चल रही पेयजल समस्या का आज निदान हो गया है। आईपीएच विभाग के कर्मचारियों ने टूटी पाइपलाइन को जोड़ने का काम शुरू कर दिया है, जिस कारण लोगों ने राहत की सांस ली है।

अनंत ज्ञान इंपैक्ट

गौरतलब है कि अनंत ज्ञान ने भरेड़ी बाजार में 'घर और दुकानों में 20 दिन से नल सूखे' शीर्षक से समाचार प्रकाशित किया था, जिसके बाद विभाग हरकत में आया और टूटी पाइपलाइन को जोड़ने का काम शुरू कर दिया है। गौरतलब है कि प्रमुख व्यापारिक केंद्र भरेड़ी बाजार के करीब 20-22 परिवार बीस दिन से नलों में पानी न आने से बेहद दिक्कत में थे। एफडीआर आधुनिक तकनीक से बन रही बस्सी से तताहर सड़क के 100 मीटर पैच वर्क के लिए तीन अगस्त से बाजार को जोड़ने वाली पाइनलाइन क्षतिग्रस्त हुई है।

इससे नलों की सप्लाई पूरी तरह से प्रभावित हो गई है। रविवार को ग्रामीणों ने एकत्रित होकर पानी की समस्या को दूर करने तथा कनेक्शन देने में देरी करने पर जल शक्ति विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों की कड़े शब्दों में निंदा की तथा विभाग को चेतावनी दी कि सोमवार 20 अगस्त का विभाग ने पानी की समस्या को दूर करने के लिए युद्धस्तर पर कार्य नहीं किया तो विभाग के खिलाफ न्यायालय में समस्या के हल के लिए गुहार लगाई जाएगी। (अनंत ज्ञान)

## विकास को नई दिशा दे गया सीएम सुखविंद्र का दौरा : डॉ. पुष्पेंद्र

## प्रदेश का समग्र विकास ही सुख सरकार का ध्येय

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**



कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पिछले विधानसभा उपचुनाव में हमीरपुर से पार्टी प्रत्याशी रहे डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा ने कहा है कि हमीरपुर जिले का तीन दिवसीय मुख्यमंत्री का दौरा विकास की गति को नई दशा दिशा दे गया है। लोगों के लिए नई परियोजनाएं शुरू हुई हैं। हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र में नेरी में स्थित वानिकी व जैव प्रौद्योगिकी संस्थान के लिए करोड़ों रुपए की घोषणा करना ताकि इस संस्थान का इंफ्रास्ट्रक्चर और मजबूत हो, यह मुख्यमंत्री की दूरदर्शिता को दर्शाता है, क्योंकि इस संस्थान से पढ़े हुए विदेशों में भी नाम चमका रहे हैं।

इस कड़ी में इस संस्थान में 3.63 करोड़ का शिलान्यास और 3.42 करोड़ रुपए का उद्घाटन और साथ में ब्वॉयज हॉस्टल के लिए 2 करोड़ रुपए की घोषणा का पूरी हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र ने स्वागत व धन्यवाद किया। हमीरपुर में स्थापित होने वाले मेडिकल कॉलेज में हृदय रोग विभाग की स्थापना के लिए भी हम मुख्यमंत्री का आभार जताते हैं।

हमीरपुर की जनता को दिल की बीमारियों के लिए दूर-दराज और निजी संस्थानों में नहीं भटकना पड़ेगा और जल्द ही राधा कृष्णन मेडिकल कॉलेज की नवनिर्मित बिल्डिंग में यह सुविधा मिलना आरंभ हो जाएगी।

## दिल की बीमारियों, शुगर, ब्लड प्रेशर जैसे रोगों से लड़ने के लिए किए औषधि पौधे तैयार

**रवि ठाकुर, हमीरपुर**

**राजकीय उत्कृष्ट कॉलेज में आयुष गार्डन तैयार**

राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय में आयुष गार्डन बन कर तैयार हो गया है। आयुष गार्डन में 40 किस्मों के औषधीय पौधे तैयार किए गए हैं। इसमें दो पौधे इन्सूलिन और स्टीविया ऐसे हैं, जिन्हें भारत में मध्य और दक्षिण अमेरिका से पादप प्रवेशन कार्यक्रम के दौरान लाया गया था। आयुष गार्डन में दिल की बिमारियों, बीपी, शुगर, ब्लड प्रेशर जैसे रोगों से लोगों को छुटकारा मिल रहा है।

यही नहीं जरूरतमंद लोगों के अनुरोध पर औषधीय पौधे निशुल्क दिए जा रहे हैं। नेता जी सुभाष चंद्र बोस मेमोरियल राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय हमीरपुर ने आयुष विभाग के हर्बल गार्डन नेरी के साथ मिलकर कॉलेज कैंपस में आयुष गार्डन तैयार किया है।

यह आयुष गार्डन प्रदेश का ऐसा गार्डन है, जो कि दूसरे कॉलेजों के लिए प्रेरणास्रोत है। कॉलेज के आयुष गार्डन में 40 किस्मों के औषधीय पौधे तैयार किए गए हैं। इनमें चार ट्री प्लांट हैं, जिन की ऊंचाई कम रखी



राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय में आयुष गार्डन बन कर तैयार हो गया है।

गई है। आयुष गार्डन में सर्पगंधा, अश्वगंधा, ऐलोवेरा, अकरकरा, इन्सूलिन, स्टीविया, अर्जुन पेड़, बह्मी, कालमेघ, पारिजात छुई-मुई, बनक्शा, मधुरपर्णी जैसे करीब 40 किस्मों के औषधिय पौधे तैयार किए गए हैं, जो कि आयुर्वेदिक दवाइयों में प्रयोग होते हैं। इनमें इन्सूलिन के पत्ते खाने से जहां शुगर मरीजों का शुगर लेवल काफी लो हो जाता है।

इसके अलावा सर्पगंधा के प्रयोग से लोगों को हार्ट व दिल की बिमारियों से राहत मिलती है। अश्वगंधा के प्रयोग से लोगों का ब्लड प्रेशर ठीक हो जाता है। स्टीविया के पत्तों का प्रयोग करने से लोगों का शुगर लेवल कंट्रोल में रहता है। इसी तरह औषधीय पौधे किसी न किसी दवाई में प्रयोग होते हैं, जिनका अपना अलग ही महत्व है। वॉट नी डिपार्टमेंट के एसोसिएट प्रो. डॉ. विजय कुमार ने बताया कि आयुष गार्डन में प्रत्येक पौधे के साथ फोटो व इसके क्या लाभ है, इसकी हिंदी व इंग्लिश में पूरी जानकारी दी गई है।

आयुष गार्डन में आने वाले लोगों को औषधीय पौधों का इस्तेमाल आयुर्वेद डॉक्टरों की सलाह के अनुसार ही प्रयोग करने के निर्देश दिए जा रहे हैं, क्योंकि इन्हें बिना डाक्टरों की सलाह से लिया जाए, तो ये साइड इफेक्ट भी दे सकते हैं। ऐसे में लोग औषधीय पौधों का बिना डॉक्टर की सलाह से प्रयोग न करें। (अनंत ज्ञान)



"कॉलेज कैंपस में आयुष गार्डन बनाया गया है। इसमें 40 किस्मों के औषधीय पौधे तैयार किए गए हैं। सभी औषधीय पौधों का आयुर्वेदिक दवाओं में इस्तेमाल होता है। आयुष गार्डन में प्रत्येक पौधे के साथ फोटो व इसकी जानकारी डिटेल से दी गई है, ताकि बाहर से आने वाले लोगों को भी औषधीय पौधों के महत्व की जानकारी मिल सके।

**डॉ. प्रमोद पटियाल, प्राचार्य, नेता जी सुभाष चंद्र बोस मेमोरियल राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय हमीरपुर**

**इंतजार** 7 महीने से नहीं हो रहे टेस्ट, मायूस होकर लौट रहे मरीज

## 80 लाख की देनदारी से लटके रेडक्रॉस लैब के काम

**अनिल कुमार, हमीरपुर**

डॉ. राधा कृष्णन मेडिकल कॉलेज हमीरपुर में स्थापित रेडक्रॉस लैब का लाभ मरीजों को पिछले 7 महीनों से नहीं मिल रहा है। अस्पताल में सरकारी व प्राइवेट लैब की रेडक्रॉस लैब भी मरीजों के विभिन्न प्रकार के टेस्ट निशुल्क किए जा रहे थे, लेकिन प्रदेश सरकार द्वारा प्राइवेट लैब को फंड देना बंद कर दिया था। इसी के रेडक्रॉस लैब को भी फंड नहीं मिला। प्राइवेट लैब में तो दो दिन काम बंद रखा, उसके बाद फंड रिलीज होने के बाद ही टैस्ट शुरू हो पाए।

रेडक्रॉस लैब के स्टाफ को उम्मीद थी कि उनके भी 80 लाख रुपए जो चंडीगढ़ में टेस्ट करवाने के देने हैं, वह मिल जाएंगे, लेकिन प्रदेश सरकार द्वारा 7 महीने बीत जाने के बाद अभी इस फंड को रिलीज नहीं किया है। इस लैब में





रेडक्रॉस लैब में टेस्ट न होने के कारण मरीजों के न होने से खाली पड़ी लैब।

दूसरी लैबों की निशुल्क टेस्ट किए जा रहे थे, कुछ टेस्ट ऐसे हैं, जिनकी मशीनें उपलब्ध न होने पर सैंपल चंडीगढ़ स्थित लैब को भेजे जाते थे जिसके लिए पेमेंट करनी पड़ती थी। इसके अलावा लैब प्रयोग किए जाने वाले सामान भी खरीदना पड़ता है। लैब में मशीनें तो हैं, लेकिन सामान नहीं है जिसकी वजह से कोई भी टेस्ट नहीं हो रहे हैं।

मरीज लैब में टेस्ट करवाने के लिए तो आ रहे हैं, लेकिन टेस्ट न होने पर मायूस लौट रहे हैं। रेडक्रॉस लैब को जितना भी फंड है, वह एनएचएम नेशनल हेल्थ मिशन के तहत रिलीज किया जाता है। बताया जा रहा है प्रदेश सरकार के पास बजट न होने के कारण नेशनल हेल्थ मिशन के तहत फंड रिलीज नहीं किया जा है।

रेडक्रॉस लैब में तैनात स्टाफ को सैलरी तो मिल रही है, लेकिन यदि फंड का इंतजाम नहीं हुआ स्टाफ को सैलरी देना भी मुश्किल हो जाएगा। फिलहाल जिला प्रशासन द्वारा इस मामले को लेकर नेशनल हेल्थ मिशन के निदेशक से पत्राचार किया जा रहा है। (अनंत ज्ञान)

"रेडक्रॉस लैब की 80 लाख की देनदारी है। उन्होंने कहा कि नेशनल हेल्थ मिशन के निदेशक से इसके लिए पत्राचार किया जा रहा है। फंड की दिक्कत है, उसे अगले महीने तक सुलझा लिया जाएगा।

**अमरजीत सिंह, रेडक्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष एवं उपायुक्त हमीरपुर**

## प्रवासी श्रमिकों के राशन कार्ड बनाने के लिए कल खंड स्तर पर लगेंगे शिविर

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकृत सभी प्रवासी श्रमिकों को सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुसार राशन कार्ड उपलब्ध करवाने के लिए 21 अगस्त को जिला हमीरपुर के सभी विकास खंडों में विशेष शिविर लगाए जाएंगे। एडीएम राहुल चौहान ने बताया कि खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग के निरीक्षकों को इन शिविरों की जिम्मेदारी दी गई है। वे 21 अगस्त को सुबह 10 से सायं 5 बजे तक प्रवासी श्रमिकों के कार्ड बनाएंगे।

राहुल चौहान ने बताया कि विकास खंड बड़सर का शिविर ग्राम पंचायत भकरेड़ी के भवन में आयोजित किया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी विभाग के निरीक्षक गौरव शर्मा मोबाइल नंबर 82195-76366 को दी गई है। विकास खंड हमीरपुर की ग्राम पंचायत भवन बजूरी खास और ग्राम पंचायत भवन अणु कलां में भी शिविर आयोजित किया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी निरीक्षक रणजीत सिंह मोबाइल नंबर 70189-30968 को सौंपी गई है। विकास खंड सुजानपुर में कृषि सहकारी सभा डोली में निरीक्षक संदीप सकलानी मोबाइल नंबर 94181-73762 प्रवासी श्रमिकों के राशन कार्ड बनवाने के लिए उपस्थित रहेंगे।

विकास खंड नादौन की ग्राम पंचायत मंझयार में मानपुल के पास दीप स्वीट शॉप के परिसर में निरीक्षक नीना कुमारी मोबाइल नंबर 88947-61768 श्रमिकों के कार्ड बनवाएंगी। विकास खंड टौणी देवी के पंचायत समिति हॉल में निरीक्षक अनीष कुमार मोबाइल नंबर 70180-28626 और विकास खंड भोरंज की ग्राम पंचायत भोरंज में निरीक्षक प्रकाश चंद मोबाइल नंबर 70187-19725 राशन कार्ड बनाने की प्रक्रिया को पूर्ण करवाएंगे।

**जो** व्यक्ति अपना लक्ष्य तय नहीं कर सकता, वह जीत भी नहीं सकता। -चाणक्य

## संपादकीय

# लेटरल एंट्री पर बवाल

संघ लोकसेवा आयोग यानी यूपीएससी के जरिए सेवाओं में लेटरल एंट्री को लेकर सियासत माहौल पूरी तरह से गरमाया हुआ है। पक्ष-विपक्ष एक-दूसरे आरोप-प्रत्यारोप लगा रहे हैं। कांग्रेस कह रही है कि यह बहुजनों का आरक्षण छीनने की कोशिश है। आरोप लगाया जा रहा है कि लेटरल एंट्री दलित, ओबीसी और आदिवासी समाज पर हमला है। वहीं, मोदी सरकार लेटरल एंट्री पर कह रही है कि कांग्रेस का विरोध पाखंड के अलावा कुछ नहीं है, क्योंकि इसकी अवधारणा यूपीए सरकार के समय ही तैयार हुई थी। दरअसल, लेटरल एंट्री का मतलब निजी क्षेत्र के विशेषज्ञों की सीधी भर्ती से है। इसके माध्यम से केंद्र सरकार के मंत्रालयों में संयुक्त सचिवों, निदेशकों और उप सचिवों के पदों की भर्ती की जाती है। यह स्कीम संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन यानी संप्रग सरकार के दौरान पेश की गई थी। 2005 में वीरप्पा मोइली की अध्यक्षता में बने दूसरे प्रशासनिक सुधार आयोग ने इसका समर्थन किया था।


अगर आसान भाषा में समझें तो लेटरल एंट्री का मतलब प्राइवेट सेक्टर के लोगों की सीधी सरकारी पदों पर भर्ती से है। मोदी सरकार सरकारी कामकाज में पांच साल पहले एक नया तरीका लाई थी, जिसको लेटरल एंट्री कहा जाता है। इस तरह की भर्ती 2019 में पहली बार की गई थी और अब इसे बड़े पैमाने पर दोहराया जा रहा है। लेटरल एंट्री को सरकारी नौकरशाही में बाहरी विशेषज्ञों को लाने की योजना के तौर पर समझा जा सकता है। मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल की शुरुआत से ही प्रशासनिक तंत्र में नई ऊर्जा लाने के लिए प्रशासनिक ढांचे में बड़े बदलाव देखने को मिल रहे हैं। केंद्र सरकार ने इस सप्ताह की शुरुआत में ही कैबिनेट सचिव और गृह सचिव सहित 20 सचिवों के तबादले किए हैं। इसके साथ ही, सरकार ने प्रशासनिक क्षमता को बढ़ाने के लिए एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया है। यूपीएससी ने इस संबंध में 45 पदों पर नियुक्ति के लिए एक विज्ञापन जारी किया था, जिसके बाद ही इस मसले पर बवाल मचा है। लेटरल एंट्री स्कीम के जरिए 15 सालों तक प्राइवेट सेक्टर में काम करने वाले लोगों को नौकरशाही में शामिल किया जा सकता है। ऐसे लोगों की न्यूनतम उम्र 45 वर्ष होनी चाहिए। साथ ही उम्मीदवार के पास किसी भी यूनिवर्सिटी से प्राप्त ग्रेजुएशन की डिग्री होनी चाहिए। आमतौर पर जिन पदों पर नियुक्ति के लिए विज्ञापन निकाला गया है, उन पर आईएएस, आईपीएस और आईएफओएस तथा अन्य 'ग्रुप ए' सर्विस के अधिकारी तैनात होते हैं। केंद्र सरकार की लेटरल एंट्री की सबसे ज्यादा आलोचना इसलिए की जा रही है, क्योंकि इसके जरिए होने वाली भर्ती में एससी, एसटी और ओबीसी उम्मीदवारों के लिए कोई कोटा यानी आरक्षण नहीं है। यह भी कहा जा रहा है कि इस व्यवस्था की वजह से वर्तमान में काम करने वाले अधिकारी हतोत्साहित हो सकते हैं।

जिन लोगों को एक्सपर्ट के तौर पर नियुक्त किया जाएगा, उन्हें सरकार की व्यवस्था के साथ तालमेल बैठाने में मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है। हालांकि, ये सब बातें इतनी बड़ी नजर नहीं आती हैं, क्योंकि सबसे बड़ा डर इस बात का है कि सरकार इस व्यवस्था के जरिए अपने समर्थक अधिकारियों को मंत्रालयों में जगह दे सकती है। विपक्षी नेताओं समेत कई लोगों का मानना है कि अगर सरकार समर्थक लोग मंत्रालयों में आ जाते हैं, तो इसका गलत या अनुचित फायदा उठाया जा सकता है. इस बात का भी डर है कि कुछ अधिकारी ऐसे भी हो सकते हैं, जो कुछ बड़े बिजनेस हाउस के अनुकूल नीतियां बना सकते हैं। लेटरल एंट्री के माध्यम से सरकारी विभागों में विशेषज्ञता और नए विचारों का संचार होता है और यह भर्ती प्रक्रिया पारंपरिक सरकारी भर्ती प्रक्रिया की तुलना में अधिक लचीली और तेज है। बहरहाल, केंद्र सरकार को चाहिए कि वह इस भर्ती प्रक्रिया को जारी रखना चाहती है तो वह सबसे पहले विपक्ष को अपने तर्कों से संतुष्ट करवाए कि इस भर्ती प्रक्रिया में कुछ गलत नहीं है, क्योंकि लेटरल एंट्री से सरकारी विभागों में नवाचार और सुधार को बढ़ावा मिलता है। कुछ लोग इसे सरकारी नौकरियों में निजीकरण का रास्ता मानते हैं। यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि लेटरल एंट्री के फायदे और नुकसान दोनों हो सकते हैं, और इसके क्रियान्वयन को सावधानी से करना चाहिए ताकि इसके लाभों को अधिकतम किया जा सके और संभावित नुकसानों को कम किया जा सके। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### भारत के नौवें प्रधानमंत्री

**राजीव** गांधी भारत की पहली महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के पुत्र और भारत के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के दौहित्र और भारत के नौवें प्रधानमंत्री थे। उनका पूरा नाम राजीव रत्न गांधी था। राजीव गांधी भारत की कांग्रेस (इ) पार्टी के अग्रणी महासचिव (1981 से) थे और अपनी मां की हत्या के बाद भारत के प्रधानमंत्री (1984-1989) बने। 40 साल की उम्र में देश के सबसे युवा और नौवें प्रधानमंत्री होने का गौरव हासिल करने वाले राजीव गांधी 'आधुनिक भारत के शिल्पकार' कहे जा सकते हैं। वह पहले ऐसे व्यक्ति थे, जिन्होंने देश में तकनीक के प्रयोग को प्राथमिकता देकर कंप्यूटर के व्यापक प्रयोग पर जोर डाला। भारत में कंप्यूटर को स्थापित करने के लिए उन्हें कई विरोधों और आरोपों को भी झेलना पड़ा, लेकिन अब वह देश की ताकत बन चुके कंप्यूटर क्रांति के जनक के रूप में भी जाने जाते हैं। राजीव गांधी देश के युवाओं में काफी लोकप्रिय नेता थे। उनका भाषण सुनने के लिए लोग काफी इंतजार भी करते थे। राजीव देश के सबसे युवा प्रधानमंत्री थे। उन्होंने अपने प्रधानमंत्रित्व काल में कई ऐसे फैसले लिए जिसका असर देश के विकास पर देखने को मिला। कैंब्रिज में पढ़ाई के दौरान राजीव गांधी की मुलाकात एंटोनिया मैनो से हुई, विवाहोपरांत जिनका नाम बदलकर सोनिया गांधी रखा गया। ■



राजीव गांधी
जन्म : 20 अगस्त, 1944
मृत्यु : 21 मई, 1991

## अपनी बात

**अंग्रेजों** के दमन से मुक्ति पाना इतना आसान नहीं था, लेकिन इसे मुमकिन बनाया है हमारे राष्ट्रीय नायकों ने। उनके वे शक्तिशाली शब्द हमें 15 अगस्त के उत्सव पर गर्व और देशभक्ति की प्रेरणा देते हैं। इस साल 2024 में 15 अगस्त को मनाए जाने वाले स्वतंत्रता दिवस की थीम 'विकसित भारत' है। इस थीम का लक्ष्य है आजादी के 100 साल पूरे होने पर 2047 तक भारत को विकसित देश बनाना। निश्चित रूप से लक्ष्य बड़ा है और इसमें सबकी भागीदारी जरूरी है, तभी इस लक्ष्य तक पहुंचा जा सकता है। स्वतंत्रा दिवस के सबसे बड़े नायक राष्ट्रपिता महात्मा गांधी थे, जिन्होंने अहिंसा और सत्याग्रह के सिद्धांतों के माध्यम से भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन को नेतृत्व प्रदान किया। उन्हीं के मार्गदर्शन में हम सबने आजादी पाई है। नेताजी सुभाष चंद्र बोस के योगदान को तो कभी भुलाया ही नहीं जा सकता।

-अंकुर नाग, शाहपुर

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 पर भेज सकते हैं।**

# नीट मामला बहुत गंभीर, दोषियों पर हो कड़ी कार्रवाई

नीट यूजी परीक्षा का प्रश्न पत्र लीक होने से देशभर के लाखों छात्रों का भविष्य दांव पर है। सीबीआई प्रश्न पत्र लीक करने वाले आरोपियों को गिरफ्तार करके निरंतर उनसे पूछताछ कर रही है। यह बहुत ही गंभीर विषय है। इसके दोषियों के खिलाफ सीबीआई को कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए। इस प्रकरण में पटना एम्स में एमबीबीएस कर रहे कुछ छात्रों के नाम भी सामने आ रहे हैं। इस मामले के उजागर होने से अब यह भी जांच का विषय बन गया है कि देश भर में कितने फर्जी एमबीबीएस एम्स में ट्रेनिंग ले रहे हैं? प्रश्न पत्र लीक करवाने में कुछ नेताओं की मिलीभगत होने से भरी इनकार नहीं किया जा सकता है। देश भर में अगर 97 करोड़ वोटर शांतिपूर्ण तरीके से मतदान कर सकते हैं तो 23 लाख छात्रों की नीट यूजी परीक्षा निष्पक्ष रूप से क्यों नहीं हो सकती?। सरकारों में राजनीतिक क्षमता होने पर ही ऐसी परीक्षाएं सफल हो सकती हैं।

वर्ष 2017 में नीट परीक्षा की शुरुआत हुई, जो सराहनीय पहल थी, लेकिन अब राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसी (एनटीए) पर प्रतियोगी परीक्षाओं को लेकर उठते सवाल को देखकर उसकी कार्यप्रणाली में सुधार किए जाने की अधिक जरूरत है। इस एजेंसी में पूर्व प्रशासनिक, पुलिस अधिकारियों सहित अन्य वर्ग भी शामिल होने से इसकी कार्यप्रणाली में पारदर्शिता लाई जा सकती है। आजकल बहुत अधिक परीक्षाएं एनटीए माध्यम से करवाई जा रही हैं। अगर इसकी एजेंसी में सिविल सर्विस से जुड़े लोगों को शामिल किया जाए तो लाखों छात्रों, अभिभावकों को निराश होने से बचाया जा सकता है। नीट परीक्षा दूसरी एजेंसियों के माध्यम से करवाए जाने पर भी इसके प्रश्न पत्र चोरी हुए हैं। परीक्षाओं के नाम पर होने वाले इस गोरखधंधे को रोककर छात्रों का भविष्य उज्ज्वल बनाने के लिए ऐसी परीक्षाओं को आयोजित करवाने का जिम्मा सिर्फ एक एजेंसी को सौंपना जरूरी है।



लेखक : सुखदेव सिंह
नूरपुर (कांगड़ा)

वहीं, निजी संस्थानों में ऐसी परीक्षाएं आयोजित किए जाने पर कड़ा प्रतिबंध लगना चाहिए। प्रश्न पत्र प्रिंटिंग प्रेस, बैंकों के लाकर, परीक्षाएं आयोजित करवाने वाले स्टाफ द्वारा भी लीक किए जा रहे हैं। नीट परीक्षाओं में तीन बड़ी कमियां सामने आई हैं। हरियाणा में एक परीक्षा केंद्र में छात्रों को प्रश्न पत्र ही निर्धारित समय देरी से मिले, जिस कारण उन्हें ग्रेस मार्क मिले। गोधरा में छात्रों को परीक्षा हाल में केवल नाटक करने की सलाह दी गई। इसका कारण यह था कि परीक्षा हाल में सीसीटीवी कैमरे लगे थे, इसलिए उन्हें परीक्षा करने का नाटक ही करना था। परीक्षा उपरांत स्कूल स्टाफ द्वारा तमाम परीक्षार्थियों के पेपर दोबारा बदले गए। तीसरा मामला बिहार में प्रकाश में आया, जहां प्रोफेसरों ने पेपर लीक करवाए थे। साधारण परीक्षाओं में असफल रहने वाले नीट परीक्षा में पास हो गए, जिससे एनटीए पर कई सवाल खड़े हो गए हैं। प्राइवेट स्कूलों और कालेजों में परीक्षा केंद्र बनाए जाने के कारण ही नीट प्रश्न पत्र लीक हुए हैं।

प्रश्न पत्रों के सेट अधिक होने के चलते बैंकों में अलग-अलग भेजे जाने से इस जालसाजी से बचा जा सकता है। प्रश्न पत्रों को लाने की जिम्मेदारी केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियों के हाथों में होने पर छात्रों का भविष्य सुनहरा बन सकता है। उत्तर प्रदेश सरकार ने पहल करते हुए ऐसी परीक्षाएं प्राइवेट स्कूलों, कालेजों में करवाए जाने पर कड़ा प्रतिबंध लगाया है। प्रश्न पत्रों के सेट दो से अधिक होंगे तो ऐसी परीक्षाएं एक साथ करवाने बजाए कई चरणों में आयोजित की जा सकती हैं। देश भर में आयोजित हुई नीट परीक्षा का प्रश्न पत्र लीक होने से हमारी सुरक्षा-व्यवस्था पर भी सवाल उठे हैं। निरंतर प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रश्न पत्र लीक होने का सबसे बुरा असर उन छात्रों पर पड़ रहा है जो दिन-रात कड़ी मेहनत कर परीक्षाओं की तैयारी करते हैं। ऐसे मामले सामने आने से उनका मनोबल गिरता है और वे अपने आपको असहाय मान रहे हैं।

जब से नीट परीक्षा के प्रश्न पत्र के लीक होने का मामला सामने आया है, तब से छात्र सड़कों पर विरोध कर रहे हैं। मामला सुप्रीम कोर्ट में है। छात्र परीक्षा रद्द करने की मांग कर रहे हैं, लेकिन उच्चतम अदालत ने परीक्षा को रद्द करने से साफ इनकार कर दिया है। वहीं, केंद्र में सत्ता में बैठी एनडीए सरकार और विपक्षी दलों के नेता इस मुद्दे पर संसद में बहस करके खूब राजनीतिक रोटियां सेंक रहे हैं। संसद में संविधान खतरे में बताकर खूब बहसबाजी होती है, मगर देश की युवा पीढ़ी के धूमिल होते भविष्य बारे सोचने का समय नेताओं के पास नहीं है।

पिछले कुछ वर्षों में प्रश्न पत्र लीक होने की घटनाओं में वृद्धि हुई है। इसका कारण यह है कि परीक्षाओं को आयोजित करवाने की जिम्मेदारी जिन एजेंसियों के कंधों पर है, उनके कुछ कर्मचारी ही प्रश्न पत्र समय से पहले लाखों रुपए में बेचकर मालामाल बन रहे हैं। परीक्षाओं के नाम पर मची इस लूट में नेताओं की मिलीभगत भी कम नहीं है। चुनावी बेला में राजनीतिक दलों के मेनिफेस्टों में बेरोजगारी को खत्म किए जाने के युवाओं को बड़े-बड़े सब्जबाग दिखाए जाते हैं, लेकिन देश भर में बेरोजगारों का आंकड़ा कितना है, सत्तापक्ष और विपक्ष के पास कोई इसका पुख्ता आंकड़ा ही नहीं है। युवा अपना भविष्य सुनहरा बनाने को लेकर लाखों रुपए खर्च करके ट्रेनिंग हासिल करते हैं, लेकिन प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रश्न पत्र लीक होते ही जब उनके परिणाम रोक दिए जाते तो ऐसे युवा अपने आपको ठगा, असहाय महसूस करते हैं। प्रतियोगी परीक्षाओं के परिणामों में धांधली होने के आरोप लगने पर अधिकतर परिणाम न्यायालयों में मामला जाने पर रोक दिए जाते हैं।

बेरोजगारी उस दीमक की तरह होती जो एक पेड़ को लग जाए तो उसे भी चट कर जाती है। शिक्षित बेरोजगार आजकल मानसिक तनाव झेलने को मजबूर हैं। भारत में बढ़ती बेरोजगारी के चलते युवा पीढ़ी अपनी कीमती जमीनों को बेचकर विदेशों में जाकर रोजी-रोटी कमाने के लिए कूच करती जा रही है, लेकिन फर्जी एजेंटों की धोखाधड़ी के शिकार युवा विदेशों में फंसकर रह जाते हैं। एनडीए सरकार और राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसी सीबीआई को नीट यूजी परीक्षा प्रश्न पत्र लीक करने वालों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## नजरिया

# अब भी हम नहीं जागे तो कब जागेंगे?

एक अजीब सी फीलिंग हो रही है। एक ही साथ कई तरह के भाव उत्पन्न हो रहे हैं। क्षोभ, दु:ख, निराशा, ग्लानि और क्रोध क्या कहें समझ में नहीं आ रहा है। लगता है मानवीय संवेदनाएं खत्म हो चुकी हैं। मन उद्वेलित है। बहुत कुछ कहने को मन कर रहा है, पर कहीं न कहीं बंदिशें हैं, जिनकी वजह से अपने जज्बातों को काबू में रखना पड़ रहा है। काश! कुछ बातें जो आपको इस हालत में ले आएं, आप उसे न सुन सकते और न ही देख सकते। काश! ऐसा हो पाता।

कोलकाता में जो घटना घटी वो मानवता को शर्मसार करती है। सोच कर ही मन पता नहीं कैसा हो जाता है। असहज हो जाता हूं। ऐसा लगता है जैसे मैं जड़ हो गया हूं। आंख और कान पथरा से गए हैं। सोचने को मजबूर हूं क्या वाकई हम इंसान हैं? सुरक्षित माने जाने वाले जगह पर एक डॉक्टर के साथ इस तरह की घटना घट जाती है, बहुत ही अफसोस और दु:ख की बात है। एक दूसरे पर ठीकरा फोड़ा जा रहा है। बस आरोप और प्रत्यारोप का दौर जारी है। आपके सपनों की मौत। एक अविश्वास का माहौल, ताजिंदगी आपका पीछा नहीं छोड़ती है। आप बस कल्पना करें। शायद नहीं कर पाएं। उस घटना का ख्याल ही आपको विचलित कर देता है।




लेखक : मनीष वर्मा 'मनु'
स्वतंत्र टिप्पणीकार

कानून की शब्दावली में यह एक जघन्य अपराध है। कानून अपने तरीके से इसकी सजा तय करेगा, पर क्या सजा मात्र सुना देने से इस तरह के अपराध खत्म हो जाते हैं? नहीं, बिलकुल नहीं। अगर ऐसा होता तो निर्भया मामले के बाद शायद फिर से इस प्रकार की घटनाएं नहीं घटती। यहां निर्भया कांड की पुनरावृत्ति नहीं हुई है बल्कि उससे भी ज्यादा दुखदाई घटना घटी है। अभी-अभी दो तीन दिन पहले की तो बात है। कोलकाता में रहने वाली एक बहन ने फेसबुक पर शेयर किया था 'महिलाओं के लिए कोलकाता भारत के सबसे ज़्यादा सुरक्षित शहरों में एक है' मेरा भी कुछ ऐसा ही ख्याल था। अपने लगभग चार सालों के कोलकाता आते जाते हुए मुझे भी यह शहर महिलाओं के लिए एक सुरक्षित शहर लगा था। एक धक्का सा लगा है मुझे।

हम सरकार को क्यों दोष दें? हम सभी दोषी हैं। इतना हम बंट चुके हैं कि अब हमारा जमीर ही साथ हमारा नहीं दे रहा है। राजनीतिक बयानबाजी होती है उसका एक अलग ही स्थान है, पर हां इस तरह की घटना के घटित होने के पश्चात दोषियों को ढूंढ निकालना और स्पीडी ट्रायल करवा कर उन्हें ऐसी सजा दिलवाना ताकि इस तरह की मानसिकता वाले लोगों की रूह कांप जाए। सामाजिक स्तर पर उनके परिवार का सामाजिक बहिष्कार भी एक माकूल तरीका हो सकता है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## पहाड़ी कविता



### रख्ड़ुन्या

सुरेंद्र मिन्हास, बध्यात, बिलासपुर

*आवा रख्ड़ुन्या रा त्यहार मनाईए ।*
*रखडी बन्हाई कने सेवियां खाईये ।।*
*सबेरे-सबेरे भैणा पेयोके जो आन्दीयां।*
*मठयाई कने छैल रखडीयां ल्यान्दीयां।।*
*खरे महुर्ता च भाईयां जो रखडीयां बनदी ।*
*मौन्ना पकड़ी औखे बेले रा बचन मंगदी।।*
*भाई भेणा जो साथ नभाणे रा वैदा करदे ।*
*रखडीया बनणे पर रपाईए देई फैदा करदे।।*
*गंगा साही निर्मल प्यारा रा ये तयहार हुन्दा ।*
*आन्दीयां भैणा ता जे दिला च प्यार हुन्दा।।*
*अज्ज आवा सारे पहाई इक कसम खाईये।*
*जनानां रि करो बेजती तिस्सो मार मुकाईये ।।*

# कोलकाता दुष्कर्म व हत्या : एक और निर्भया कांड, विश्व गुरु शर्मसार

एक और निर्भया कांड हो गया विश्व गुरु की एक बार फिर फजीहत हुई है। कोलकाता दुष्कर्म व हत्याकांड से एक और दाग लग गया। देश में बेटियां हर जगह असुरक्षित महसूस कर रही हैं। बेटियों की सुरक्षा के दावे कहां है। यह एक यक्ष प्रश्न है यह सुलगते प्रश्न है कि बेटियां कब सुरक्षित होगी। हर जगह दरिंदे दरिंदगी कर रहे हैं। ताजा घटनाक्रम कोलकता मेडिकल कालेज की एक ट्रेनी डाक्टर के साथ गैंगरेप व हत्या का मामला बहुत ही संगीन अपराध है ऐसे दरिंदों को फांसी की सजा देनी चाहिए, यह बहुत ही जघन्य अपराध है। गत वर्ष वाराणसी में घटित हुआ था जहां बीएचयू परिसर कुछ गुंडों द्वारा एक लड़की के साथ अश्लील हरकते करना व और वीडियो बनाना की घटना सामने आई थी। साल के 365 दिन महिलाओं पर अत्याचार होते रहते हैं।

आज कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक महिलाओं पर अनगिनत अत्याचार हो रहे हैं, मगर सरकारों की कुंभकर्णी नींद नहीं टूट रही है। आज कोई भी विश्वास के योग्य नहीं रहा है किस पर विश्वास करें, अपने ही हैवान बन रहे हैं। आज बाबुल की गलियां ही नरक बन गई हैं। अपने रक्षक ही भक्षक बन गए हैं। बहू-बेटियां घर में ही असुरक्षित हैं समय पर ऐसे घिनौने कर्म होते हैं कि कायनात कांप उठती है कि आदमी इतने नीच काम क्यों कर रहा है। महिलाएं कही भी महफूज नहीं है। महिलाओं पर बढ़ते अत्याचार रुकने का नाम नहीं ले रहे हैं। देश में प्रतिदिन घटित हो रही वारदातों से महिलाओं की सुरक्षा पर प्रश्न चिन्ह लगता जा रहा है कि महिलाएं कहीं भी सुरक्षित नहीं है। इन वारदातों से हर भारतीय उद्वेलित है। सुरक्षा के दावों की पोल खुल गई है। महिलाओं की सुरक्षा के लिए पुख्ता इतंजाम करने होंगे तभी इन पर रोक लग सकती है। जघन्य व दिल दहला देने वाली दुष्कर्म की घटनाओं से जनमानस खौफजदा है। आखिर कब तक बेटियां दरिंदगी का शिकार होती रहेगी। ऐसी वारदातें बहुत ही चिंतनीय हैं। बेखौफ दरिंदे अराजकता फैला रहे हैं। दरिंदों की दरिंदगी की वारदातें कब रुकेगी, अपराध की तारीख बदल जाती है, मगर तस्वीर नहीं बदलती। बेशक प्रतिवर्ष 8 मार्च को विश्व महिला दिवस मनाया गया।



लेखक : नरेंद्र भारती
वरिष्ठ पत्रकार, मंडी

मगर ऐसे आयोजन केवल मात्र औपचारिकता भर रह गए है, क्योंकि हर वर्ष एक संकल्प लिया जाता है कि महिलाओं को अत्याचारों से मुक्ति दिलाई जाएगी, अत्याचारों का खात्मा किया जाएगा। सुरक्षा के लिए बड़े-बड़े दावे किए जाते हैं, मगर धरातल की सच्चाइयां बेहद ही खौफनाक तस्वीरें प्रस्तुत कर रही हैं। आधी दुनिया पर बढ़तें अत्याचार देश के लिए अशुभ संकेत है। आज महिलाएं हर क्षेत्र में सफलता की बुलंदियां छू रही हैं चांद तक अपनी काबिलियत का परचम लहरा रही है।

महिलाओं की सुरक्षा के लिए सैकड़ों कड़े कानून बनाए गए है। मगर यह कानून सरकारी फाइलों की धूल चाट रहे हैं। अगर सही तरीके से लागू किए होते तो, इन मामलों में इजाफा नहीं होता। आज महिलाएं कहीं भी सुरक्षित नहीं है चाहे घर हो दफ्तर हो, बस, सड़क, गली या चौराहा हो महिलाएं हर जगह असुरक्षित ही महसूस कर रही हैं। 2019, 2020, 2021, 2022, 2023 में भी दरिंदों ने दरिंदगी जारी रखी। वर्ष 2024 में भी हालात सुधर नहीं रहे हैं। आंकड़ों के अनुसार 12 सितंबर 2018 को हरियाणा के रेवाड़ी में एक 19 साल की मेधावी छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म कर दिया था। 27 जून 2018 को मध्य प्रदेश के मंदसौर में एक सात साल की नाबालिग स्कूली बच्ची से सामूहिक दुष्कर्म की जघन्य घटना से हर भारतीय उद्वेलित हुआ था। यह बच्ची तीसरी में पढ़ती थी। मासूम से हुई दरिंदगी व हैवानियत की यह घटना बहुत ही दिल दहलाने वाली थी। दरिंदों ने जिस बर्बरता व हैवानियित से घटना को अंजाम दिया था, उससे रोंगटे खड़े हो जाते हैं। दरिंदों ने दरिंदगी की हदे पार कर दी थी। 16 दिसंबर 2012 को सामूहिक दुष्कर्म करने वाले दुष्कर्म की वारदात से हर भारतीय उद्वेलित हुआ था। यह रोंगटे खड़े कर देने वाली घटना बहुत ही दुखद थी। हर रोज अस्मत लूटी जा रही है। दरिंदों द्वारा हर राज्य में दरिंदगी का साम्राज्य बना रहे है।

दरिंदों की अराजकता बढ़ती ही जा रही है। जंगलराज स्थितियां बन रही है। कानून को धता बताकर दरिंदे दरिंदगी का तांडव कर रहे हैं। दरिंदों को सरेआम मौत के घाट उतारना होगा, ताकि आने वाले समय में दरिंदे कई बार सोचेंगे कि उनकी करतूतों का क्या अंजाम होगा। अब समय आ गया है कि दरिंदों को फांसी की सजा से ही इन मामलों पर विराम लग सकता है। वर्ष 2024 के जनवरी माह से देश के हर राज्य में इन मामलों में बेतहासा वृद्धि होती जा रही है। साल के आठ माह में यह दुष्कर्म रुकने का नाम नहीं ले रहे हैं। सरकार को इन मामलों पर त्वरित कारवाई करनी होगी। हर रोज दरिंदें दरिंदगी का तमाशा कर रहे हैं। देश में दुष्कर्म के मामले थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। इससे पहले कठुआ में भी एक बच्ची के साथ दरिंदगी का मामला प्रकाश में आया था। प्रतिदिन इन अपराधों में इजाफा होता जा रहा है। देश में दरिंदगी की वारदातें कब रुकेगीं। गत वर्ष हिमाचल में भी गुड़िया कांड हुआ था। इससे पहले देश की राजधानी दिल्ली में दिल दहला देने वाला कृत्य हुआ था।

जब द्वारका नार्थ इलाके में देर रात टैक्सी से घर लौट रही एक महिला से उबर जैसे रेप का मामला घटित हो गया था। यह बहुत ही घिनौना कृत्य है कि ऐसे प्रकरण थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। देश में लड़कियां कितनी महफूज है इन घटनाओं से अंदाजा लगाया जा सकता है। 26 मार्च 2017 को उत्तर प्रदेश के लखीमपुरी में दो नाबालिग बहनों के साथ दुष्कर्म के बाद हत्या कर दी गई। ऐसी वारदातें खौफनाक हैं। रेप व हत्या की ऐसी घटनाएं दिल दहला देने वाली हैं। 26 मार्च को ही नई दिल्ली में एक युवक ने एक बच्ची को टॉफी दिलाने के बहाने दुष्कर्म किया। देश में हर रोज अबोध बच्चियों से लेकर अधेड़ उम्र की महिलाओं से दुष्कर्म कर रहे हैं। फांसी की सजा से ही इन मामलों पर विराम लग सकता है। बीते वर्ष 2023 में भी अत्याचारों का सिलसिला बेखौफ चलता रहा, दरिंदों ने अपनी दरिंदगी का नंगा नाच जारी रखा। हजारों महिलाएं व नाबालिग बच्चियां दुष्कर्मों का शिकार हुई। वर्ष 2024 के प्रथम माह जनवरी से ही महिलाओं पर अत्याचारों की शुरुआत हो चुकी है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## पाठकों के पत्र...

**मंडी** शहर में अनंत ज्ञान अखबार चर्चा में बना हुआ है, क्योंकि अनंत ज्ञान ने उन मुद्दों को उठाया है, जो मुद्दे जनहित के थे और आज विभिन्न राजनीतिक पार्टियां और संस्थाएं भी इन मुद्दों पर खुलकर बोल रही हैं। इतने कम समय में लोगों के बीच किसी अखबार की खबर पर चर्चा होना अनंत ज्ञान से जुड़े सभी पाठकों और कार्यकर्ताओं के लिए गर्व का विषय है। यह अनुभवी स्टाफ के कारण ही संभव हो पाया है, जिन्होंने अपनी कड़ी मेहनत से अनंत ज्ञान को हर पाठक की पसंद बना दिया है। चाहे वो अस्पताल का मुद्दा हो या कॉलेज का या फिर विश्वविद्यालय में हॉस्टल का मुद्दा हो।

शहर के सौंदर्यीकरण और सफाई का मुद्दा हो, बस स्टैंड में पड़ी गंदगी या फिर लोगों को आ रही समस्याओं के मुद्दे हों। अनंत ज्ञान ने हर मुद्दे को निष्पक्षता से उठाया है और प्रशासन की ओर से इन विषयों पर कार्यवाही भी हुई है। साथ ही शहर की सांस्कृतिक विरासत के बारे में भी अनंत ज्ञान सोशल मीडिया के माध्यम से प्रचार करती है, जिसे युवा पीढ़ी खूब पसंद कर रही है।

**पुष्पा, लेदा मंडी।**

**दैनिक** अनंत ज्ञान समाचार पत्र अपने आप में संपूर्ण अखबार है। विपरीत परिस्थितियों को पीछे छोड़ समाचार पत्र तेजी से विजयी पथ पर अग्रसर है। समाचार पत्र में हिमाचल प्रदेश से जुड़ी खबरों का समावेश होने के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय और खेल जगत की खबरों को भी प्राथमिकता दी जा रही है। इसके अलावा धार्मिक, पर्यटन और स्वास्थ्य संबंधित जानकारी पाठकों तक पहुंच रही है। अनंत ज्ञान समाचार के संपादकीय पन्ने ओपिनियन में भी सामरिक विषयों को उजागर किया जा रहा है। पाठकों को रोचक और पूरी जानकारी उपलब्ध करने के लिए अनंत ज्ञान समूह को ढेर सारी शुभकामनाएं।

**शशि वर्मा, सोलन**

**अनंत** ज्ञान समाचार पत्र में हर वर्ग के लिए समाचार हैं जो इस समाचार पत्र को बढ़िया बनाता है। हेल्थ तथा शिक्षा विषय पर छपने वाले आर्टिकल काफी जानकारीप्रद हैं तथा फोटो आधारित पृष्ठ भी बढ़िया शुरुआत है। अनंत ज्ञान को कम समय में बढ़िया तथा सिंगल एडिशन समाचार पत्र लाकर सफल शुरुआत की है।

इसके लिए मेरी हार्दिक शुभकामनाएं ताकि अनंत ज्ञान समाचार पत्र कांगड़ा जिला समेत प्रदेश के हित में निष्पक्ष तथा सच्चाई की आवाज बनता रहे।

**उत्कर्ष शर्मा, कांगड़ा**

**मैं** जिला ऊना के डोहगी ग्राम पंचायत का स्थायी निवासी हूं। महोदय हमारे क्षेत्र में नशाखोरी, अवैध खनन और वन माफिया की समस्या प्रमुख है। यहां कृषि के कार्य से जुड़े लोग भी हैं। यहां लोग कृषि से जुड़े हैं इसलिए किसानों की समस्याएं भी हैं।

इन समस्याओं को दूर करने के लिए अनंत ज्ञान समाचार पत्र के माध्यम से प्रयास किया गया है। हमारी जानकारी पर कुछ समाचार प्रकाशित हुए भी हैं। अब तक आपका डिजिटल संस्करण पढ़ता हूं। अखबार की प्रति लेने के लिए बंगाणा एजेंसी भी जाना पड़ता है। अनंत ज्ञान समाचार पत्र क्षेत्र के कई आसपास के गांवों में हॉकर्स के पास उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। आपसे आग्रह है कि अगर कोई व्यवस्था हो पाए तो डोहगी, जखोला, भुगड़ियान आदि क्षेत्र में समाचार पत्र पहुंचने की व्यवस्था की जाए। यहां जंगली जानवरों की वजह से किसानों की फसलों का भी नुकसान होता है। इसके अलावा समाचार पत्र में रोजगार संबंधी समाचार और जानकारी होनी चाहिए।

**अनिल कुमार शर्मा (डोहगी ऊना)**

**मैं** जिला ऊना के टक्का ग्राम पंचायत का स्थायी निवासी हूं। महोदय हमारे क्षेत्र में अधिकांश लोग कृषि पर आधारित हैं। यहां जंगली जानवरों की समस्या प्रमुख है। क्षेत्र के साथ लगते जंगली क्षेत्र है। जंगली जानवरों खासकर बंदरों और नील गाय की समस्या से सब परेशान हैं।

यहां अधिकांश लोग कृषि व्यवसाय से भी जुड़े हैं और किसानों की समस्याएं भी अधिक हैं। इन सभी समस्याओं को दूर करने के लिए अनंत ज्ञान समाचार पत्र के माध्यम से प्रयास किया गया है। कृषि संबंधी जानकारी के कई समाचार प्रकाशित हुए भी हैं। अखबार का डिजिटल संस्करण पढ़ता हूं। डिजिटल संस्करण काफी रोचक लगा है। अखबार की प्रति लेने के लिए जिला मुख्यालय भी जाना पड़ता है। अनंत ज्ञान समाचार पत्र क्षेत्र के कई आसपास के गांवों में हॉकर्स के पास उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। आपसे आग्रह है कि अगर कोई व्यवस्था हो पाए तो झलेड़ा से बसाल आदि रूट पर समाचार पत्र पहुंचने की व्यवस्था की जाए। इसके अलावा समाचार पत्र में रोजगार संबंधी समाचार और जानकारी होनी चाहिए।

**नरोत्तम शर्मा (टक्का, ऊना)**

**पाठक अपने पत्र और सुझाव यहां भेज सकते हैं**
***Email : editoranantgyaan@gmail.com***
***Whatsapp no. : 88945-21702***

**अनंत ज्ञान**

प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# रक्षाबंधन पर एचआरटीसी की बसें रही फुल

पुष्पराज, मंडी

रक्षाबंधन के त्योहार का सभी बहनों और भाइयों को बेसब्री से इंतजार रहता है। वहीं सोमवार को रक्षा बंधन के त्योहार पर मंडी शहर में भारी चहल पहल देखने को मिली और खरीददारी के लिए दुकानों के बाहर भारी भीड़ देखने को मिली।

वहीं नए डिजाइन की राखियों की खूब बिक्री हुई साथ ही रक्षा बंधन के दिन राखियों के दाम दुकानदारों द्वारा कम कर दिए गए और मिठाइयों की दुकानों में भी भारी भीड़ देखने को मिली। वहीं सोमवार को सभी महिलाओं के लिए हिमाचल पथ परिवहन निगम में हिमाचल के अंदर फ्रि बस सेवा सुबह 6 बजे से शाम 6 बजे तक दी गई।

इस दौरान सरकारी बसों में भारी भीड़ देखने को मिली और कई बसों में तो पैर खिसकाने की भी जगह नहीं बची। लेकिन इस फ्रि बस सेवा की कई युवतियों और महिलाओं ने सराहना की। लेकिन इस दौरान निजी बस ऑपरेटरों की बसों में आज रस थोड़ा कम देखने को मिला।

एचआरटीसी में फ्रि बस सेवा होनें के कारण ज्यादातर महिलाओं ने सरकारी बस का रूख किया।


एचआरटीसी की बस में महिलाओं की भीड़।

### त्योहार का बेसब्री से इंतजार : नीरज


**नीरज** शर्मा ने बताया कि रक्षा बंधन का सभी बहनें और भाईयों को बेसब्री से इंतजार रहता है। बुजुर्ग महिलाएं भी अपने भाइयों को रक्षा सूत्र बांधने के लिए अपने मायके जाती है और अपने भाइयों से मिलती है उनके मन में एक अलग सा उत्साह रहता है।

### फ्री बस सेवा सराहनीय : प्रिया


**प्रिया** पठानिया ने बताया कि रक्षा बंधन भाई और बहन का त्योहार होता है और कई बार बहनें मिलों दूर से भी अपने भाई को राखी बांधने जाती है। सरकार द्वारा ऐसे त्योहारों पर बस सेवा फ्री देना बहुत ही सराहनीय कार्य है कि बहन कम खर्च में अपने भाई के घर पहुंच उसे राखी बांध सके।

### जारी रहे फ्री बस सेवा : आयुशी


**आयुशी** भारद्वाज ने कहा की महिलाओं को एचआरटीसी प्रबंधन और सरकार द्वारा रक्षा बंधन पर निशुल्क यात्रा करवाई जा रही है जिससे महिलाएं कम खर्च में अपने भाई से मिल सकें और ये सुविधा भविष्य में भी इसी प्रकार से सुचारू रहनी चाहिए।

### राखी बांधने के लिए उत्सुक : यामीनी


**यामीनी** ने बताया कि जो बहनें अपने घर से बाहर रहती है उनको अपने भाई को राखी बांधने के लिए भारी उत्सुकता रहती है और छुट्टी पर घर भी जाती है और एचआरटीसी में बस सेवा फ्री है यह बहुत अच्छी सुविधा सरकार द्वारा दी गई है।

### बच्चों में भी दिखा उत्साह



अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर। जोगिंद्रनगर उपमंडल के तहत भाई बहन के प्रेम का पर्व रक्षा बंधन बड़ी ही धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है। इस अवसर पर सोमवार को जोगिंद्रनगर बाज़ार में भाइयों के लिए राखी बांधने जाने वाली बहनों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है और इस बार बच्चों में भी इस बार राखी को लेकर काफी उत्साह देखा गया।


मंडी में बहन भाई को राखी बांधती हुई।

# बलद्वाड़ा में कार खाई में गिरी एक की मौत, एक घायल

अनंत ज्ञान, सरकाघाट

घुमारवीं सरकाघाट सड़क पर बलद्वाड़ा के पास एक कार तीखे मोड़ पर दुर्घटना ग्रस्त हो गई। जिसमे एक व्यक्ति की मौत और एक व्यक्ति के घायल होने का समाचार मिला है।

जानकारी के अनुसार सोमवार सुबह लगभग चार बजे मारुति स्विफ्ट कार में एक प्राइवेट फॉर्म में काम करने वाले दो चचेरे भाई रक्षाबंधन पर अपने घर बाग (मसेरन) सरकाघाट जा रहे थे तभी धुरखड़ी (बलद्वाड़ा) में बेहद तीखे मोड़ पर अनियंत्रित कार लगभग 10 फिट खाई में गिर गई, जिसमें कार चालक को गहरी चोट लग गई।

**रक्षाबंधन पर घर आ रहा था युवक**

स्थानीय लोगों की मदद से दोनों व्यक्तियों को 108 के माध्यम से बलद्वाड़ा अस्पताल ले जाया गया जहां पर चालक प्रवीण कुमार 34 पुत्र कुलदीप पंचायत बाग मसेरन को डॉक्टरों द्वारा मृत घोषित कर दिया गया व किरण कुमार पुत्र बलबीर पंचायत बाग को मामूली चोट आई है जिसे प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया है। मामले की पुष्टि डीसीपी संजीव गौतम ने की है।


दुर्घटनाग्रस्त कार एवं इनसेट में मृतक युवक का फाइल चित्र।

### मौत का कुआं बना है यह अंधा मोड़

**स्थानीय** लोगों पूर्व पंचायत समिति उपाध्यक्ष आशीष नरियाल, राकेश कुमार, हिमत राम, खेम चंद, रवींद्र, हेत राम, सुरेंद्र, हरि राम आदि लोगो का कहना है कि इस तीखे मोड़ पर लगभग हर माह कोई न कोई गाड़ी गिरती ही रहती है लोगो द्वारा कई बार लोक निर्माण विभाग को इस स्थान पर क्रैश बैरियर या पैरापिट लगाने के लिए आग्रह कर रहा है अगर यहां पैर पिट होते तो यह हादसा नही होता।

## न्यूज ब्रीफ

### जोगिंद्रनगर में होगा भागवत कथा का आयोजन

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** जोगिंदनगर में हर वर्ष के भांति इस वर्ष भी जन्माष्टमी उपलक्ष्य में जोगिंद्रनगर सनातन धर्म मंदिर में मंगलवार से श्रीमद् भागवत कथा शुरू हो रही है मंदिर कमेटी प्रधान जुगल गुप्ता ने बताया कि सनातन धर्म मंदिर को सुंदर लाइटों से सजा दिया गया है तैयारियां पूरी हो गई है। और इस बार वृंदावन प्रभु दयाल शास्त्री के मुखारविंद भागवत कथा वाचन किया जाएगा और बुधवार को सुबह 11 बजे सनातन धर्म मंदिर से कलश यात्रा शुरू होगी लक्ष्मी बाजार से होते गुरुद्वारा तक कलश यात्रा निकाली जाएगी। और जानकारी देते हुए बताया कि 27 अगस्त को जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में कृष्ण जन्मोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया जाएगा और सुंदर झाकियां भी निकाली जाएगी और रात को बाहर से आए हुए गायकों के द्वारा भगवान का गुणगान किया जाएगा और उन्होंने जोगिंद्रनगर वासियों से निवेदन किया है कि इस भागवत कथा में आकर कथा का श्रवण करें।

### विद्यार्थी परिषद ने पुलिस अधिकारियों संग मनाया रक्षाबंधन



**अनंत ज्ञान, मंडी।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा सोमवार को रक्षाबंधन के शुभ अवसर पर पुलिस अधिकारियों के साथ रक्षाबंधन का पर्व मनाया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य पुलिस अधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त करना और समाज में उनके द्वारा किए जा रहे योगदान को सम्मानित करना था। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थी परिषद के सदस्यों ने पुलिस अधिकारियों को राखियां बांधी और उनकी सुरक्षा व स्वस्थ जीवन की कामना की।

### डॉक्टरों ने कंधों पर काले बिल्ले लगाकर दी सेवाएं

**अनंत ज्ञान, मंडी।** कोलकाता के अस्पताल में प्रशिक्षु डॉक्टर के साथ हुई दरिंदगी के विरोध में प्रदेश भर के चिकित्सकों ने कंधों पर बिल्ले लगाकर अपनी सेवाएं दी। हिमाचल प्रदेश चिकित्सा अधिकारी संघ मंडी जिला के प्रधान डॉ. अमित ठाकुर ने कहा कि इस दरिंदगी की विरोध में तथा सभी आरोपियों की गिरफ्तारी व उनके खिलाफ फास्ट ट्रैक कोर्ट में केस चलाकर फांसी की सजा दी जाए। ऑनलाइन बैठक में प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजेश राणा ने कहा कि जब तक सरकार चिकित्सकों की सुरक्षा सुनिश्चित नहीं करती तब तक चिकित्सक कंधों पर काले बिल्ले लगाकर अपनी ड्यूटी देंगे। डॉ. अमित ठाकुर ने बताया कि निजी अस्पताल भी इस आंदोलन में पूरा साथ दे रहे हैं।

### वाटर प्रूफ पंडाल में विराजमान होंगे गणपति बप्पा

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** फूलों से सजे वाटरप्रूफ पंडाल में गणपति विराजमान होंगे। गणपति की मूर्ति प्रतिष्ठापना व विसर्जन कार्यक्रम को लेकर भक्तों में विशेष उत्साह है। जोगिंद्रनगर शहर के मुख्य बाजार में गणपति के सुंदर पंडाल के लिए स्थान आरक्षित कर इसे सजाने का कार्य भी शुरू हो गया है। गणपति सेवा समिति के अध्यक्ष सचिन सूद ने बताया कि सात सितंबर ने को गणेश चतुर्थी के दिन गणपति पंडाल में विराजमान होंगे। प्रतिमा महाराष्ट्र से जोगिंद्रनगर भी इसी सप्ताह पहुंचेगी। प्रतिदिन भजन संध्याए भी होंगी। सात सितंबर को गणपति की पहली शोभायात्रा शहर में दोपहर बाद निकाली जाएगी और पूजा के साथ मूर्ति प्रतिष्ठापना कार्यक्रम पूरा किया जाएगा। 10 दिन तक गणपति महोत्सव में प्रदेश और देश के भजन गायक गणपति की महिमा का गुणगान करेंगे।

### खुले में आग के हवाले किया मेडिकल बायो वेस्ट



**जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर में मेडिकल बायो वेस्ट और दवाइयों को खुले में फेंक कर आग के हवाले करने का मामला सामने आया है। कचरे के ढेर में मवेशियों के लिए इस्तेमाल में लाई जाने वाली बायो वेस्ट सामग्री को आग के हवाले कर स्वच्छता के दावों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। वहीं, नियमों को दरकिनार करने से संक्रामक रोग फैलने की आशंका है। इस बार ग्रामीण क्षेत्र में मिले बायो बेस्ट के ढेर में काफी संख्या में दवाइयां, इंजेक्शन और मवेशियों के इस्तेमाल में लाए जाने वाले इंजेक्शन और उपचार में प्रयोग की गई सामग्री आग के हवाले की गई है। ग्रामीणों के मुताबिक कचरे के ढेर में इंजेक्शन, दवाइयों के अलावा उपयोग में लाई गई बैंडेड और अन्य बायो वेस्ट भी आग के हवाले किया गया है। इसकी जांच संबंधित विभाग ने शुरू कर दी है। पंचायत प्रतिनिधियों ने भी इस मामले में गंभीरता दिखाते हुए अपने स्तर पर जरूरी कार्रवाई अमल में लानी शुरू कर दी है।

### चिट्टे के साथ 24 वर्षीय युवक गिरफ्तार

**मंडी।** टिहरा पुलिस चौकी की टीम ने ग्रयोह के पास 22 ग्राम चिट्टे के साथ 24 वर्षीय युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी युवक से इस बारे में पूछताछ शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक रविवार रात को जब टिहरा पुलिस चौकी प्रभारी सुनील कुमार अपने साथियों के साथ कांगो की गहरा की तरफ गश्त करते हुए ग्रयोह (रिडी) के पास पहुंचे तो उसी समय अवाहदेवी की तरफ से एक युवक पैदल आ रहा था। इस दौरान उसने पुलिस पार्टी को देखकर अपनी जेब से कुछ चीज दाहिने तरफ फेंक दी और एकदम पीछे मुड़कर अवाहदेवी की तरफ जाने लगा। इस पर पुलिस ने उसे संदेह के आधार पर रोका और उसकी ओर से फेंकी चीज को देखा। जिसमें भूरे रंग का पदार्थ पाया गया। चेक करने पर यह पदार्थ चिट्टा पाया गया। इसका वजन किया तो 22 ग्राम निकला। आरोपी की पहचान अभिनव 24 निवासी गांव ग्रयोह डाकघर कांगो का गहरा के रूप में हुई है। उधर, डीएसपी सरकाघाट संजीव कुमार गौतम ने बताया कि केस दर्ज कर लिया गया है।

## बिना पंजीकरण रह रहे प्रवासी लोगों पर कार्रवाई से हड़कंप

**जोगिंद्रनगर।** बिना दस्तावेज और पंजीकरण जोगिंद्रनगर में रह रहे प्रवासी लोगों पर पुलिस की कार्रवाई से हड़कंप मच गया है। कार्रवाई के बाद शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में फर्जी दस्तावेजों से रह रहे करीब 100 लोग वापस चले गए हैं।

तीन पुलिस चौकियों और थाना की टीमों ने सत्यापन अभियान के दौरान रिहायशी इलाकों में छापे मार कर बिना पंजीकरण रह रहे लोगों की जानकारी जुटाई है। अब इन लोगों के आधार कार्ड, वोटर आईडी और राशन कार्ड की जांच पड़ताल के बाद ही उन्हें जोगिंद्रनगर में रुकेन अनुमति दी जाएगी।

# नशे के जाल में फंसता जा रहा हिमाचल : बीआर कौंडल

अनंत ज्ञान, मंडी



सेवानिवृत प्रशासनिक अधिकारी, जनसमाधान केंद्र के संचालक एवं समाजसेवी बीआर कौंडल ने अनंत ज्ञान से बातचीत करते हुए कहा कि हिमाचल प्रदेश नशे के जाल में फंसता जा रहा है। आज के दौर में करीब 70 फीसदी युवा नशे की चपेट में आ गए हैं और उनके परिजन इस बात को स्वीकार करने के बजाय छुपाते हैं, जिससे समाज में बहुत ही विकृति पैदा हो रही है। इस मामले में सरकार भी अपने बचाव में रहती है और सह जानकारी जनता के सामने नहीं आने देती है। हिमाचल प्रदेश में 5 व्यक्तियों की नशा करने से मृत्यु हुई, लेकिन पुलिस रिकार्ड के मुताबिक पिछले तीन सालों में 58 व्यक्ति नशे के कारण मौत का शिकार हुए हैं। स्कूल, कॉलेज और विश्वविद्यालय के बाहर नशीले पदार्थ आसानी से उपलब्ध होते हैं, जबकि पुलिस सीआईडी को इस की जानकारी भी रहती है। नशे के व्यापार में संलिप्त लोगों की संपत्ति जब्त की जानी चाहिए और इन लोगों को सचिव गृह मंत्रालय के आदेश ले कर लंबे समय के लिए जेल भेज देना चाहिए।

# बिंगा के डॉ. पंकज वीसीएसजी उत्तराखंड असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर चयनित

अनंत ज्ञान, मंडी



वल्लभ राजकीय महाविद्यालय मंडी के पूर्व छात्र व मंडी जिला के धर्मपुर क्षेत्र की ग्राम पंचायत बिंगा के डॉ पंकज ठाकुर का वीसीएसजी उत्तराखंड औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर चयनित हुए है। डॉ. पंकज को वानिकी महाविद्यालय रानीचौरी में तैनाती मिली है।

डॉ. पंकज ठाकुर की शुरुआती पढ़ाई गांव के ही सरकारी स्कूल तथा उसके बाद मुनीष मॉडल हाई स्कूल दबरोट-मढी से हुई। उच्च शिक्षा के लिए उन्होंने 12वीं तक की पढ़ाई डीएवी सीनियर सेकेंडरी स्कूल, मंडी से पूर्ण की। फ्लाइंग ऑफिसर डॉ. चमन ने कहा कि पंकज ने वल्लभ राजकीय महाविद्यालय मंडी से बीएससी ऑनर्स बायोटेक्नोलॉजी की पढ़ाई साल 2016 में पूर्ण की।

डॉ. पंकज की कृषि और संबंधित क्षेत्रों में गहन रुचि होने के कारण, उन्होंने एशिया के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय, डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी-सोलन की प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण की, और अपनी मास्टर डिग्री कृषि व्यवसाय प्रबंधन में साल 2018 में पूरी की। पंकज ने मास्टर्स की पढ़ाई के दौरान कई शोध पत्र प्रकाशित किए। इसी विश्वविद्यालय में उनका पीएचडी कृषि व्यवसाय प्रबंधन के लिए भी चयन हुआ। उन्होंने डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय से डॉक्टरेट-पीएचडी की डिग्री मेरिट के साथ प्राप्त की।

## जोगिंद्रनगर में फिर उठी डीएसपी कार्यालय को खोलने की मांग

अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर

जोगिंद्रनगर उपमंडल में आपराधिक घटनाओं को रोकने के लिए अब डीएसपी कार्यालय की मांग को लेकर पंचायत प्रतिनिधि लामबंद हो गए हैं। चौंतड़ा विकास खंड के तहत आने वाली 42 पंचायतों के पंचायत प्रतिनिधियों ने तत्काल प्रभाव से डीएसपी स्तर के अधिकारी को स्थायी तौर पर जोगिंद्रनगर में तैनात करने की पुलिस उच्चाधिकारियों से अपील की है।

पंचायत प्रतिनिधियों ने पुलिस अधीक्षक मंडी साक्षी वर्मा से मुलाकात कर मांग पत्र सौंपा। प्रतिनिधिमंडल में जिला परिषद


प्रधान शूचिका पुलिस अधीक्षक से मुलाकात करते हुए।

सदस्य कुशाल भारद्वाज, विजय भाटियाशामिल रहे। तलकेहड़ पंचायत की प्रधान शुचिका सहित अन्य पंचायत प्रतिनिधि भी एसपी से मिले। उन्होंने डीएसपी पधर दिनेश कुमार से भी इस बारे चर्चा कर आवश्यक कार्रवाई अमल में लाने की मांग की।

# नई पीढ़ी को सनातन संस्कृति से करवाया जाता है परिचित : राकेश

अनिल शर्मा, मंडी

जिला में सोमवार को रक्षाबंधन का पवित्र त्यौहार बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। बहनों ने अपने भाई की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधकर उनकी लंबी उम्र की कामना की वहीं भाइयों ने भी अपनी बहन की सुरक्षा और सम्मान का संकल्प लिया। भाई की कलाई में रक्षा सूत्र बांधने को लेकर बहनों में काफी उत्साह देखा गया।

हिमाचल प्रदेश सेवा भारती विवेकानंद छात्रावास बाड़ी में रक्षाबंधन पर्व धूमधाम से मनाया गया। क्षेत्र की बहनों ने बच्चों को राखी बांधी तथा उन्हें मिठाई


मुख्यातिथि के साथ छात्र।

खिलाकर उनकी दीर्घायु की कामना की। इस अवसर पर हिमाचल प्रदेश सेवा भारती के प्रांत संगठन मंत्री राकेश कुमार ने कहा कि आज हमें अपने त्यौहार सनातन संस्कृति के तहत जो मनाने का सौभाग्य प्राप्त हो रहा है उस नई पीढ़ी को सनातन संस्कृति से परिचित करवाया जाता है।

उन्होंने कहा कि आज भारतवर्ष के पड़ोसी देशों में जो संकट चल रहा है उसके बहुत दूरगामी परिणाम होंगे। भारत में तमाम सनातनी लोगों को इकट्ठे होकर अपने धर्म की रक्षा के लिए काम करने की आवश्यकता है। इस अवसर पर विवेकानंद छात्रावास समिति के अध्यक्ष खेमचंद शास्त्री ने रक्षाबंधन की बधाई देते हुए तमाम सनातन हिंदू धर्म के लोगों को उनके खुशहाल जीवन की कामना की है। (अनंत ज्ञान)

# नशे को लेकर अभियान जारी रखेगी एनजीओ : विजय

अनंत ज्ञान, सरकाघाट

सद्भावना एनजीओ की आम बैठक का आयोजन बरोटी में एनजीओ के अध्यक्ष विजय चंदेल की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिसमें समाज हित के लिए निम्नलिखित निर्णय लिए गए समाज में बढ़ते नशे को रोकने के संदर्भ में सर्व प्रथम राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला धर्मपुर, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सिद्धपुर, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बरोटी, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बरोटी में नशे के प्रति समाज में जागरूकता लाने के संदर्भ में उपरोक्त संस्थान में नशा निवारण जागरूकता शिविर


बैठक के दौरान सामूहिक चित्र में।

में नशे से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में छात्रों को जागरूक करना साथ में सद्भावना एनजीओ के सभी सदस्यों के द्वारा यह भी निर्णय लिया गया की 11 पंचायत में पीपल के वृक्षों का रोपण किया जाएगा।

एनजीओ के सभी सदस्यों ने यह भी निर्णय लिया कि सितंबर माह में बरोटी में रक्तदान शिविर का आयोजन भी किया जाएगा।

इस बैठक में सद्भावना एनजीओ के सचिव सुनील कुमार कोषाध्यक्ष सतीश गुप्ता सदस्य सुभाष ठाकुर, ओमप्रकाश पालसरा, डॉक्टर अशोक कुमार, मेहर चंद, ध्यान सिंह कटवाल, राकेश चंचल, अनिल कुमार, विशाल, रजनीश, साहिल ठाकुर, प्रांजल, इत्यादि उपस्थित रहे जानकारी सद्भावना एनजीओ के मीडिया प्रभारी चंचल सिंह ठाकुर ने दी।

# खालिस्तानियों से बनीखेत के युवक को मिलीं धमकियां

अनंत ज्ञान, चंबा

एक स्थानीय युवक को खालिस्तानियों से धमकियां से मिल रही हैं। विदेशों से उनके नंबर पर कॉल कर जान से मारने की धमकियां दी जा रही हैं।

युवक ने पुलिस से सुरक्षा की गुहार लगाई है। युवक ने गाड़ी की विंड स्क्रीन पर भिंडरावाले की फोटो के विरोध में सोशल मीडिया में पोस्ट डाली थी। इसके बाद उसे खालिस्तानियों की धमकियां मिल रही हैं।

**पुलिस चौकी बनीखेत और डलहौजी थाना प्रभारी ने शुरू की जांच**

युवक ने पुलिस को टैग कर मदद मांगी। इस पर मंडी से सांसद कंगना रनौत ने उन्हें समर्थन का ऐलान किया। कंगना ने कहा कि हिमाचल पुलिस को इस मामले को गंभीरता से देखना चाहिए। पुलिस चौकी बनीखेत और डलहौजी थाना प्रभारी ने जांच शुरू कर दी है।

**गुस्सा** ग्रामीणों ने सरकार के निर्णय को बताया अन्यायसंगत, दोहरे मापदंड का आरोप

# दुर्गम स्कूल टिल्ली-पाटन के बच्चे अब 3 नाले पार कर करेंगे पढ़ाई

अनंत ज्ञान, मंडी

प्रदेश सरकार द्वारा कम एनरोलमेंट वाले स्कूलों को बंद करने का फैसला शिक्षा खंड द्रंग-2 की अति दुर्गम राजकीय प्राथमिक पाठशाला टिल्ली पाटन के नौनिहालों के लिए अब मुसीबत बन गया है।

शिक्षा विभाग द्वारा टिल्ली-पाटन स्कूल को राजकीय केंद्रीय प्राथमिक पाठशाला कथोग में मर्ज किया गया है, लेकिन टिल्ली पाटन से कथोग 4 किलोमीटर के करीब है। प्रदेश सरकार द्वारा हरिजन बस्ती टिल्ली व पाटन के लिए प्राथमिक स्कूल खोला गया था, लेकिन अब इसे मर्ज करने में सिर्फ एनरोलमेंट को ही आधार बनया गया जबकि टिल्ली-पाटन से कथोग की दूरी को पूरी तरह से नजरअंदाज किया गया है। स्थानीय वार्ड मेंबर आरती देवी सहित अभिभावक व स्थानीय निवासी धनी राम, लाल सिंह, मीना देवी, धनी राम पांडे सहित अन्य लोगों ने कहा है कि प्रदेश सरकार द्वारा टिल्ली-पाटन स्कूल का बंद करने का निर्णय सरासर गलत है।

उन्होंने कहा कि यहां के सभी लोग आर्थिक रूप से कमजोर हैं। उन्होंने कहा कि एक तो यह स्कूल बैकवर्ड एरिया में पड़ता है जबकि दूसरी ओर यह स्कूल समर क्लोजिंग है। सर्दियों के दिनों में यहां भारी बर्फबारी पड़ती है ऐसे में यहां के नौनिहाल 4 से 5 किलोमीटर दूर कथोग व रोपा कैसे जा सकते हैं। कथोग जाने के लिए नौनिहालों को करीब 4 किलोमीटर का सफर जंगल से होते हुए करना पड़ेगा। ऐसे में जंगल में एक तो जंगली जानवरों का खतरा जबकि बरसात के दिनों में 3 नाले क्रॉस करने पड़ेंगे। उन्होंने प्रदेश सरकार से पुरजोर मांग उठाई है कि टिल्ली-पाटन स्कूल को मर्ज न किया जाए क्योंकि भविष्य में यहां के नौनिहाल 4 से 5 किलोमीटर दूर जाकर पढ़ाई नहीं कर सकेंगे और वे शिक्षा से वंचित रह जाएंगे। अगर एक भी बच्चा शिक्षा के अधिकार से वंचित रह जाता है तो फिर सरकार का शिक्षा का अधिकार कानून मात्र कागजों तक ही सीमित होकर रह जाएगा।

### द्रंग-1 के बदन व फेगड़ू स्कूल 2-2 नौनिहाल होने से नहीं हुए मर्ज

**शिक्षा** विभाग द्वारा प्राथमिक स्कूलों को मर्ज करने के लिए दोहरे मापदंड अपनाए जा रहे हैं।

शिक्षा खंड द्रंग-1 की राजकीय प्राथमिक पाठशाला बदन व फेगड़ू को 2-2 एनरोलमेंट होने के बाद भी दूरी को देखते हुए मर्ज नहीं किया गया जबकि शिक्षा खंड द्रंग-2 की हरिजन बस्ती के लिए खोले गए दुर्गम टिल्ली-पाटन स्कूल को मर्ज करने का फरमान जारी किया गया जोकि न्यायसंगत नहीं है।

### क्या कहते हैं पीटीएफ के प्रधान

राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ द्रंग-2 के प्रधान भीम सिंह ठाकुर का कहना है कि टिल्ल-पाटन स्कूल को मर्ज करने का फैसला यहां के नौनिहालों के साथ अन्याय है। उन्होंने कहा कि टिल्ली-पाटन को राजकीय केंद्रीय प्राथमिक पाठशाला कथोग में मर्ज किया गया है, जिसकी दूरी करीब 4 किलोमीटर है।

ऐसे में यहां के नौनिहाल पैदल 4 से 5 किलोमीटर दूर कैसे जा सकेंगे क्योंकि यह दुर्गम क्षेत्र के साथ सर्दी के मौसम में बर्फ से भी ढका रहता है और समर क्लोजिंग स्कूल होने पर कथोग जाने के लिए नौनिहालों को 3 नाले भी क्रॉस करने पड़ेंगे। स्कूल की दूरी की गलत रिपोर्ट दी गई है।

# राष्ट्रीय कला मंच सुंदरनगर ने पुलिस जवानों के साथ मनाया रक्षाबंधन

अनंत ज्ञान, सुंदरनगर

आज राष्ट्रीय कला मंच इकाई सुंदरनगर के माध्यम से रक्षाबंधन के पावन पर्व पर सुंदरनगर पुलिस थाना में पुलिस कर्मियों के साथ रक्षाबंधन का पावन त्यौहार मनाया गया।

राष्ट्रीय कला मंच के माध्यम से हर वर्ष रक्षाबंधन का पावन त्यौहार पुलिस जवानों और आर्मी के जवानों, सीमा पर तैनात हम सब की रक्षा करने वाले वीर जवानों के साथ इस पावन पर्व को मनाते है। रक्षा बंधन का पर्व भाई बहन का अटूट प्रेम स्नेह का होता है।

इस पर्व को विद्यार्थी परिषद बहुत ही हर्ष से मनाती आ रही है। इसी के निमित इस पर्व को छात्रा


पुलिस जवानों को रक्षा सूत्र बांधती राष्ट्रीय कला मंच की युवतियां।

**रक्षा बंधन का पर्व भाई-बहन का अटूट प्रेम का होता है स्नेह**

कार्यकर्ताओं ने आज पुलिस थाना सुंदरनगर में बहुत ही हर्ष उल्लास के साथ मनाया है। इसमें मुख्य रूप से जिला संगठन मंत्री पवन कुमार और इकाई मंत्री सोनम सह सचिव बिपाशा और सोशल मीडिया इकाई प्रमुख पायल शर्मा और जया, दीक्षा, प्रीति, सपना, नम्रता इत्यादि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ



**ऊना।** रक्षाबंधन के पावन पर्व पर बहनों ने भाई की कलाई पर राखी बांधकर निभाई रस्म तथा भाई ने उनकी रक्षा का वचन दिया।

### स्वयंसेवियों ने नौण की साफ-सफाई की



**विनोद शर्मा, लठियानी।** रायपुर मैदान स्कूल के राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी पवन कुमार की देखरेख में स्वयं सेवियों ने प्राकृतिक स्रोत यानी नौण की सफाई की, क्योंकि बरसात के दिनों में इसके साथ जो नाला है, उसका पानी भी इसमें आ जाता है। इसकी वजह से पानी पीने की योग्य नहीं रहता है। अशुद्ध जल पीने की वजह से कई प्रकार की बीमारियों के होने का डर रहता है । रायपुर मैदान स्कूल के लिए भी पानी की सप्लाई भी यही से जाती है। स्थानीय शिक्षकों के सहयोग से 4 साल पहले इसमें मोटर डालकर सुविधा ली है और जो यहां पर बाजार में दुकानदार भी यही से पानी प्रयोग में लाते हैं । स्थानीय गांवों के लोग भी पानी पीने के लिए यहीं से ले जाते हैं। यहां पर एक प्राचीन राधा कृष्ण व भोले शंकर जी का प्राचीन मंदिर है। बच्चे बहुत ही लगन के साथ इस गंदे पानी को निकाल रहे हैं, ताकि सभी को स्वच्छ पानी पीने को मिल सके।

### दसाली ठाकुरद्वारा मंदिर में भागवत कथा आज से

**अनंत ज्ञान, ऊना।** हरोली क्षेत्र के गांव भदसाली के ठाकुरद्वारा मंदिर में श्री कृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में श्रीमद् भागवत कथा व संत सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। कथा का शुभारंभ 20 अगस्त को होगा। साप्ताहिक धार्मिक समागम 27 अगस्त तक चलेगा। कथा का गुणगान पंडित अयोध्या दास हरोली वाले करेंगे। कथा का समय रोजाना सुबह 10 बजे से दोपहर डेढ़ बजे तक होगा। तदोपरांत प्रतिदिन लंगर की व्यवस्था होगी। यह जानकारी देते हुए मंदिर के सेवकों प्रदीप कुमार, कुशल, रोहित, अमन, सुषमा व कांता आदि ने बताया कि जन सहयोग से मंदिर में जन्माष्टमी का पर्व भी धूमधाम से मनाया जाएगा। 26 अगस्त को रात 9 से 12 बजे तक भगवान श्रीकृष्ण महाराज का जन्म उत्सव भी हर्षोल्लास से मनाया जाएगा। 27 अगस्त को कथा समाप्ति पर झंडे की रस्म अदा करने उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन होगा । साप्ताहिक समागम के दौरान संत सम्मेलन भी होगा, जिसमें संतो द्वारा प्रवचन करके संगत को गुरु की संगति करने का पाठ पढ़ाया जाएगा । कमेटी ने श्रद्धालुओं से श्रीमद् भागवत कथा व संत सम्मेलन का लाभ उठाने के लिए निमंत्रण दिया है।

### गुग्गा जाहरवीर के गुणगान के लिए निकली मंडलियां



**गुरदेव कुमार, दौलतपुर चौक।** रक्षाबंधन के दिन गुग्गा जाहरबीर के मंदिरों में विधिवत आरती के साथ छात्रों की पूजा की जाती है। गुग्गा जाहरबीर का गुणगान करने के बाद छात्रों को लेकर मंडलियां अपने अपने स्थानों को नंगे पांव रवाना हो जाती हैं। प्राचीन समय से चली आ रही परंपरा को निभाते हुए मंडलियां गांव-गांव जाकर गुग्गा जाहरवीर का गुणगान तथा कथा सुनाती हैं। गुग्गा जाहरवीर के भक्त रात को मंडलियों को ठहरने का प्रबंध करते हैं तथा रात भर गुग्गा जाहरबीर की गाथा गुणगान भेंटे आदि सुनने का आनंद लेते हैं। अंब क्षेत्र के गांव लडोली में बाबा सिद्ध चानो बली का छत्र उठाए भक्तों का कहना है कि जो भक्त आठ दिन लगातार नंगे पांव मंडली सहित सेवा करता है, उसकी हर मनोकामना पूर्ण होती है।

### गुग्गा जी का टोलियों ने किया गुणगान



**अनंत ज्ञान, टाहलीवाल।** रक्षाबंधन के साथ ही गुग्गा जाहरवीर के नाम से गांव-गांव जाकर मंडलियों द्वारा घर-घर जाकर गुग्गा जाहरवीर की महिमा का गुणगान किया जाता है। यह परंपरा हजारों वर्ष से चली आ रही है। इसमें नगर परिषद संतोषगढ़ की मंडली गुग्गा जाहरवीर की गाथाओं का गुणगान कर रही यह लगभग 9 दिन तक चलेगी और गुग्गा नवमी वाले दिन 27 अगस्त को समाप्त होगी। इस मंडली में महादेव, पवन कुमार, देश राज, रामपाल, बलवीर कुमार, हरजिंदर सिंह , जोगिंदर सिंह, गुरप्रीत, अरुण आदि मौजूद रहे।

### गुग्गा जाहरवीर नाईली में चढ़ा चांदी का ध्वज



**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** उपमंडल बंगाणा के प्रसिद्ध प्राचीन गुग्गा जाहरवीर मंदिर में गुग्गा का छत्र मंडली सहित गुणगान के लिए नवनिर्मित चांदी के ध्वज के साथ निकला। आपको बता दें की छत्र के निर्माण के लिए 170 लोगों ने आर्थिक रूप से दान किया है। इसमें निर्माण व ध्वज का स्वरूप रविंदर गर्ग द्वार किया गया। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि चांदी का यह ध्वज सवा छह फुट लंबा 2.85 लाख का बनकर तैयार हुआ जिसको मुनीष ज्वेलर द्वारा बनाया गया। इसमें उन्होंने गयारह हज़ार रुपये अपनी तरफ से सहयोग किया। वहीं, साथ में मंडली के लिए 26 परिधान भी दिए गए जिसका कुल खर्च 21 हजार रहा । ध्वज गुग्गा जहारवीर के चेला राजेश शर्मा की जिम्मेदारी पर गुगजाहरवीर मंदिर में समर्पित किया गया। गुग्गा मंदिर 27 अगस्त को छत्र व ध्वज चढ़ाकर मेले का आयोजन करेगी । इस मौके पर सतीश प्रभाकर, सीएल शर्मा, मदन लाल, किशोरी लाल ठाकुर, बाबूराम शर्मा, सूबेदार राकेश, सुनील कुमार, शिव कुमार आदि उपस्थित रहे।

# देहलां में लैब सेंटर का उद्घाटन

## संत बाबा जीत सिंह जी व संगत के प्रयासों से लोगों को मिलेगी सुविधा



संत बाबा जीत सिंह जी कार सेवा वाले व संगत के प्रयासों से लाइफ केयर फाउंडेशन द्वारा स्थापित मेडिकल टेस्ट लैब के उद्घाटन पर मौजूद गणमान्य।

**अनंत ज्ञान, ऊना**

ऊना विधानसभा क्षेत्र के तहत गांव देहलां में स्थित गुरुद्वारा पातशाही दसवीं में संत बाबा जीत सिंह जी कार सेवा वाले व संगत के प्रयासों से लाइफ केयर फाउंडेशन द्वारा सेवाभाव में स्थापित मेडिकल टेस्ट लैब का उद्घाटन गुरु नानक देव जी के वंशज बाबा अमरजोत सिंह बेदी द्वारा किया गया है।

गुरुद्वारा साहिब में स्थापित की गई इस लैब में सभी प्रकार के टेस्ट 75 प्रतिशत कम दरों पर किए जाएंगे और 24 घंटों में सभी टेस्टों की रिपोर्ट मोबाइल फोन पर उपलब्ध करवा दी जाएगी। उन्होंने बताया की सुबह 7 से 12 बजे तक सभी प्रकार के टेस्ट किए जाएंगे। इस अवसर पर बाबा अमरजोत सिंह बेदी ने कहा बाबा जीत सिंह व स्थनीय संगत इस जनहित कार्यों के लिए प्रशंसा के पात्र है। उन्होंने कहा कि लैब खुलने से यहां स्थानीय स्तर पर लोगों को लाभ मिलेगा, वहीं सस्ती दरों पर नजदीक टेस्ट उपलब्ध होंगे।

वहीं, लाइफ केयर फाउंडेशन के प्रबंधक मंदीप सिंह ने बताया की संस्था के निदेशक अवतार सिंह जी के नेतृत्व में हिमाचल का यह पांचवां कलेक्शन सेंटर स्थापित किया गया है।

संस्था द्वारा अब तक पंजाब, हरियाणा, हिमाचल में 90 से अधिक सेंटर स्थापित किए जा चुके हैं और मुख्य लैब डेराबस्सी में स्थापित की गई है जो कि एन.ए.बी.एल द्वारा मान्यता प्राप्त है। इस अवसर पर बाबा जीत सिंह, अवतार सिंह, मंदीप सिंह प्रबंधक, गुरु नानक मिशन संस्था के महासचिव हरपाल सिंह कोटला, जोग्मान सिंह, सुखवंत सिंह, आजम, विवेक लैब तक्नीशियन सहित अन्य उपस्थित थे।

### राकेश बने जल शक्ति विभाग बंगाणा के अधिशाषी अभियंता

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** उपमंडल बंगाणा के जल शक्ति विभाग को राकेश ठाकुर के रूप में नए अधिशाषी अभियंता के रूप में मिल गए हैं और सोमवार को अधिशाषी अभियंता राकेश ठाकुर ने थानाकलां के जल शक्ति विभाग में विधिवत ज्वाइन कर लिया है।



राकेश ठाकुर जिला मंडी हमीरपुर चौंतड़ा में बतौर अधिशाषी अभियंता के तौर पर सेवाएं देने के बाद सेवाएं देने यहां पहुंच गए हैं। मीडिया से बार करते हुए अधिशाषी अभियंता राकेश ठाकुर ने कहा कि उपमंडल बंगाणा में पीने के पानी के साथ खेतों को सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध करवाना प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने कहा कि स्थानीय विधायक विवेक शर्मा के जो कुटलैहड़ विस क्षेत्र के लिए जल शक्ति विभाग के ड्रीम प्रोजेक्ट्स हैं। उन्हें जल्द अमलीजामा पहनाकर जनता को लाभ दिया जाएगा।

### सांसद से उठाई ऊना-इंदौर एक्सप्रेस के मेरठ छावनी स्टेशन पर ठहराव की मांग



सांसद अनुराग ठाकुर को ज्ञापन सौंपते हुए अरुण कौशल

**अनंत ज्ञान, ऊना**

युवा नेता अरुण कौशल द्वारा हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से सांसद अनुराग ठाकुर के समक्ष हिमाचल की रेल मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। इसमें दौलतपुर चौक से दिल्ली के बीच चलने वाली हिमाचल एक्सप्रेस रेलगाड़ी का मथुरा तक विस्तार और दौलतपुर चौक से साबरमती के बीच चलने वाली दैनिक एक्सप्रेस रेलगाड़ी को सप्ताह के दो दिन वाया जयपुर-रिंग्स- रेवाड़ी मार्ग पर चलाने की मांग प्रमुखता से रखी गई हैं।

उन्होंने कहा कि हिमाचल से भारी संख्या में लोग श्री खाटु श्याम और वृंदावन की तीर्थ यात्रा करते हैं। मांगों के पूरा होने से श्रद्धालु सीधे रिंग्स और मथुरा पहुंच जाएंगे, साथ में समय और धन भी कम लगेगा। वहीं, रेलवे की आय में भी वृद्धि होगी। इस के साथ उन्होंने ऊना हिमाचल स्टेशन से इंदौर के बीच चलने वाली एक्सप्रेस रेलगाड़ी का मेरठ छावनी स्टेशन पर ठहराव किए जाने की मांग रखी गई। उन्होंने बताया कि इस रेलगाड़ी का मेरठ छावनी पर ठहराव न होने से हमारी सेना के जवानों और उनके परिवार के सदस्यों को काफ़ी परेशानी होती है।

इस पर सांसद अनुराग ठाकुर ने आश्वासन दिया कि वह जल्द केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी से मिलकर ये मांगें रखेंगे और जल्द ये मांगें पूरी होंगी।

### डीसी ने चिंतपूर्णी में लिया जायजा




चिंतपूर्णी। उपायुक्त जतिन लाल ने माता श्री चिंतपूर्णी जी मंदिर में श्रद्धालुओं के लिए सुविधा विस्तार और मंदिर परिसर में चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने श्रद्धालुओं के लिए सुगम व सुदृढ़ व्यवस्था बनाने तथा विकास कार्यों में गुणवत्ता सुनिश्चित बनाने को लेकर अधिकारियों का मार्गदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने मंदिर विस्तार की योजना पर विचार-विमर्श किया।

### आईटीआई ऊना में साक्षात्कार 22 को

**अनंत ज्ञान, ऊना।** होंडा कार इंडिया लिमिटेड, राजस्थान 22 अगस्त को आईटीआई ऊना में एक साक्षात्कार आयोजित करेगी। साक्षात्कार में फिटर, ऑटोमोबाइल, मशिनिस्ट, टर्नर, वेल्डर, डीजल मकैनिक आदि ट्रेडों के अभ्यर्थी भाग ले सकते हैं। यह जानकारी आईटीआई ऊना के प्रधानाचार्य ई. अंशुल भारद्वाज ने दी।

उन्होंने बताया कि हौंडा कम्पनी में 100 अप्रेंटिसशिप और 50 फिक्स्ड टर्म एसोसिएटस की जरूरत है। अप्रेंटिसशिप के लिए अभ्यर्थी की आयु 18 से 23 वर्ष और फिक्स्ड टर्म एसोसिएटस के लिए आयु 19 से 25 के साथ-साथ कम से कम 6 माह का अनुभव होना जरूरी है। उन्होंने बताया कि अभ्यर्थी हिमाचल प्रदेश या पंजाब का स्थाई निवासी होना चाहिए तथा कोविड की दोनों डोज लगी होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि साक्षात्कार में अप्रेंटिसशिप के लिए चयनित अभ्यर्थी को 12 हजार 850 और फिक्स्ड टर्म एसोसिएटस के लिए चयनित अभ्यर्थी को 24 हजार 250 रुपए प्रतिमाह वेतन दिया जाएगा।

### रैली निकाल बताए एड्स के दुष्प्रभाव

**अनंत ज्ञान, हरोली**

हरोली उपमंडल के एसडीडब्ल्यूजी कॉलेज के रेड रिबन क्लब ने सोमवार को एक महत्वपूर्ण एचआईवी एड्स और ड्रग जागरूकता रैली का आयोजन किया, जो कॉलेज से शुरू हुई और बीटन गांव तक गई। रैली का उद्देश्य छात्रों और स्थानीय समुदाय के बीच एचआईवी/एड्स और नशीली दवाओं के दुरुपयोग के खतरों के बारे में जागरूकता बढ़ाना था।

नोडल अधिकारी प्रो. गुरमेल सिंह के नेतृत्व में और रेड रिबन क्लब के सभी सदस्यों की सक्रिय भागीदारी के साथ, इस कार्यक्रम में छात्रों और कर्मचारियों दोनों की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखी गई।

रैली में छात्र नशा मुक्त जीवन और एचआईवी / एड्स की रोकथाम की वकालत करने वाले सशक्त संदेश वाले बैनर और तख्तियां लेकर चल रहे थे। जैसे ही जुलूस एसडीडब्ल्यूजी कॉलेज से बीटन गांव की ओर बढ़ा, इसने




एड्स और ड्रग जागरूकता शिविर के तहत रैली का आयोजन किया गया।

स्थानीय निवासियों का काफी ध्यान आकर्षित किया, जो प्रतिभागियों से जुड़े रहे और सूचनात्मक पर्चे प्राप्त किए। छात्रों ने समुदाय के साथ सक्रिय रूप से बातचीत की, स्वास्थ्य और सुरक्षा का संदेश फैलाया और इन महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा को प्रोत्साहित किया। वाइस प्रिंसिपल प्रोफेसर गुरदेव सिंह, डॉ. दलीप बाली, डॉ. गौरव शर्मा, प्रोफेसर बुटा राम और प्रोफेसर रमेश कुमार सहित अन्य सभी स्टाफ सदस्यों ने भी रैली में भाग लिया। छात्रों के साथ मार्च किया और इस उद्देश्य के लिए अपना समर्थन दिखाया।

### आज भरे जाएंगे एजेंसी मैनेजर के लिए 5 पद

**अनंत ज्ञान, ऊना।** मैसर्ज केयर हेल्थ इंश्योरेंस लिमिटेड में एजेंसी मैनेजर के 5 पद नियमित आधार पर भरे जाएंगे। इन पदों के लिए साक्षात्कार 20 अगस्त को सुबह साढ़े दस बजे जिला रोजगार कार्यालय ऊना में आयोजित होगा।

इस बारे में जानकारी देते हुए जिला रोजगार अधिकारी अक्षय शर्मा ने बताया कि इन पदों के लिए शैक्षणिक योग्यता किसी भी स्ट्रीम में ग्रेजुएशन, आयु सीमा 24 से 40 वर्ष और वेतन 20 से 25 हज़ार रुपए प्रतिमाह निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी अपनी योग्यता प्रमाण पत्र, जन्म तिथि, रोजगार कार्यालय पंजीकरण कार्ड, आधार कार्ड नम्बर, दो पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ व मूल प्रमाण पत्र सहित साक्षात्कार में भाग ले सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए 9023141313 पर संपर्क किया जा सकता है। साक्षात्कार में आने जाने का यात्रा भत्ता देय नही होगा।

### संतोषगढ़ में संगत को प्रभु सिमरन से जोड़ा

**नरेश सिंघा, टाहलीवाल**

स्थानीय ऐतिहासिक श्री गुरु रविदास मंदिर संतोषगढ़ में बीती संध्या संक्रांति पर्व पर मासिक धार्मिक आयोजन हुआ। इसमें डेरा बाबा गोबिंद दास जी महाराज खानपुर से गद्दीनशीन संत बाबा रविंद्र दास महाराज ने संगत को कथा कीर्तन से निहाल किया। उनके साथ मंदिर में दिल्ली में एक्साइज ड्यूटी प्रमुख दुष्यंत कुमार दरभंगा ने अपनी पत्नी संग शिकरत कर गुरु रविदास महाराज का आशीर्वाद प्राप्त किया, साथ ही अपने बहुमूल्य विचार दिए।

बाबा रविंद्र दास महाराज ने मेरा जन्म तुम्हारे लेखे, सतगुरु कृपा करदेयो जी एह मन नहीं मनदा मेरा कैना, सच्चे पातशाह तेरी जय जयकार, एसी लाल तुझ बिन कौन करे आदि शब्द गायन तो गुरु नामदेव, गुरु कबीर व गुरु रविदास महाराज की कथा कीर्तन सुनाकर संगत को प्रभु सिमरन से जोड़ा। इस आयोजन की समाप्ति आरती के साथ हुई। इस मौके पर गुरु रविदास मंदिर कमेटी के प्रधान अधिवक्ता कुलविंद्र सिंह



रविदास मंदिर में शबद कीर्तन करता रागी जत्था।

**संक्रांति पर्व पर रविदास मंदिर में धार्मिक आयोजन**

बैंस ने संत रविंद्र दास जी को सिरोपा डाल सम्मानित किया, जबकि दिल्ली से पहुंचे दुष्यंत कुमार दरभंगा व उनकी पत्नी प्रकाश कौर को भी सिरोपा देकर मंदिर पहुंचने के लिए आभार व्यक्त किया। इससे पूर्व कीर्तन की शुरूआत में स्थानीय कथा कीर्तन कर्ता रामपाल बस्सन ने भी दो प्रस्तुतियां देकर गुरु महाराज का गुणगान किया। इस मौके पर मंदिर कमेटी के सचिव मनोहर लाल, कोषाध्यक्ष अशोक कुमार बस्सन, सदस्य सुरजीत राम, महादेव, सोनू, नरेश सिंघा, सुलिंदर चोपड़ा, सुरेश, ज्ञानो देवी, बिंदो देवी, आशा देवी सहित गणमान्य मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

### श्री साईं विवि पालमपुर का बंगाणा महाविद्यालय से हुआ समझौता

**राजेश ठाकुर, बंगाणा**

अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय बंगाणा और श्री साईं विश्वविद्यालय पालमपुर के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हुए। इस दस्तावेज पर महाविद्यालय बंगाणा के प्राचार्य डॉ. रमेश ठाकुर और प्रोफेसर वीपी पटियाल, डीन साइंस, सीओई श्री साईं विश्वविद्यालय, पालमपुर ने हस्ताक्षर किए।

इन दस्तावेजों के लागू होने से छात्रों को शैक्षणिक, करियर संबंधी और रोजगार के अवसर भी मिलेंगे। यह दस्तावेज 5 महत्वपूर्ण बिंदुओं पर काम करेगा जिसमें संकाय विकास, रोजगार, प्रशिक्षण कार्यक्रम, शोध को प्रोत्साहित करना तथा विद्यार्थियों को विभिन्न विषयों पर व्याख्यान की सुविधा उपलब्ध कराना शामिल है।



प्राचार्य डॉ. रमेश ठाकुर ने इस दस्तावेज को महाविद्यालय के विकास के लिए मील का पत्थर बताया, जो विद्यार्थियों को भविष्य में शैक्षणिक अनुभव के साथ-साथ रोजगार के अवसर भी प्रदान करेगा। इस अवसर पर महाविद्यालय बंगाणा के उपप्राचार्य प्रो. रेखा शर्मा और प्रो. सिकंदर नेगी मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

**जायजा** नरसिंह देव मंदिर पिपलू में वार्षिक मेले को लेकर दिए निर्देष

### विधायक विवेक ने किया भूमि का निरीक्षण

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

विधायक विवेक शर्मा ने सोमवार को ऐतिहासिक नरसिंह देव मंदिर के पिपलू मेले में भूमि की कमी को दूर करने के लिए आज पिपलू में मैदान के लिए भूमि का निरीक्षण किया। निरीक्षण करते समय उन्होंने कहा कि यह कुटलैहड़ क्षेत्र का एक ऐतिहासिक मेला है, जो कि धार की चोटी पर स्थित है। धार की चोटी पर होने के कारण यहां हर वर्ष भूमि की कमी रहती है। इससे आम जनता को बहुत समस्याओं का सामना करना पड़ता है, जिन्हें दूर करने के लिए आज विधायक विवेक शर्मा ने मेले के लिए नई भूमि का निरीक्षण किया।

विधायक ने कहा कि भूमि का चयन होने के बाद जल्द से जल्द इस मेला ग्राउंड को तैयार किया जाएगा।

विधायक विवेक शर्मा ने आज रक्षाबंधन पर कुटलैहड़ वासियों, प्रदेश वासियों को समस्त देशवासियों को रक्षाबंधन की बधाई दी और कहा कि यह भाई और बहन के अटूट प्रेम और बंधन का भी प्रतीक है। यही वजह है कि प्रतीक के तौर पर बहनें अपने भाई की कलाई पर कच्चा धागा बांधकर उनसे अपनी रक्षा का वचन लेती है।



ऐतिहासिक नरसिंह देव मंदिर के पिपलू मेले में भूमि का जायजा लेते विधायक।

**सुनी समस्याएं :** विधायक ने अपने कार्यालय बंगाणा में सोमवार को लोगों की जन समस्याएं सुनीं। इनमें से अधिकतम जन समस्याओं का मौके पर ही निपटारा कर दिया गया लेकिन बाकी बची सभी अधिकारियों को निर्देश दिए गए किजल्द से जल्द इन समस्याओं को दूर किया जाए ताकि लोगों को बार-बार कार्यालय के चक्कर न लगाने पड़े।

इस मौके पर तहसीलदार बंगाणा अमित कुमार, खंड विकास अधिकारी सुशील कुमार, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राम आसरा, बीडीसी सदस्य जोगिंद्र देव आर्य के साथ अन्य विभागों से आए हुए अधिकारी व अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।



# कल्पना ने पेड़ को राखी बांधकर पेड़ लगाकर मनाया रक्षाबंधन

## कल्पना से प्रभावित होकर मुस्लिम भाई श्रीमंसारी ने भी मनाया राखी पर्व

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मनाली**

मनाली की कल्पना ठाकुर ने पेड़ को राखी बांध कर तथा पेड़ लगाकर रक्षाबंधन पर्व धूमधाम से मनाया। कल्पना पिछले 15 वर्षों से एक अनूठी परंपरा निभा रही है।

इस महान कार्य के पीछे उनके पिता पर्यावरण प्रेमी एवं राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता किशन लाल हैं। कल्पना पेड़ को अपना भाई समझती हैं और हर रक्षाबंधन पर पेड़ को राखी बांधती हैं। कल्पना से प्रभावित होकर मनाली में रह रहे मुस्लिम भाई मंसारी ने भी आज राखी पर्व मनाया। उन्होंने कल्पना के इस कार्यक्रम में शामिल होकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कल्पना ने राखी पर्व मनाते हुए पेड़ को भाई माना और पर्यावरण बचाओ का भी संदेश दिया। कल्पना ने महज तीन वर्ष की उम्र में ही देवदार के पेड़ को अपना भाई मानते हुए हर वर्ष इस पेड़ पर राखी बांधना शुरू किया था। इसका सिलसिला अभी तक चला हुआ है। अब कल्पना 18 वर्षों की हो गई है और पिछले 15 वर्षों से देवदार के पेड़ को राखी बांधकर उसकी रक्षा भी वन काटूओं से कर रही है। शुरू में कल्पना के इस काम को देखकर आस-पड़ोस के लोग जहां मजाक उड़ा रहे थे, लेकिन अब वे इससे प्रेरणा पाकर पेड़ों और पर्यावरण की रक्षा के लिए आगे रहे हैं। कल्पना का कहना है कि उसका कोई भाई नहीं है इसलिए उसने पेड़ को ही भाई मानकर उसे राखी बांधना शुरू किया है। मंसारी ने भी सभी हिंदू मुस्लिम भाइयों से आग्रह किया कि पर्यावरण के संरक्षण को आगे आएं।



मंसारी और कल्पना ठाकुर किशन लाल के साथ मिल कर रक्षाबंधन मनाते हुए।

### कल्पना को मिल चुके हैं कई अवॉर्ड

कल्पना के पर्यावरण प्रेम को देखते हुए उसे छह संस्थाएं सम्मानित कर चुकी हैं। कल्पना को वर्ष-2011 में वन्य प्राणी सुरक्षा संस्थान की ओर से ट्री ऑफ लाइफ अवॉर्ड दिया गया है। हिमालयन पर्यावरण एवं वन्य प्राणी संस्थान की ओर से वृक्ष मित्र, स्कूल की ओर से एप्रीशियेशन अवॉर्ड, प्रेस क्लब कुल्लू की ओर से पर्यावरण मित्र अवॉर्ड, सुर संगम कला मंच की ओर से एक्सीलेंसी अवॉर्ड, ठाकुर वेदराम मैमोरियल अवॉर्ड भी 2017 में मिल चुका है। कल्पना के पिता कृष्णलाल ने कहा कि उनकी बेटी ने आज भी पेड़ को राखी बांधकर रक्षा बंधन के इस पर्व को धूमधाम से मनाया।

## एसडीएम बंजार ने 30 बच्चों को ऐच्छिक निधि से बांटी वर्दी



**अनंत ज्ञान, बंजार**

कुल्लू के बंजार उपमंडल में बतौर एसडीएम सेवाएं दे रहे एचएएस अधिकारी पंकज शर्मा ने समाज सेवा के क्षेत्र में अनूठी मिसाल पेश की है।

चार माह पूर्व वह सैंज घाटी की दुर्गम गाड़ापारली पंचायत के दौरे पर गए थे, जहां पर करीब दस घंटे पैदल चलकर शाकटी गांव में उन्होंने लोगों की समस्याओं को गौर से सुना। इस दौरान पंकज शर्मा ने मिडल स्कूल शाकटी में अध्ययनरत छात्रों, अभिभावकों और अध्यापकों से भी भेंट की ओर उनकी मांगों ओर समस्याओं से अवगत हुए। सभी लोगों ने एसडीएम से स्कूली बच्चों के लिए अच्छी गुणवत्ता की वर्दी देने का आग्रह किया। अभिभावकों ने एसडीएम से कहा कि पिछड़े हुए पंचायत के इस स्कूल के बच्चों को वर्दी मिलने से ऊर्जा मिलेगी। मौके पर एसडीएम पंकज शर्मा ने शाकटी गांव के लोगों से वादा किया कि वह यहां अध्ययनरत बच्चों के लिए वर्दी का प्रबंध करेंगे। वादे के मुताबिक पंकज शर्मा ने उपमंडल स्तर के समारोह में 30 बच्चों की वर्दियों की कीटे अध्यापकों को सौंपी। किट के अंदर प्रत्येक छात्र के लिए दो वर्दियां डाली गई हैं। सर्दी के मौसम के लिए गर्म वर्दी का प्रबंध भी किया गया है।

# विधायक प्राथमिकता में नई स्कीमों की कार्ययोजना जल्द तैयार करें अधिकारी : अनुराधा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति के मुख्यालय केलांग में जनजातीय उपयोजना के तहत लाहौल में करवाए जा रहे विभिन्न विकासात्मक कार्यों को लेकर वित्तीय एवं भौतिक उपलब्धियां की समीक्षा बैठक विधायक अनुराधा राणा लाहौल-स्पीति की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

बैठक में जनजातीय उपयोजना के तहत जिले के विभिन्न विभागों की ओर से विकासात्मक कार्यों को प्रभावी तरीके से क्रियान्वयन सुनिश्चित बनाने को लेकर अनुराधा राणा ने आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करते हुए कहा की लाहौल व उदयपुर उपमंडल के विकासात्मक कार्यों पर इस वित्तीय वर्ष में 47 करोड़ के करीब धन राशि व्यय की जा रही है, जिससे लाहौल क्षेत्र का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित बनाया जा रहा है। बैठक में उन्होंने विभाग द्वारा विकासात्मक कार्यों की भी समीक्षा की और यह भी कहा कि कठिन भौगोलिक परिस्थितियां होने के कारण विकासात्मक कार्यों में अधिकारी व कर्मचारी व्यक्तिगत रूप से भी गुणात्मक कार्यों की ओर विशेष प्राथमिकता रखें, ताकि लोगों को प्रदेश सरकार व केंद्रीय प्रायोजित योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ प्राप्त हो सके। उन्होंने कहा कि अधिकारी सड़क, बिजली, पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य कृषि, उद्यान व पशुपालन व्यवसाय, जैसी मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित बनाने के लिए प्राथमिकता रखें। विधायक अनुराधा राणा ने कहा कि जनहित से जुड़े मुद्दों को लेकर विभागीय अधिकारी विधायक प्राथमिकता में नए तीन कार्यों की स्कीमें जल्द तैयार करें, ताकि लोगों को अधिक से अधिक लाभान्वित किया जा सके। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश जारी किए कि लंबित कार्य को जल्द पूर्ण करवाया जाए और अधिक कार्यों की केंद्रीय प्रायोजित स्कीम के तहत डीपीआर तैयार कर प्रदेश सरकार को स्वीकृत करवाने के लिए प्रेषित करें। उन्होंने यह भी कहा कि जिले के विभिन्न बाढ़ ग्रस्त क्षेत्रों में व नालों में जल बहाव कम होते ही बाढ़ रोकथाम कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर करवाया जाएगा। आपदा शमन निधि के तहत जिले में 6 करोड़ रुपए विभिन्न बहाली कार्यों के तहत व्यय किए गए हैं। विधायक राणा ने निर्देश जारी किए कि अधिकारी समन्वय के साथ कार्यों को तेज गति प्रदान करें।




# दिव्यांग बच्चों की बनाई राखियों को कुल्लू के विभिन्न स्कूलों में पहुंचाया

**अनंत ज्ञान, कुल्लू**

कुल्लू जिले के विभिन्न स्कूलों में रक्षा बंधन के त्योहार को देखते हुए नव चेतना संस्था के दिव्यांग बच्चों के द्वारा तैयार की गई राखियों को वितरित किया गया।

इस संदर्भ में रोटरी क्लब कुल्लू के अध्यक्ष अंशुल पराशर ने बताया कि नवचेतना संस्था के बच्चों ने रक्षा बंधन के त्योहार के लिए बहुत ही सुंदर राखियों का निर्माण किया है। रक्षा बंधन के त्योहार के दौरान इन बच्चों के द्वारा तैयार की गई राखियों को जिले के विभिन्न स्कूलों में वितरित किया गया। इस दौरान स्कूलों के बच्चों ने इन सुंदर राखियों को खरीद कर दिव्यांग बच्चों के मनोबल को बढ़ाया। रोटरी क्लब के अध्यक्ष अंशुल पराशर ने स्कूल प्रशासन, अध्यापकों, प्राध्यापकों, स्कूल के बच्चों और बच्चों के अभिभावकों को इस नेक कार्य में सहयोग देने के लिए आभार जताया।

रोटरी क्लब कुल्लू कई वर्षों से नव चेतना संस्था के साथ जुड़ा हुआ है और समय-समय पर अपना सहयोग देता रहा है और भविष्य में रोटरी क्लब कुल्लू नव चेतना संस्था को अपना सहयोग देता रहेगा। इसके साथ ही उन्होंने इस नेक कार्य में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए भारत भारती स्कूल कुल्लू, ओएलएस स्कूल कुल्लू, डीएवी स्कूल मोहल, ब्रह्म ऋषि स्कूल रघुनाथपुर व जरड़, सरस्वती विद्या मंदिर बाशिंग, केडी स्टार स्कूल बाशिंग, कुल्लू साइंस स्कूल ढालपुर, डीएवी स्कूल मनाली का विशेष रूप से धन्यवाद किया। इस अवसर पर नव चेतना संस्था के सदस्य वित्त विभाग से सुजाता, प्रशिक्षिक प्रभु इन दिव्यांग बच्चों के साथ विशेष रूप से उपस्थित रहे।



नव चेतना संस्था के दिव्यांग बच्चों के द्वारा बनाई गई राखियों को खरीदते स्कूलों के बच्चे।

## अंबाला का टूरिस्ट गाइड पार्वती घाटी से लापता

**कुल्लू।** कुल्लू की पार्वती घाटी से एक युवक के लापता होने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार लापता हुआ युवक हरियाणा के अंबाला का रहने वाला है। बताया जा रहा है कि युवक कालगा में बतौर टूरिस्ट गाइड का काम करता था।

युवक पिछले 13 अगस्त से लापता है और तब से युवक के बारे में किसी को कोई भी सूचना नहीं मिल पाई है। युवक के घरवालों ने बार-बार संपर्क स्थापित करने की कोशिश करने के साथ-साथ युवक को तलाश करने की भी बहुत कोशिश की मगर, अब तक उनके हाथ सिर्फ निराशा ही लगी है। लापता हुए युवक का फोन भी काफी समय से बंद आ रहा है। अपने बेटे की तलाश में पार्वती घाटी पहुंचे अंबाला निवासी पिता निर्मल सैनीउ ने पुलिस में बेटे का अपहरण करने की शिकायत दर्ज की है। इस संदर्भ में एसपी कुल्लू डॉ. कार्तिकेयन गोकुलचंद्रन ने कहा कि मामला दर्ज कर लिया है और पुलिस स्थानीय बचाव टीम की मदद से हर संभावित जगह पर युवक की तलाश कर रही है।

# लरांकेलो काहिका मेले में दूसरे दिन भी रही धूम

## पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर रहे कार्यक्रम के मुख्यातिथि, गो तस्करी की घटनाओं पर भी जताई चिंता

**मोहन कपूर, पतलीकूहल**

लरांकेलो काहिका के दूसरे दिन भी मेले की धूम रही। लरांकेलो कहिका मेले के दूसरे दिन बतौर मुख्यातिथि पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित रहे।

इस अवसर पर पूर्व मंत्री ने अपने संबोधन में मेला कमेटी के सदस्यों सहित आयोजन में भागीदार सभी सहयोगियों का धन्यवाद किया। उन्होंने इस अवसर पर सभी ग्राम वासियों से आह्वान किया कि सभी कम से कम एक पेड़ मां के नाम पर जरूर लगाएं। सभी अगर एक-एक पेड़ लगाएंगे, तो पर्यावरण को नष्ट होने से बचाया जा सकता है। वन कटान को रोकने के लिए सभी गांव वासियों की अहम भूमिका होनी चाहिए। अवैध कटान गांव वासी मिलकर इस कदम के साथ रोक लगा सकते हैं। उन्होंने कुल्लू में हो रही गो तस्करी की घटनाओं पर भी चिंता जताई। उन्होंने आह्वान किया कि लोग इस ओर भी अपनी भूमिका सुनिश्चित करेंगे और गो तस्करी जैसे जघन्य अपराध को रोकने के लिए आगे आएंगे। इस अवसर पर उन्होंने मेले में शिरकत कर चुके सभी देवी-देवताओं के आगे शीश नवाया। इसके बाद पूर्व मंत्री ने मेले में आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता में भाग ले रहे सभी खिलाड़ियों से भेंट कर उनकी हौंसला अफजाई करते हुए अपनी शुभकामनाएं भेंट की। इससे पहले मेला कमेटी के अध्यक्ष डेंबू राम ने गोविंद सिंह ठाकुर को कुल्लवी टोपी और मफलर पहना कर सम्मानित किया। (अनंत ज्ञान)



लरांकेलो काहिका मेले के दूसरे दिन के दौरान खेल प्रतियोगिताओं में भाग ले रहे खिलाड़ियों से भेंट करते हुए पूर्व मंत्री।



# लरी विद्यालय की छात्राओं ने डोगरा रेजिमेंट के जवानों को बांधी राखी

**अनंत ज्ञान, कुल्लू**

लाहौल-स्पीति के शीत मरुस्थल स्पीति घाटी में स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय लरी में भाई बहन के पवित्र प्रेम और सम्मान को समर्पित रक्षाबंधन बढ़े ही हर्षोल्लास से मनाया गया। सोमवार को जवाहर नवोदय विद्यालय लरी में विद्यालय की छात्राओं ने अपने घर से सैकड़ों दूर देश की सुरक्षा में तैनात भारतीय सेना के जाबाज डोगरा रेजिमेंट के जवानों के साथ मनाया।

इस दौरान छात्राओं ने डोगरा रेजिमेंट के जवानों की कलाई में राखी बांध कर रक्षाबंधन के त्योहार को मनाया। इस अवसर पर डोगरा रेजिमेंट के जवानों ने भी अपने घर से दूर रह कर रक्षाबंधन के त्योहार को मनाया और छात्राओं के इस स्नेह के लिए सभी छात्राओं और विद्यालय की इस पहल की सराहना करते हुए प्रसन्नत जताई।



## बागी चेहनी सड़क में पड़े गड्ढे, ग्रामीणों को खुद करनी पड़ रही है सड़क दुरुस्त

# पत्थर डालकर वाहन योग्य बनानी पड़ रही सड़क

**शीला कौल, बंजार**

उपमंडल बंजार की पंचायत चेहनी के गांव चेहणी बागी, दसेहड़, टड़ियार मियागी, कंडी नाल, बछीयार आदि गांवों को जोड़ने के निकाली गई एक मात्र सड़क की हालत खराब होती जा रही है।



फलों के सीजन में बागवान अपने-अपने बागानों से मंडियों तक सेब पहुंचाने के भरसक प्रयास कर रहे हैं पर सड़क की हालत इतनी खराब है कि ग्रामीणों को सड़क पर पत्थर डालकर सड़क वाहन योग्य बनानी पड़ रही है। ग्रामीण नोक सिंह, भीम सेन, ललित, लीला देवी, कमला देवी, लाल सिंह, युग राज, यज्ञा चंद, उत्तम राम, चुनी लाल, पुणे राम, भूप सिंह, सुरेश, चंद्र आदि का कहना है कि लोक निर्माण विभाग के अधीन यह सड़क है रोजमर्रा देवता श्रृंगा ऋषि के दरबार कोठी चेहनी सहित ठाकुर दवाला में भगवान श्री कृष्ण के दर्शन करने आते हैं। वहीं, देवता श्रृंगा ऋषि के दरबार भादो मास का भंडारा भी प्रतिदिन चल रहा है, वहां पर सामान लाने व ले जाने में भी परेशानी का सामना करना पड़ता है पर सड़क की दशा खराब होने के कारण बागवानों सहित पर्यटकों और श्रद्धालुओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कच्ची सड़क में कई जगह पर खड्डे पड़े हुए हैं, जिस कारण फलों से लदी हुई गाड़ी को भी कड़ी मशक्कत के बाद मुख्य सड़क तक लाना पड़ता है, इसके साथ ही हमेशा डर बना रहता है कि कोई हादसा घटित न हो। ग्रामीणों की ओर से उपरोक्त सड़क को दुरुस्त करवाने की मांग लोक निर्माण विभाग से उठाई हुई है। वहीं, लोक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियंता चमन लाल ठाकुर ने बताया कि सड़क की दशा सुधारने के लिए जेसीबी मशीन भेजी जाएगी। (अनंत ज्ञान)

# जेएनवी लरी में कक्षा छठी में प्रवेश के लिए 16 तक करें ऑनलाइन आवेदन

**अनंत ज्ञान, कुल्लू**

लाहौल-स्पीति की स्पीति घाटी में स्थित पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय लरी में छठी कक्षा में प्रवेश के लिए सभी पात्र उम्मीदवारों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं।

इस बारे में जानकारी देते हुए जवाहर नवोदय विद्यालय लरी उपमंडल स्पीति के प्रधानाचार्य ने बताया कि छठी कक्षा में प्रवेश के लिए जेएनवीएसटी के माध्यम से लाहौल-स्पीति के पात्र उम्मीदवार ऑनलाइन आवदेन और विस्तृत अधिसूचना (पाठ्यक्रम और चयन मानदंड) और पंजीकरण के लिए www.navodaya.gov.in पर जा सकते हैं। पात्र उम्मीदवार ऑनलाइन मोड के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 16 सितंबर तक रहेगी। इसके साथ ही पात्र उम्मीदवारों ने शैक्षणिक सत्र 2024-25 के दौरान सरकारी या गैर-सरकारी संस्थान से मान्यता प्राप्त पांचवीं कक्षा की पढ़ाई की हो। उम्मीदवार लाहौल-स्पीति जिले के मान्यता प्राप्त स्कूल और लाहौल-स्पीति का स्थायी निवासी होना चाहिए, जिन उम्मीदवारों का जन्म 1 अप्रैल 2013 से 31 जुलाई, 2015 के बीच हुआ है वह परीक्षा के लिए पात्र हैं। चयन परीक्षा की तिथि 12 अप्रैल 2025 है। डीसी एवं अध्यक्ष जवाहर नवोदय विद्यालय लरी लाहौल-स्पीति राहुल कुमार ने भी बच्चों के अभिभावकों से आग्रह किया कि अभिभावक अपने बच्चों को प्रवेश परीक्षा के लिए तैयारी करवाएं।





# 21 से 23 तक धूमधाम से मनाया जाएगा ला दरचा मेला

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**

काजा में तीन दिवसीय ला दरचा मेला शुरू होने जा रहा है। स्पीति में ला दरचा मेले की अपनी ही अलग मान्यता है और स्पीति घाटी के लोग इन मेले का इंतजार पूरे साल करते हैं।

इस बार ला दरचा मेला 21 से 23 अगस्त तक मनाया जा रहा है। इस मेले में लाहौल-स्पीति की विधायक अनुराधा राणा बतौर मुख्यातिथि अपनी उपस्थिति दर्ज करेंगी, जबकि इस दौरान पूर्व विधायक फुंजोग राय बतौर विशेषातिथि मेले में उपस्थित रहेंगे। मेले के अंतिम दिन लाहौल-स्पीति के डीसी राहुल कुमार बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रहेंगे और मेले को विधिवत रूप से समाप्त करेंगे। ला दरचा मेले के दौरान बहुत से ऐसे कार्यक्रम आयोजित होंगे, जो कि मेले का आकर्षण होंगे, जिनमें मुख्य रूप से शोभायात्रा, पारंपरिक प्रदर्शनी, व्यापार मेला, मैजिक शो, किडस फेयर और विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताएं करवाई जाएंगी। ला दरचा मेले के दौरान बहुत से रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)




### कुछ ऐसा होता था ला दरचा मेला

ला दरचा मेला प्राचीन समय में स्पीति के ही किब्बर गांव से ठीक ऊपर स्थित ला दरचा मैदान में आयोजित किया जाता था। उन दिनों ला दरचा मैदान में लद्दाख, किन्नौर, कुल्लू, तिब्बत, रामपुर और स्पीति के व्यापारी ला दरचा मैदान में सालों बाद इक्ट्ठा होते थे और मेले में साथ-साथ जम कर व्यापार करते थे। इस मेले की विशेषता यह थी कि उन दिनों व्यापारी सामान के बदले सामान लिया करते थे, जैसे किसी व्यापारी के पास अगर गेहूं है, तो उन्हें ऊन, नमक आदि देकर गेंहू प्राप्त किया जा सकता था। उन दिनों स्पीति घाटी में ला दरचा बहुत मायने रखता था, लेकिन समय के साथ मेले का स्वरूप बदला और धीरे-धीरे मेले के आयोजन स्थल को काजा में मनाने की प्रथा शुरू की गई और तब से आज तक निरंतर रूप से इस मेले को मनाया जा रहा है।

# आपदा अध्ययन के लिए पलचान पहुंचे दिल्ली विश्वविद्यालय के विद्यार्थी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मनाली**

दिल्ली विश्वविद्यालय के शहीद भगत सिंह सांध्य महाविद्यालय के भूगोल विभाग के 66 विद्यार्थियों की एक टीम आपदा अध्ययन के लिए मनाली पहुंची।

छात्रों की इस टीम ने 25 जुलाई को आई बाढ़ के ग्राउंड जीरो में आपदा प्रभावित क्षेत्र में पहुंच कर इसके कारणों और नुकसान का जायजा लिया। भारत-तिब्बत सीमा मार्ग में ऐसी प्राकृतिक घटनाओं से कैसे मार्ग अवरुद्ध होने से कितनी कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है और स्थानीय लोगों की आजीविका संबंध कष्टों से जुड़े पक्षों का भौगोलिक महत्व का विस्तार से समझने का प्रयास किया। सामाजिक भौगोलिक सर्वेक्षण करने आई टीम में प्रो. सुरेश कुमार बंदूनी, प्रो. वीएस नेगी, डॉ. हिमांशु मिश्रा, डॉ. प्रशांत उपाध्याय, डॉ. रुचिका, सूरज कुमार और संतोष टीम का निर्देशन व समर्थन कर रहे हैं। महत्वपूर्ण है कि जब पहाड़ों में मानसून में आ रही तबाही से लोग आने से बच रहे हैं, ऐसे में भूगोल विद्यार्थियों के इतने बड़े अध्ययन दल का क्षेत्रीय शिक्षा के लिए आपदा ग्रस्त स्थान पर पहुंच कर जानकारी एकत्रित करना स्वागत योग्य है।



**प्रेस वार्ता** सुदर्शन जस्पा ने कहा, कांग्रेस पार्टी सिर्फ चार लोगों से नहीं चलती, बल्कि हजारों कार्यकर्ताओं की दिन-रात की मेहनत है

# डीसीसी अध्यक्ष और अन्य पदाधिकारियों ने शुरू से किया दुर्व्यवहार

**सुरेंद्र तिबोगपा, कुल्लू**

कांग्रेस पार्टी सिर्फ चार लोगों की वजह से नहीं चलती, बल्कि हजारों कार्यकर्ताओं की दिन-रात की गई मेहनत है। उपरोक्त शब्द सुदर्शन जस्पा ने प्रेस वार्ता के दौरान कहे।

जिला मुख्यालय ढालपुर में स्थित अटल सदन भवन में की गई प्रेसवार्ता के दौरान लाहौल-स्पीति के नेता सुदर्शन जस्पा को पार्टी से निष्कासित किए जाने पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि लाहौल-स्पीति कांग्रेस पार्टी सिर्फ चार-पांच लोगों की मर्जी से चलाई जा रहा है और उन्हीं की पसंद ओर नापसंद के हिसाब से चल रही है। उन्होंने रोष प्रकट करते हुए डीसीसी अध्यक्ष ज्ञाल्सन ठाकुर पर आरोप लगाते हुए कहा कि शुरू से ही उनके साथ पार्टी में दुर्भावना रखी जा रही है। 16 अगस्त को कांग्रेस कमेटी लाहौल-स्पीति ने पार्टी के विशेष पदाधिकारियों की बैठक में अध्यक्ष ज्ञाल्सन ठाकुर और लाहौल-स्पीति की विधायक अनुराधा राणा की मौजूदगी में बूथ कार्यकर्ताओं से मिली शिकायत, विधायक और पार्टी के खिलाफ की गई बयानबाजी के आधार पर गहन चर्चा के बाद सुदर्शन जस्पा को छह सालों के लिए पार्टी से निष्कासित किया। इस संदर्भ में हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष रानी प्रतिभा सिंह को भी अवगत करवाया गया। सुदर्शन जस्पा ने अपने निष्कासन को असंवैधानिक करार देते हुए कहा कि न तो मुझे निष्कासन के बारे कोई सूचना दी गई और न ही मुझे अपना पक्ष रखने का कोई मौका दिया गया। कांग्रेस पार्टी संवैधानिक तरीकों से चलती है और यहां किसी की निजी पसंद नापसंद के हिसाब कुछ तय नहीं होता, जब मार्च महीने में प्रदेश के मुख्यमंत्री से मिल कर पार्टी में प्राथमिक सदस्य बना तो मुझे आश्वस्त किया गया था कि पार्टी के अंदर मुझे वही मान सम्मान दिया जाएगा, जो दूसरे सदस्यों को मिलता है, लेकिन पहली ही मीटिंग में डीसीसी अध्यक्ष कहते हैं कि पार्टी में शामिल होने के बारे मुझे से पूछा नहीं गया। उन्होंने कहा कि इसी तरह से एक बैठक के दौरान भी जहां पर सीपीएस और मंत्री मौजूद थे, वहां पर डीसीसी अध्यक्ष एवं अन्य सदस्य उनसे लड़ने के लिए आ गए थे। पार्टी की तय की गई व्यवस्था के हिसाब से कार्रवाई करें, तो मैं सवाल का जवाब दूंगा। बेहरहाल कांग्रेस कमेटी लाहौल-स्पीति में हलचल जारी है क्योंकि कुछ ही माह पहले जिला परिषद सदस्य कुंगा बौद्ध और सोनम जांगपो को भी पार्टी विरोधी कार्य में संलिप्त पाए जाने पर पार्टी से बाहर का रास्ता दिखाया गया। (अनंत ज्ञान)



## बुनाई एवं डिजाइनिंग प्रशिक्षण के लिए 31 को साक्षात्कार

**कुल्लू।** आगामी 2 सितंबर से निशुल्क बुनाई एवं डिजाइन प्रशिक्षण शुरू होने जा रहा है। बुनाई एवं डिजाइनिंग प्रशिक्षण केंद्र, शास्त्री नगर कुल्लू के प्रभारी ने बताया कि केंद्रीय ऊन विकास बोर्ड, वस्त्र मंत्रालय भारत सरकार द्वारा चार महीने का निशुल्क बुनाई एवं डिजाइन प्रशिक्षण 2 सितंबर से शुरू किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण के लिए साक्षात्कार 31 अगस्त को बुनाई एवं डिजाइनिंग प्रशिक्षण केंद्र, शास्त्री नगर कुल्लू में प्रातः 10 बजे आयोजित किया जाएगा। प्रशिक्षणार्थी व्यस्क, पढ़ा लिखा व भिज्ञ होना चाहिए। प्रशिक्षणार्थी को प्रशिक्षण की अवधि में कार्य दिवसों के आधार पर 125 प्रतिदिन वजीफा दिया जाएगा।



## सोलन में रक्षाबंधन पर्व की धूम







सोमवार को सावन माह की पूर्णिमा के दिन सोलन में भी रक्षाबंधन पर्व धूमधाम से मनाया गया। भाई-बहन को समर्पित रक्षाबंधन के दिन सुबह का समय भद्राकाल होने के चलते दोपहर के बाद मनाया गया। दोपहर 1:31 बजे के बाद इस त्योहार को मनाना गया।

## भाइयों ने बहन की रक्षा का लिया वचन



**रिकांगपिओ।** किन्नौर में रक्षा बंधन पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सभी बहनों ने भाई की कलाई में राखी बांध कर दीर्घायु की कामना की। वहीं, भाइयों ने भी बहन की रक्षा का वचन लिया। राखी का बंधन भाई-बहन के प्यार का प्रतीक है। यह त्योहार भाई-बहन के बीच के प्यार और सुरक्षा के बंधन को दर्शाता है। इस दिन बहनें अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांधती हैं और उनके लिए दुआ करती हैं। भाई भी अपनी बहनों को उपहार देते हैं और उनकी रक्षा करने का वचन देते हैं। राखी का बंधन एक खूबसूरत त्योहार है, जो भाई-बहन के प्यार को दर्शाता है। यह त्योहार हमें अपने परिवार के साथ जुड़ने और उनके प्रति अपने प्यार और सम्मान को दिखाने का अवसर है।

## मुख्यमंत्री तय करेंगे मेयर पद का उम्मीदवार

### एमसी एक्ट में संशोधन के बाद दो बागी कांग्रेस पार्षदों पर टिकी निगाहें

**आर मोहन चौहान, सोलन**



नगर निगम सोलन में बहुमत होते हुए भी कांग्रेस मेयर पद का उम्मीदवार तय नहीं कर पाई है। स्थानीय विधायक व मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल की कोशिशें फिलहाल रंग नहीं ला पाई हैं। ऐसे में 20 अगस्त मंगलवार को मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का सोलन दौरा खास माना जा रहा है। सूत्र बताते हैं कि मुख्यमंत्री कांग्रेस पार्षदों के साथ बैठक करेंगे, जिसमें मेयर उम्मीदवारी तय होगी।

मेयर का चुनाव 22 अगस्त को होना है। सरकार ने गुटबाजी तोड़ निकालने के लिए मेयर के चुनाव को लेकर म्युनिसिपल कॉरपोरेशन एक्ट में संशोधन किया है, जिसके तहत राज्यसभा चुनाव की तरह पार्षद को पार्टी के पोलिंग एजेंट को मतदान से पहले वोट दिखाना होगा। एमसी एक्ट में संशोधन से सोलन निगम का चुनावी माहौल पूरी तरह बदल गया है। दोनों प्रमुख राजनीतिक दल आंकड़ों के दम पर चेक मेट की रणनीति में जुटे नजर आ रहे थे। संशोधन को लेकर भाजपा सरकार के खिलाफ मुखर है। बेशक आंकड़ों के मुताबिक कांग्रेस मजबूत मानी जा रही है, लेकिन आंकड़ों में महज एक या दो वोट के अंतर के चलते भाजपा भी लगातार तोड़फोड़ की राजनीति में जुटी नजर आई। हालांकि अधिसूचना के बाद भी कांग्रेस खुद को मजबूत स्थिति में देख रही है, लेकिन कांग्रेस के दो पार्षद राजीव कौड़ा और अभय शर्मा अभी भी गेम चेंजर की भूमिका में हैं। दोनों के चलते कांग्रेस की स्थिति अब भी पेचीदा है। हर किसी की नजर इन दोनों पार्षदों पर टिक गई हैं। चर्चा शुरू हो गई है कि क्या दोनों पार्षद कांग्रेस को समर्थन करेंगे या पार्टी से रिजाइन करेंगे। यदि समर्थन दिया, तो अंक गणना के मुताबिक कांग्रेस का मेयर बनना तय है, लेकिन सियासी गलियों में सुगबुगाहट है की दोनों पार्षद पार्टी से रिजाइन भी कर सकते हैं। पासा पलटा तो कांग्रेस बैकफुट पर जा सकती है, जबकि भाजपा को इसका सीधा फायदा होगा। दोनों पार्षद को किसी भी रूप में कम नहीं आंका जा सकता। चर्चा यह भी है कि दोनों पार्षदों के साथ एक अन्य कांग्रेस पार्षद का भी समर्थन है। ऐसी स्थिति में इन पार्षदों ने कोई बीच का रास्ता निकाला, तो चुनाव के समीकरण पूरी तरह बदले जाएंगे। बता दें कि कांग्रेस के पास इन दोनों पार्षद और विधायक के वोट को मिलाकर संख्या बल आठ है, जबकि भाजपा के पास पार्षदों की संख्या छह है। एक निर्दलीय पार्षद को हमेशा भाजपा से जोड़कर देखा गया है, जिस कारण भाजपा संख्या बल के अनुसार खुद को सात पर मानती है, लेकिन इस दफा निर्दलीय पार्षद भाजपा से नाराज बताया जा रहा है। निर्दलीय पार्षद भाजपा की पिछली कुछ बैठकों में भी नजर नहीं आए। यह भी शोर रहा कि भाजपा ने निर्दलीय पार्षद को बैठकों में बुलाया ही नहीं, जिस कारण निर्दलीय पार्षद इस चुनाव में अलग से रणनीति बनाने में जुटे हैं। (अनंत ज्ञान)

### भाजपा ने चुनाव को लेकर बैठकों का दौर रखा जारी

उधर, भाजपा ने चुनाव को लेकर बैठकों का दौर जारी रखा है। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष ने सभी पार्षदों के साथ मिल कर चुनावी रणनीति बनाई। सरकार ने जारी अधिसूचना में साफ किया है कि पार्टी के टिकट से जीत कर आए पार्षद यदि अपनी पार्टी के उम्मीदवार के खिलाफ वोट करता है, तो उन पर दलबदल कानून के तहत कार्रवाई होगी। मसलन पार्टी से बाहर का रास्ता तय है। बहरहाल, अधिसूचना ने सबके होश तो उड़ा दिए हैं, लेकिन देखना दिलचस्प होगा कि कांग्रेस के दो पार्षद मानेंगे या खिलाफत करेंगे। दोनों का रवैया और निर्दलीय पार्षद का समर्थन सोलन निगम की राजनीति की दिशा तय करेगा। निगम चुनाव के समीकरण इस बार बेहद दिलचस्प और चुनौतीपूर्ण दिख रहे हैं।

## जहर निगलने से मशीवर निवासी महिला की मौत

**अनंत ज्ञान, सोलन**

जिला मुख्यालय सोलन के साथ लगते मशीवर में एक विवाहिता की जहर निगलने से मौत हो गई।

जानकारी के मुताबिक आईजीएमसी शिमला से पुलिस थाना सदर सोलन सूचित किया कि एक महिला शीला ठाकुर पत्नी संजय कुमार निवासी गांव मशीवर डाखा. कोटला तह. व जिला सोलन उम्र 46 वर्ष जहर निगलने के मामले में जिसे क्षेत्रिय अस्पताल सोलन से आईजीएमसी शिमला रेफर किया था, उनका उपचार के लिए लाए थे, जिसकी मृत्यु हो चुकी है। उक्त सूचना पर थाना सदर सोलन की पुलिस टीम तुरंत आईजीएमसी शिमला पहुंची, जहां पर शवगृह में मृतका शीला ठाकुर उपरोक्त का शव रखा हुआ था। वहां पर उसके परिवार के सदस्य व अन्य रिश्तेदार भी मौजूद थे। जांच के दौरान मृतका के शव का पुलिस टीम द्वारा बारीकी से निरीक्षण किया, लेकिन निरीक्षण के दौरान उसके शरीर पर किसी भी प्रकार के चोट/ खरोंच के निशान न पाए गए। समस्त कानूनी औपचारिकताएं पूर्ण करने के पश्चात मृतका शीला का पोस्टमार्टम करवाया गया तथा मृतका के विसरा व अन्य भौतिक साक्ष्यों को चिकित्सकों से प्रीवर्ज करवाकर कब्जा पुलिस में लिया गया। जांच के दौरान मृतका के परिजनों के बयान लेखबद्ध किए गए। जांच के दौरान पाया गया कि 15 को मृतका शीला ने गलती से घास को नष्ट करने की जहरीली दवाई पी ली थी, जिससे उसकी तबियत खराब होने पर उसके परिवार वाले उसे इलाज के लिए क्षेत्रिय अस्पताल सोलन लाए, जहां से उसे आगामी उपचार के लिए आईजीएमसी शिमला रेफर किया गया, लेकिन उसकी मृत्यु हो गई। जांच के दौरान यह भी पाया गया कि मृतका शीला ठाकुर कुछ समय से मानसिक तौर से परेशान रह रही थी। अभी तक की जांच व बयानों से यही पाया जा रहा है कि मृतका शीला ठाकुर कुछ समय से परेशान चल रही, थी जिसकी वह दवाइयां भी खा रही थी तथा मृतका के परिवार व अन्य लोगों ने भी उसकी मृत्यु पर कोई शक शुबा जाहिर न किया है। प्रीजर्व करवाए गए विसरा व अन्य साक्ष्यों को रासायनिक परीक्षण के लिए राज्य न्यायालयिक विज्ञान प्रयोगशाला जुन्गा भेजा जा रहा है। मामले में धारा-194 बीएनएसएस के तहत कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

## न्यूज ब्रीफ

### अर्की स्कूल में रिक्त पदों को भरने की मांग

**दाड़लाघाट।** सेवड़ा चंडी के ग्रामीणों का एक प्रतिनिधिमंडल मुख्य संसदीय सचिव संजय अवस्थी से प्रदेश सचिवालय शिमला में मिला। प्रतिनिधिमंडल ने संजय अवस्थी से पीएम श्री एवं उत्कृष्ट राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चंडी अर्की में खाली चल रहे विभिन्न पदों को भरने की मांग उठाई। सोशल मीडिया ब्लॉक अध्यक्ष रोशन ने बताया कि संजय अवस्थी ने सेवड़ा चंडी के प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि स्कूल में चल रहे सभी रिक्त पदों को भरा जाएगा। मुख्य संसदीय सचिव ने वर्षों से चल रहे रिक्त शारीरिक शिक्षक के पद को तुरंत प्रभाव से डेपुटेशन के आधार पर भरने के आदेश जारी किए और अन्य विषयों के रिक्त पदों को अगले माह तक भरने का आश्वासन दिया, जिस पर ग्रामीणों ने उनका आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर कृष्ण चंद महाजन, ईश्वर दत, जगदीश शर्मा, ओमप्रकाश, जीवन शर्मा मौजूद रहे।


### नाहन की दो सड़कों को मिली फॉरेस्ट क्लीयरेंस

**नाहन।** नाहन के बड़ों-कठाना और आदि-बद्री जल्द ही सड़क मार्ग से जुड़ जाएंगे। जामली से बड़ों-कठाना तथा भेड़ों से आदी-बद्री सड़क निर्माण को लेकर फॉरेस्ट की क्लीयरेंस मिल गई है। लोक निर्माण विभाग जल्द ही इन दोनों प्रमुख सड़कों के निर्माण का कार्य शुरू करने को लेकर तमाम औपचारिकताएं पूरा करने में जुट गया है। विधायक अजय सोलंकी के प्रयासों के बाद इन दोनों प्रमुख ग्रामीण क्षेत्र को सड़क की सुविधा मिल जाएगी। विधायक अजय सोलंकी ने स्पष्ट कर दिया है कि सड़क के निर्माण में किसी भी तरह के बजट की कमी को आड़े नहीं आने दिया जाएगा। क्षेत्र के लोगों की लंबे समय से सड़क की मांग थी, जिसको लेकर उन्हें भारी परेशानियां उठानी पड़ती थी। विधायक के द्वारा लोक निर्माण विभाग को भी जल्द तमाम औपचारिकताएं पूरा कर निर्माण कार्य शुरू करने के आदेश जारी किए गए हैं। बता दें कि जामली बड़ों-कठाना सड़क की कुल लंबाई 6.7 किलोमीटर है, जबकि भेडों से आदी-बद्री सड़क की लंबाई छह किलोमीटर है। सड़क दोनों सड़कों को मिली फॉरेस्ट क्लीयरेंस के बाद लोगों में खुशी की लहर भी है। स्थानीय लोगों के द्वारा सड़क निर्माण में आ रही सबसे बड़ी फॉरेस्ट क्लीयरेंस की अड़चन के दूर होने पर लोगों ने विधायक अजय सोलंकी का आभार व्यक्त किया है। आदि-बद्री सिरमौर के धार्मिक पर्यटन के नजरिए से अति महत्वपूर्ण योजना भी है। आदि-बद्री वह स्थान है, जहां से सरस्वती नदी का उद्गम माना जाता है। हिमाचल और हरियाणा सरकार की संयुक्त योजना के तहत नदी को पुनर्जीवित कर इस स्थान पर एक बांध का निर्माण किया जाना भी प्रस्तावित है। बांध निर्माण को लेकर तमाम औपचारिकताएं भी पूरी हो चुकी हैं। बांध का निर्माण हिमाचल प्रदेश के पावर कॉरपोरेशन के द्वारा किया जाना है। ऐसे में इस प्रमुख योजना क्षेत्र को सड़क के लिए फॉरेस्ट की क्लीयरेंस मिलना बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है। उधर, लोक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियंता आलोक जनेजा के द्वारा खबर की पुष्टि करते हुए बताया गया कि दोनों सड़कों के निर्माण को लेकर फॉरेस्ट क्लीयरेंस बीते शनिवार को विभाग को मिल गई है।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका के पद भरे जाएंगे


**नाहन।** बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय पच्छाद स्थित सरांहा के अंतर्गत दो पद आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं तथा 10 पद सहायिकाओं के भरे जाएंगे। इन पदों के लिए साक्षात्कार 11 सितंबर को बाल विकास परियोजना अधिकारी पच्छाद स्थित सरांहा के कार्यालय में प्रातः 10 बजे से आयोजित किए जाएंगे। इन पदों के लिए पात्र महिला उम्मीदवार 31 अगस्त तक अपना आवेदन बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय सरांहा में जमा करवा सकते हैं। बाल विकास परियोजना अधिकारी सरांहा दीपक चौहान ने बताया कि आंगनबाड़ी केंद्र भेलन व टिपरीया में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के दो रिक्त पद भरे जाने हैं, जबकि आंगनबाड़ी केंद्र लाल टिक्कर, डिलमन, नाली गुसान, जगांजी, भज्जी बनाड़, चबयोगा, तलहेड़ी माधो का नाल, खसका डिगर, शमलाटी मझगांव व पटटा कुरफड में आंगनबाड़ी सहायिकाओं के 10 पद भरे जाएंगे। बाल विकास परियोजना अधिकारी ने बताया कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका के लिए प्रार्थी की शैक्षणिक योग्यता दस जमा दो या समकक्ष, आयु 18 से 35 वर्ष, परिवार की वार्षिक आय 50 हजार से अधिक नहीं होनी चाहिए, आवेदक उसी आंगनबाड़ी पोषक क्षेत्र की सामान्य निवासी होनी चाहिए तथा संबंधित आंगनबाड़ी केंद्र के सर्वेक्षण रजिस्टर में उसका नाम दर्ज होना चाहिए।

### खेलकूद प्रतियोगिता में गुरु नानक स्कूल चैंपियन



**पांवटा साहब।** एसजीएसआई के अंतर्गत ब्लॉक लेवल खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल, मानपुर देवड़ा में 10 से 13 अगस्त तक किया गया। देवी नगर की छात्राओं ने वॉलीबाल प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर अपना कब्जा किया। यह उल्लेखनीय है कि इस टीम की छह छात्राएं जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित हुई हैं। विद्यालय के डायरेक्टर गुरजीत सिंह सैनी तथा देवी नगर की प्रिंसिपल कमलजीत कौर ने छात्राओं की पीठ थपथपाई तथा उनकी कोच नीतू ठाकुर की प्रशंसा की। गुरु नानक मिशन पब्लिक स्कूल, सूरजपुर की छात्रों ने अंडर-14 बैडमिंटन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। यह प्रतियोगिता माजरा ब्लॉक के अंतर्गत आयोजित की गई थी। विद्यालय की विभिन्न शाखाएं खेलकूद और शिक्षा के क्षेत्र में अपना दबदबा बनाए हुए हैं।

### प्रेमलता के नेतृत्व में विभिन्न तरह के 50 पौधे रोपे




**दाड़लाघाट।** मांगू पंचायत के आदर्श महिला मंडल मांगू की महिलाओं ने सार्वजनिक स्थानों पर पौधरोपण किया और उनकी देखभाल का संकल्प लिया। गांव की महिला मंडल प्रधान प्रेमलता के नेतृत्व में विभिन्न तरह के 50 पौधे रोपे। प्रधान प्रेमलता ने बताया कि वर्तमान में हम सब की नैतिक जिम्मेदारी बनती है कि हम अपने पर्यावरण को संरक्षित रखें। केवल पेड़ लगाना ही लक्ष्य नहीं है, बल्कि पेड़ों की देखभाल कर उनको बड़ा होता देखना उनका प्रमुख सपना है। प्रेमलता ने महिलाओं को पौधों की

## बिजली बिलों का भुगतान न करने वाले 1,826 उपभोक्ताओं को नोटिस

**अनंत ज्ञान, बीपीएन**




बिजली बोर्ड नालागढ़ ने बिजली बिलों के रूप में उपभोक्ताओं से अपनी बकाया राशि वसूलने के लिए नोटिस देने शुरू कर दिए हैं।

बिजली बोर्ड नालागढ़ के तहत बिजली के बिलों के रूप में अपनी बकाया राशि वसूलने के लिए 1826 उपभोक्ताओं को नोटिस जारी किए हैं। यह उपभोक्ता नालागढ़ शहर सहित राजपुरा व मंझौली क्षेत्र के हैं। बोर्ड ने इन उपभोक्ताओं से 81.26 लाख रुपए की राशि वसूलनी है। नोटिस के बावजूद भी बिल जमा नहीं किए गए, तो विभाग उनके कनेक्शन काट देगा, जिसके बाद उपभोक्ताओं को अतिरिक्त फीस भरनी होगी। बिजली बोर्ड नालागढ़ के तहत बिजली के बिलों के पैसों पर कुंडली मार कर 1826 बैठे हुए हैं। इन उपभोक्ताओं को विभाग ने नोटिस थमाने शुरू कर दिए हैं।

इन उपभोक्ताओं से बिजली बोर्ड ने 1000 से 50,000 रुपए के बिलों की अदायगी लेनी है, इसलिए अब बोर्ड पहले नोटिस और फिर इनके कनेक्शन काटेगा, जिससे इन उपभोक्ताओं को जहां अंधेरे में रहने को बाध्य होना पड़ेगा, वहीं अब इन्हें री कनेक्शन फीस भी अदा करनी पड़ेगी और तब जाकर बिजली कनेक्शन दोबारा लगेगा। बिजली बोर्ड के सहायक अभियंता सीआर वर्मा ने बताया कि सब डिवीजन नालागढ़-1 के तहत विभाग ने बिजली बिल की 81 लाख 23 हजार 323 रुपए की बकाया राशि को वसूलने के लिए 1826 व्यवसायिक व घरेलू उपभोक्ताओं को बिल जमा करवाने के नोटिस जारी कर दिए हैं और नोटिस के बावजूद भी यदि बिल जमा नहीं होते हैं, तो उस संबंधित उपभोक्ताओं का बिजली कनेक्शन काट दिया जाएगा।

## चोरों ने अघोरी कुटिया में बड़ी लूट को दिया अंजाम

### महात्मा शिवदत्त गिरी की सर्जरी के लिए रखे अढ़ाई लाख से अधिक रुपए लेकर चोर फरार

**अनंत ज्ञान, नाहन**



नाहन शहर में चोरों को अब पुलिस का कोई खौफ नहीं रहा है। बेखौफ चोरों ने भगवान के मंदिर को भी नहीं छोड़ा। नाहन की अघोरी कुटिया में रविवार की रात करीब 12:30 के आसपास चोरों ने लूट को अंजाम दिया।

चोरों ने महात्मा हरिओम के गुरु शिव दत्त गिरि के कमरे की जाली तोड़कर इस घटना को अंजाम दिया। चोर पूरे कमरे में उथल-पुथल मचाते हुए महात्मा शिवदत्त गिरि के गंभीर बीमारी की सर्जरी के लिए रखे अढ़ाई लाख रुपए लेकर फरार हो गए। अज्ञात चोरों के द्वारा कमरे में बहुत सा कीमती सामान भी चोरी कर लिया गया है। इस चोरी की घटना की जानकारी देते हुए हरिओम ने बताया कि उनके गुरु शिवदत्त नीलकंठ मंदिर में गए हुए थे, जबकि वे खुद और महात्मा दोनों अघोरी कुटिया के पुराने कमरे में सो रहे थे। उन्होंने बताया कि सुबह जब वह उठे तो उन्होंने अपने गुरु शिवदत्त गिरि के नए कमरे की जाली को टूटा हुआ देखा। उन्होंने बताया कि जैसे ही वह कमरे के अंदर गए उनके होश उड़ गए। चोरों के द्वारा उनके गुरु के इलाज के लिए रखे अढ़ाई लाख रुपए और बहुत सा कीमती सामान चोरी हो गया है। इस चोरी की वारदात की खबर उन्होंने 100 नंबर डायल कर नाहन थाने को भी दे दी है। महात्मा हरिओम ने बताया कि इससे पहले भी चोरों ने कुटिया में चोरी को अंजाम दिया था। उन्होंने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि पुलिस के द्वारा न तो पहले चोरों को पकड़ा गया है और न ही चोरी किया हुआ सामान बरामद करवाया गया है। इस वारदात की सूचना पुलिस को दे दी गई है। उधर, सदर थाना प्रमुख ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है, जिसकी जांच की जा रही है। मामले की पूरी जानकारी मिलने के बाद उच्च अधिकारियों को सूचित कर जानकारी दी जाएगी।

## वन संपदा को बचाए रखना हम सब का दायित्व : नेगी

### राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने आकपा में 21 लाख रुपए की लागत से निर्मित वन विश्राम गृह का किया उद्घाटन





राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने आकपा में 21 लाख रुपए की लागत से निर्मित वन विश्राम गृह का उद्घाटन करते हुए (दाएं) मंत्री पुलिस कर्मियों के साथ।

**जीता सिंह नेगी, रिकांगपिओ**

राजस्व, बागवानी, जनजातीय विकास एवं जन शिकायत निवारण मंत्री जगत सिंह नेगी ने किन्नौर के पूह विकास खंड की पंचायत आकपा में 21 लाख रुपए की लागत से निर्मित वन विश्राम गृह का उद्घाटन किया तथा वन विभाग की ओर से आयोजित वन महोत्सव समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की तथा खादरा डांक में पौधरोपण किया और पर्यावरण संरक्षण व संवर्धन पर प्रकाश डाला।

बागवानी मंत्री ने कहा कि वन संपदा को बचाए रखना हम सब का दायित्व है, ताकि पर्यावरण को स्वच्छ रखा जा सके। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि वन संपदा को बचाए रखने में अपनी भूमिका अदा करें व अधिक से अधिक पौधे लगाएं। उन्होंने कहा कि वन महोत्सव, पौधरोपण उत्सव भारत में वनों के सांस्कृतिक और पर्यावरणीय महत्व पर प्रकाश डालता है, जो केवल एक वस्तु नहीं है, बल्कि भारत के कई हिस्सों में इसकी पूजा की जाती है।

भारत के वन क्षेत्र को बढ़ाने और वर्तमान और भविष्य की पीढ़ियों के लिए पेड़ लगाने के महत्व के बारे में जागरूक करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष वन महोत्सव मनाया जाता है। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि रिब्बा पंचायत के लिए 20 करोड़ रुपए से सिवरेज व्यवस्था का निमार्ण कार्य चल रहा है तथा पंगी पंचायत के सिवरेज व्यवस्था के लिए 11 करोड़ रुपए की राशि का प्रावधान किया गया है।

## पांच छात्र दिल्ली में होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयनित

**अनंत ज्ञान, सोलन**

नई दिल्ली में 17 से 19 सितंबर को होने वाली 11वीं नेशनल एग्जीबिशन एडं प्रोजेक्ट कंपीटिशन के लिए हिमाचल प्रदेश के पांच नन्हें वैज्ञानिकों को चयनित किया गया है। राज्यस्तरीय एग्जीबिशन और प्रोजेक्ट प्रतियोगिता के माध्यम से इन प्रतिभागियों/अवार्डियों का चयन किया गया है।

एससीईआरटी सोलन में इंस्पायर मानक स्कीम की स्टेट नोडल ऑफिसर असिस्टेंट प्रोफेसर रंजना शर्मा ने बताया कि हिमाचल से पांच प्रतिभागी/ अवॉर्ड का चयन किया गया है।

### इनका हुआ चयन

रंजना शर्मा ने बताया कि हमीरपुर के मिडिल स्कूल बहाल ठाकरू के अंश कौंडल और इनका प्रोजेक्ट स्टूडेंट फ्रेंडली टेप, मंडी जिले के सीनियर सेकेंडरी स्कूल मोवीसेरी की छात्रा भानू प्रिया का चयन हुआ है, जिसका प्रोजेक्ट है सिंपल कॉर्न शेल्टर डिवाइस, मंडी के ही सीनियर सेकेंडरी स्कूल नगवाई के छात्र अर्जुन का प्रोजेक्ट वैंडर्स इनोवेटिव पैराडाइज, शिमला के सीनियर सेकेंडरी स्कूल खोबिल 15/20 के छात्र नितेश के प्रोजेक्ट प्लास्टिक की बोतलों से रस्सी बनाने और ऊना के सीनियर सेकेंडरी स्कूल जाड़ला की साक्षी भारद्वाज का प्रोजेक्ट वर्सेटाइल नेक फेन के लिए चयन हुआ है।

## प्रदेश सरकार ने लोकतंत्र को बनाया राजनीति का अखाड़ा : विवेक शर्मा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो , सोलन**



भाजपा प्रवक्ता विवेक शर्मा ने नगर निगम सोलन को कटघरे में खड़ा करते हुए कड़ा प्रहार किया है। साथ ही प्रदेश सरकार पर लोकतंत्र को राजनीति अखाड़ा बनाने का आरोप भी जड़ दिया। शर्मा ने कहा कि सोलन नगर निगम कांग्रेस बहुमत के पश्चात महापौर बनाने में असमर्थ दिख रही है, जिसकी नैतिक जिम्मेदारी मुख्यमंत्री व उनके सहयोगियों को लेनी होगी।

व्यवस्था परिवर्तन करने वाली व्यवस्था में आज 17 में से तीन वार्डों के प्रतिनिधि नगर निगम में नहीं हैं। उसकी चिंता छोड़ महापौर के लिए मत का उपयोग किस आधार पर होगा सरकार व सदस्य कानूनविदों के परामर्श में हैं। लोकतंत्र की हत्या के मापदंड इस कदर तय हो रहे हैं कि राष्ट्र की सर्वोत्तम सदन राज्यसभा सदस्य चयन प्रक्रिया की विप व्यवस्था को कोई ढाल बना रहा है, तो कोई उसे कठघरे में खड़ा कर रहा है। कांग्रेस के भीतर मत विभाजन से इनकार नहीं किया जा सकता। आज स्थिति यह उत्पन्न हो गई है कि शहर में 5 से 8 दिन के बाद पानी मिल रहा है मुफ्त पेयजल उपलब्धता व कूड़ा उठाने का वादा करके नगर निगम लूट का तांडव कर रहा है। पार्किंग के नाम पर चालान के तोहफे आ रहे हैं।

## ऊपर वाला मेहरबान, सूखे नलों से लोग परेशान

**अनंत ज्ञान, नाहन**



### आठ दिनों से पीने के पानी को तरसे मोगिनंद के लोग

एक ओर जहां ऊपर वाला जमकर बरस रहा है, तो वहीं जल शक्ति विभाग की नाकामी को लेकर मोगिनंद के लोग पीने के पानी को तरस रहे हैं।

नाहन विधानसभा के अंतर्गत मोगिनंद गांव में पिछले 8 दिनों से लोग पीने के पानी को तरस रहे हैं। पीने का पानी न आने से क्षेत्र के सैकड़ों लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोग हैंडपंप आदि से पानी ढोने को मजबूर हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, जिस वाटर पंप स्कीम से क्षेत्र को पानी आवंटित किया जाता है, उस स्कीम की मोटर खराब हो गई है। हैरान कर देने वाली बात यह है कि जल शक्ति विभाग के पास आपात स्थिति के लिए अतिरिक्त मोटर का कोई इंतजाम नहीं है। स्थानीय लोगों के द्वारा इस समस्या के बाबत जल शक्ति विभाग से शिकायत की है। बावजूद इसके विभाग के द्वारा न तो मोटर ठीक की गई और न ही पेयजल की कोई वैकल्पिक व्यवस्था की गई है। विभाग की इस अनदेखी को लेकर स्थानीय लोगों में भारी रोष है। स्थानीय निवासी अमिता कुमार, राजेंद्र, संगीता देवी आदि का कहना है कि यदि जल समस्या का हल न हुआ, तो उन्हें धरना-प्रदर्शन के लिए सड़क पर उतरना पड़ेगा। उधर, जल शक्ति विभाग के जूनियर इंजीनियर सुखविंद्र सोनी ने बताया कि जो मोटर खराब हुई थी, उसे ठीक कर दिया गया है। मोटर के चालू होते ही पानी की सप्लाई कर दी जाएगी।

**रक्षाबंधन** माता लक्ष्मी ने पहली बार राजा बलि को बांधी थी राखी, महिलाएं एचआरटीसी की बसों में मुफ्त यात्रा का नहीं उठा सकीं लाभ


## भद्राकाल के चलते राजगढ़ में राखी का त्योहार रहा फीका

**अनंत ज्ञान, राजगढ़**



भद्राकाल होने के चलते रक्षाबंधन का त्योहार सोमवार को राजगढ़ क्षेत्र में फीका रहा। भद्राकाल दिन में डेढ़ बजे तक होने से बहनों में पहली बार रक्षाबंधन के प्रति उत्साह कम देखा गया।

अधिकांश कामकाजी बहनों ने सुबह ही भाई के घर जाकर राखी छोड़कर वापस घर लौट आईं। दूसरी ओर विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाएं एचआरटीसी की बसों में मुफ्त यात्रा का लाभ भी नहीं उठा सकीं। बता दें कि ग्रामीण क्षेत्रों में एचआरटीसी ने काफी रूट बंद कर दिए हैं, जो रूट चले हैं वह बसें भी सुबह ही सात बजे निकल जाती हैं। हालांकि दुकानों पर राखी खरीदने वाली महिलाओं की भीड़ देखी गई। वरिष्ठ नागरिक प्रीतम ठाकुर, दिनेश आर्य से जब इस बारे बात की गई, तो उन्होंने बताया कि उनके जीवन के अनुभवों के अनुसार रक्षा बंधन के त्योहार को कभी भी पूरे दिन भद्रा नहीं देखी गई है। ऐसा यह पहली बार देखने को मिला है। रक्षा बंधन को प्रातः पुरोहित घर आकर मौली की राखी बांधते थे, जिसके एवज में उन्हें अनाज आदि दक्षिणा दी जाती थी। बहनों की ओर से भाई को राखी बांधने तथा करवाचौथ का व्रत का प्रचलन 80 के दशक में शुरू हुआ था। अनेक ज्योतिषाचार्य एवं कर्मकांड के ज्ञाता विद्वान पंडितों का कहना कि भद्रा भगवान सूर्यदेव की पुत्री और राजा शनिदेव की बहन है। राजा शनि की भांति भद्रा का स्वभाव कड़क माना जाता है। भद्राकाल के दौरान सभी शुभ कार्य वर्जित होते हैं, जबकि भद्राकाल में तंत्र साधना, अदालती और राजनीतिक कार्यों के लिए शुभ मानी जाती है। ऐसी मान्यता है कि रावण को उनकी बहन ने भद्राकाल में राखी बांधी थी, जिससे रावण अल्पायु हो गए थे। पुराणों के अनुसार सतियुग में माता लक्ष्मी ने पहली बार महादानी राजा बलि को राखी बांधी थी। कथानुसार राजा बलि एक महादानी व्यक्ति माने जाते थे। भगवान विष्णु ने राजा बलि की परीक्षा लेने वामन रूप धारण कर राजा बलि से तीन पग भूमि दान मांगी थी, जिस पर राजा ने हामी भरी। वामन भगवान ने दो पग में सारी पृथ्वी नाप ली, जब तीसरे पग की बारी आई, तो राजा बलि ने अपना सिर कर दिया और साथ में भगवान से वर मांगा कि विष्णु भगवान भी उनके साथ पाताल में वास करेंगें। माता लक्ष्मी को जब इस बारे मालुम हुआ, तब उन्होंने बुढ़िया का रूप धारण कर भाद्रमाह की पूर्णिमा को राजा बलि को पाताल में राखी बांधी थी और विष्णु भगवान को वापस छोड़ने की गुहार लगाई थी। इस के बावजूद भी राजा बलि ने विष्णु भगवान को वर्ष के चार माह तक पालात में शयन करने का आग्रह किया था। इसी प्रकार द्रौपदी द्वारा भगवान कृष्ण को राखी का उल्लेख पुराणों में मिलता है।




# पंजाब में वीएचपी नेता हत्याकांड में हथियार सप्लायर को पकड़ा

**एजेंसी, चंडीगढ़**

दिल्ली पुलिस ने पंजाब में विश्व हिंदू परिषद (विहिप) की नांगल इकाई के अध्यक्ष की हत्या के मामले में वांछित 22 वर्षीय हथियार आपूर्तिकर्ता को गिरफ्तार किया है। दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ ने एक बयान में कहा कि विशेष प्रकोष्ठ और राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) के संयुक्त अभियान में लुधियाना के निवासी धर्मेंद्र कुमार उर्फ कुणाल को गिरफ्तार किया गया।

अतिरिक्त पुलिस आयुक्त पीएस कुशवाह ने कहा, 'धर्मेंद्र कुमार उर्फ कुणाल ने विश्व हिंदू परिषद (विहिप) की नांगल इकाई के अध्यक्ष विकास प्रभाकर की हत्या में इस्तेमाल किए गए हथियार मध्य प्रदेश से खरीदे थे।'

उन्होंने कहा, '13 अप्रैल को प्रभाकर की पंजाब के नांगल में उनकी दुकान पर अज्ञात हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी।'

अधिकारी ने बताया, 'गुप्त सूचना के आधार पर विशेष प्रकोष्ठ और एनआईए की संयुक्त टीम ने लुधियाना के बाल्मीकि कॉलोनी से धर्मेंद्र कुमार को गिरफ्तार किया।'



## मध्य प्रदेश से खरीदे थे हथियार

धर्मेंद्र कुमार पर आरोप है कि उसने मध्य प्रदेश से हथियार खरीदकर विकास बग्गा की हत्या करने वालों को दिए थे। गिरफ्तारी के बाद पूछताछ में धर्मेंद्र ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है। धर्मेंद्र पहले भी मध्य प्रदेश से अवैध हथियारों की सप्लाई में शामिल रहा है और उसके खिलाफ मध्य प्रदेश और पंजाब में आर्म्स एक्ट के दो मामले दर्ज हैं।

## अप्रैल में वीएचपी नेता की हत्या से जुड़े हैं तार

यह मामला पंजाब के नंगल में विश्व हिंदू परिषद के नंगल इकाई के अध्यक्ष विकास प्रभाकर उर्फ विकास बग्गा की हत्या से जुड़ा है। विकास बग्गा की 13 अप्रैल 2024 को नंगल, पंजाब में उनकी मिठाई की दुकान पर अज्ञात हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। शुरुआत में यह मामला पंजाब के रूपनगर जिले के थाना नंगल में दर्ज किया गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए, मई 2024 में इसे एनआईए को ट्रांसफर कर दिया गया। एनआईए ने इस मामले में अपनी जांच शुरू की और धर्मेंद्र कुमार उर्फ कुणाल को गिरफ्तार कर लिया।

# डॉक्टरों ने सिक्योरिटी गार्ड्स को बांधी राखी




**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़**

पीजीआई चंडीगढ़ में अनोखे अंदाज में रक्षाबंधन मनाया गया। पीजीआई की महिला डॉक्टर्स ने सुरक्षा कर्मियों को राखी बांधी और कोलकाता की घटना को लेकर अपनी सुरक्षा का प्रण भी लिया। पीजीआई के चिकित्सक कोलकाता की घटना को लेकर रोष प्रदर्शन कर रहे हैं। आज भाई बहन के प्रेम का त्योहार रक्षा बंधन है। इस मौके पर पूरे देशभर में बहनें अपने भाइयों को राखी बांधकर उनसे अपनी सुरक्षा का प्रण ले रही हैं।

कोलकाता की घटना के विरोध में पीजीआई के चिकित्सक सड़कों पर हैं। रोष जता रही महिला डॉक्टर्स ने पीजीआई के सुरक्षा कर्मियों को राखी बांधी। महिला चिकित्सकों का कहना है कि कोलकाता के आरजी कर अस्पताल की महिला डॉक्टर के साथ जो दुखदाई घटना हुई है उससे पूरा देश शर्मशार हुआ है। महिलाओं की रक्षा और सुरक्षा अहम हो गई है।

इस रक्षा बंधन पर हर बहन अपने भाई को राखी बांधकर यही प्रण ले कि जैसी घटना कोलकाता में हुई है। ऐसा किसी भी बहन के साथ न हो। इसलिए उन्होंने संस्थान के सुरक्षा कर्मियों को राखी बांधकर अपनी सुरक्षा का प्रण उनसे लिया है। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### स्कूल बनाने के लिए प्रधानमंत्री को लिखा पत्र

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** सरकारी स्कूल के हालातों को लेकर शहर के एक व्यक्ति ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को चिट्ठी लिखी है। सरकारी स्कूल में बच्चों के लिए बैठने की जगह नहीं है। इसलिए नए स्कूल की मांग की गई है। चंडीगढ़ को स्मार्ट सिटी का दर्जा है। बावजूद शहर के कई हिस्सों में स्मार्ट सिटी के नाम पर कुछ भी नहीं है। चंडीगढ़ के पूर्व प्रशासक बनवारीलाल पुरोहित ने हल्लोमाजरा में दो साल पहले नया स्कूल बनाने की घोषणा की थी। घोषणा को दो साल बीत चुके हैं, लेकिन धरातल पर कोई काम नजर नहीं आ रहा है। योजना की फाइल अप्रूवल के लिए चक्कर काट रही है। नया स्कूल न बनने और पुराने में कम जगह होने के कारण बच्चों को आ रही परेशानियों को लेकर हल्लोमाजरा निवासी अरविंद कुमार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर योजना का अमलीजामा पहनाने की गुहार लगाई है। पत्र में अरविंद ने लिखा कि हल्लोमाजरा के सरकारी स्कूल में ग्रामीण गरीब बच्चों के लिए बैठने की जगह न होने से उन्हें शिक्षा के अधिकार से वंचित रखा जा रहा है जिस पर तुरंत कार्रवाई की जानी चाहिए। स्कूल में जगह न होने का कहकर बच्चों को दाखिला नहीं दिया जा रहा। उन्होंने प्रधानमंत्री से अनुरोध किया कि वह हल्लोमाजरा की खाली जगह पर गरीब विद्यार्थियों के हित में 12वीं कक्षा तक स्कूल बनाने के निर्देश जारी करें।

### राखी के तोहफे में छोटे भाई ने दी किडनी

**पणजी।** रक्षाबंधन का त्योहार दक्षिण गोवा की 43 वर्षीय एक महिला के लिए विशेष बन गया क्योंकि उसके छोटे भाई ने अपनी एक किडनी दान करके उसे नया जीवनदान दिया। पॉलीसिस्टिक किडनी रोग से पीड़ित महिला के शरीर में एक निजी अस्पताल में उसके 35 वर्षीय भाई की किडनी प्रतिरोपित की गई। हालांकि परिवार के अनुरोध पर भाई-बहन के नाम गुप्त रखे गए हैं, लेकिन वे अंगदाताओं के लिए प्रेरणास्रोत बन गए हैं। महिला के पति ने कहा, 'मेरी पत्नी अपने भाई को राखी बांधते समय भावुक हो गई थी। बचपन से ही वे आदर्श भाई-बहन रहे हैं।' निजी अस्पताल के एक चिकित्सक ने बताया कि महिला पॉलीसिस्टिक किडनी रोग से पीड़ित थी और यह अंतिम चरण में था, जिसके लिए तत्काल प्रतिरोपण की आवश्यकता थी। चिकित्सक ने बताया कि महिला का छोटा भाई शादीशुदा है और वह अपनी किडनी दान करने के लिए तैयार हो गया।

### बॉर्डर पर तस्कर 6 किलो सोना छोड़कर भागा

**नादिया।** भारत-बांग्लादेश सीमा पर सोमवार को तस्करी का छह किलोग्राम सोना लेकर आए एक व्यक्ति ने बीएसएफ के एक जवान की ओर से रोके जाने पर उसने चाकू से हमला कर दिया। हमले में जवान बच गया, जबकि तस्कर सोना छोड़कर भाग निकला। यह घटना पश्चिम बंगाल के सीमावर्ती नादिया जिले के विजयपुर में केले और बांस के बगीचे के पास सुबह करीब नौ बजे हुई। तस्कर अपनी कमर में बंधी बेल्ट में सोने के 22 बिस्कुट और लगभग छह किलोग्राम वजन की आठ छड़ें लेकर जा रहा था।

### जिम्बाब्वे के उपराष्ट्रपति भारत पहुंचे



**नई दिल्ली।** जिम्बाब्वे के उपराष्ट्रपति कॉन्स्टेंटिनो गुवेया डोमिनिक न्याकाडजिनो चिवेंगा 19वें सीआईआई भारत-अफ्रीका व्यापार सम्मेलन में भाग लेने के लिए सोमवार सुबह नई दिल्ली पहुंचे। राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित सम्मेलन में चिवेंगा की भागीदारी भारत और जिम्बाब्वे के बीच मजबूत संबंधों को उजागर करती है।

### पाकिस्तान में आतंकी हमला, 2 सैनिकों की मौत

**पेशावर।** उत्तर-पश्चिम पाकिस्तान में पुलिस थाने पर आतंकवादियों के हमले में एक थाना प्रभारी समेत दो पुलिसकर्मियों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि भारी हथियारों से लैस आतंकवादियों ने खैबर-पख्तूनख्वा प्रांत के आतंकवाद प्रभावित लक्की मरवत जिले में बरगई पुलिस थाने पर रविवार रात हमला कर दिया। पुलिस के मुताबिक, हमले में एक पुलिसकर्मी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि घायल थाना प्रभारी ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। उसने बताया कि मुठभेड़ के दौरान प्रभारी को कई गोलियां लगी थीं। पुलिस के अनुसार, हमले से पहले आतंकवादी पुलिस थाने के पास स्थित एक घर में छिपे हुए थे।

### महाराष्ट्र में टैंकर दुर्घटनाग्रस्त, पांच की मौत

**ठाणे।** कसारा घाट खंड में दूध के एक टैंकर के खाई में गिर जाने से उसमें सवार पांच लोगों की मौत हो गई। ठाणे ग्रामीण पुलिस के एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारी ने बताया कि रविवार अपराह्न करीब तीन बजे तेज गति से आ रहा टैंकर लोहे के एक 'बैरियर' से टकराकर 200 फुट गहरी खाई में जा गिरा। शाहपुर उपखंड पुलिस अधिकारी (एसडीपीओ) मिलिंद शिंदे ने बताया कि टैंकर चालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है।

# सीएम धामी ने खुशहाली एवं तरक्की की कामना की

**जगदीश शर्मा, देहरादून**



उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को रक्षाबंधन के अवसर पर चंपावत जिले के देवीधुरा स्थित मां वाराही धाम में लगने वाले बगवाल मेले में प्रतिभाग किया। मुख्यमंत्री ने मांवाराही मंदिर में घंटी चढ़ाई तथा राज्य की खुशहाली एवं तरक्की की कामना की। मुख्यमंत्री, मां वाराही धाम में चार खाम सात थोक के बीच फलों फूलों से खेले जाने वाले विश्व प्रसिद्ध पाषाण युद्ध के साक्षी बने। इस वर्ष पाषाण युद्ध करीब 11 मिनट तक चला।

मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि रीठा में रतिया नदी में बाढ़ सुरक्षा का निर्माण कार्य एवं वैकल्पिक एप्रोच रोड का निर्माण कार्य किया जाएगा एवं मानसखंड कॉरीडोर के अन्तर्गत वाराही मंदिर के छूटे हुए अवस्थापना कार्यों को सम्मिलित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलो का अवलोकन भी किया।

मुख्यमंत्री धामी ने सभी को रक्षाबंधन की शुभकामनाएं देते हुए सभी देवी-देवताओं को नमन किया। उन्होंने कहा देवीधुरा के ऐतिहासिक और रमणीक क्षेत्र में आकर स्वयं को अभिभूत महसूस कर रहा हूं।

सीएम धामी ने कहा बग्वाल मेला हमारी लोक संस्कृति, आस्था और परंपराओं का संगम है। यह मेला हमारी संस्कृति और परंपराओं को बढ़ावा देने के साथ ही हमारी संस्कृति का भी संवर्धन करता है। (अनंत ज्ञान)

# भाजपा-पीडीपी पर 2014 दोहराने की चुनौती

## नेकां-कांग्रेस पर ग्राफ सुधारने का दबाव; सभी दलों की परीक्षा

**अशोक ठाकुर, जम्मू**

जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव की घोषणा होने के साथ केंद्र शासित प्रदेश में सभी राजनीतिक दल अपनी तैयारियों में जुट गए हैं। इस चुनाव मे जहां भाजपा व पीडीपी के लिए 2014 के इतिहास को दोहराने की चुनौती होगी, वहीं, नेकां और कांग्रेस पर पिछले प्रदर्शन को सुधारने का दबाव होगा।

आतंकवाद के प्रचंड स्तर पर पहुंचने के बाद जम्मू-कश्मीर में 1996 में सबसे पहला विधानसभा चुनाव हुआ। इसके बाद 2014 तक तीन और विधानसभा चुनाव हुए। 2014 में भयंकर बाढ़ की विभीषिका के बाद हुए आखिरी विधानसभा चुनाव में भाजपा किंगमेकर के रूप में उभरी। पार्टी ने जम्मू संभाग से



25 सीटें झटकते हुए पीडीपी के बाद सबसे अधिक सीटें अपनी झोली में डाली। पीडीपी 28 सीटों के साथ नंबर एक पर रही। हालांकि, भाजपा को मिले मत प्रतिशत सभी पार्टियों से अधिक रहा। इस चुनाव में नेकां और कांग्रेस को काफी नुकसान उठाना पड़ा और उसके हाथ से सत्ता निकल गई। भाजपा और पीडीपी ने मिलकर सरकार बनाई, लेकिन गठबंधन की यह सरकार तीन साल ही चल पाई और 2018 में गिर गई। जम्मू-कश्मीर के आखिरी विधानसभा चुनाव 2014 के परिणामों पर सीटों के आधार पर नजर डाली जाए तो भाजपा की झोली में 37 में 25 सीटें आईं।

शेष 12 सीटों में कांग्रेस को छह, नेकां को तीन, पीडीपी को दो व एक निर्दल को जीत मिली। इसी प्रकार कश्मीर की 50 (लद्दाख की चार सीटों को मिलाकर) सीटों में पीडीपी को 26 सीटें मिलीं। शेष 24 सीटों में नेकां को 12, कांग्रेस को छह, निर्दल को छह सीटें मिलीं। भाजपा के हाथ एक भी सीट नहीं आई। इसलिए जम्मू संभाग में भाजपा को पिछले प्रदर्शन दोहराने की चुनौती होगी। (अनंत ज्ञान)

## देश-विदेश

# लेटरल एंट्री आरक्षण खत्म करने की साजिश: राहुल

## खड़गे बोले- सरकार के हिस्सों को बेचकर 5.1 लाख पद भाजपा ने खत्म किए

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**कांग्रेस** अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और विपक्ष के नेता एवं पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने लेटरल एंट्री को लेकर मोदी सरकार पर हमला करते हुए कहा कि ऐसा कर वह आरक्षण को खत्म करने की साजिश कर रही है।

खड़गे ने कहा कि सरकारी महकमों में नौकरियाँ भरने के बजाय, पिछले 10 वर्षों में अकेले पीएसयू में ही भारत सरकार के हिस्सों को बेच-बेच कर 5.1 लाख पद भाजपा ने खत्म कर दिए है। कैजुअल एवं कॉन्ट्रेक्ट भर्ती में 91 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। एससी/एसटी तथा ओबेसी के 2022-23 तक 1.3 लाख पद कम हुए है। राहुल गांधी ने 'लेटरल एंट्री' के जरिये लोक सेवकों की भर्ती को लेकर सोमवार को भाजपा पर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा का रामाज्य का विकृत संस्करण संविधान नष्ट करना चाहता है और बहुजनों से आरक्षण छीनना चाहता है।

### यूपीएससी लेटरल-एंट्री का कॉन्सेप्ट यूपीए सरकार का: अश्विनी वैष्णव



**नई दिल्ली।** यूपीएससी में लेटरल एंट्री को लेकर नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने सरकार पर आरोप लगाए आरोपों का जवाब देते हुए केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि लेटरल एंट्री मामले पर कांग्रेस का पाखंड देश के सामने है। वैष्णव ने एक्स पर लिखा कि यह यूपीए सरकार ही थी, जिसने लेटरल एंट्री का कॉन्सेप्ट लाया। दूसरा प्रशासनिक सुधार आयोग 2005 में यूपीए सरकार में ही लाया गया था। इस आयोग की अध्यक्षता वीरप्पा मोइली ने की थी। यूपीए के कार्यकाल की एआरसी ने सुझाव दिया था कि जिन पदों पर स्पेशल नॉलेज की जरूरत है, वहां विशेषज्ञों की नियुक्ति होनी चाहिए।

# बैंक जमा वृद्धि के लिए उठाएं कदम : सीतारमण




**एजेंसी, नई दिल्ली**

**वित्त** मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) के प्रमुखों के साथ प्रदर्शन समीक्षा बैठक की और उनसे जमा वृद्धि में सुधार लाने को कहा।

पिछले कुछ महीनों में ऋण वृद्धि जमा वृद्धि की तुलना में 3-4 प्रतिशत कम रही है, जिससे बैंकों के लिए परिसंपत्ति-देयता का असंतुलन पैदा हो गया है। वित्त मंत्री ने बैंकों के वित्तीय प्रदर्शन के साथ ही पीएम आवास योजना, पीएम सूर्य घर और पीएम विश्वकर्मा योजना सहित सरकार की विभिन्न प्रमुख योजनाओं के कार्यान्वयन में हुई प्रगति की समीक्षा की। सूत्रों ने यह भी बताया कि सीतारमण ने जमा वृद्धि, ऋण-जमा अनुपात (सीडी अनुपात) और परिसंपत्ति गुणवत्ता का भी जायजा लिया।

# दक्षिण कोरिया व अमेरिका ने शुरू किया सैन्य अभ्यास

**एजेंसी, सियोल**



**उत्तर** कोरिया के बढ़ते परमाणु, मिसाइल और साइबर खतरों के खिलाफ अपनी संयुक्त रक्षा क्षमताओं को बढ़ाने के उद्देश्य से दक्षिण कोरिया और संयुक्त राज्य अमेरिका ने आज अपने वार्षिक सैन्य अभ्यास शुरू किए।

उल्ची फ्रीडम शील्ड अभ्यास, जो 29 अगस्त को समाप्त होने वाला है, उत्तर कोरिया द्वारा अपने परमाणु और मिसाइल कार्यक्रमों को विकसित करने के लिए चल रहे प्रयासों और टोही उपग्रहों को तैनात करने के प्रयासों की प्रतिक्रिया है। अभ्यास उत्तर कोरिया से 'यथार्थवादी खतरों' को दूर करने के लिए डिज़ाइन किए गए हैं, जिसमें मिसाइल हमले, जीपीएस जैमिंग और साइबर युद्ध शामिल हैं। इन अभ्यासों की जानकारी हाल की घटनाओं और सैन्य संघर्ष की उभरती प्रकृति से मिलती है, जैसा कि दक्षिण कोरियाई राष्ट्रपति यून सुक योल ने उजागर किया है।

# उप्र में डॉक्टर ने दलित नर्स से किया बलात्कार

**एजेंसी, मुरादाबाद (उप्र)**

जिले के ठाकुरद्वारा थाना क्षेत्र के एक निजी अस्पताल में दलित नर्स के साथ बंधक बनाकर किए गए कथित दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने सोमवार को एक डॉक्टर समेत दो अन्य को गिरफ्तार किया।

पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) संदीप कुमार मीना ने सोमवार को बताया कि अस्पताल में नर्स से दुष्कर्म की घटना के संबंध में पीड़िता के परिवार ने 18 अगस्त को थाने में शिकायत दर्ज कराई थी।

शिकायत के आधार पर पुलिस ने अस्पताल में कार्यरत डॉ. शाहनवाज, वार्ड बॉय जुनैद और महिला नर्स मेहनाज के खिलाफ ठाकुरद्वारा थाने में दुष्कर्म और एससी/एसटी (अत्याचार निवारण) अधिनियम की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है।20 वर्षीय नर्स पिछले सात महीने से अस्पताल में काम कर रही थी। रोजाना की तरह शनिवार शाम करीब सात बजे वह ड्यूटी पर अस्पताल गई थी।

आरोप है कि देर रात अस्पताल की ही एक अन्य नर्स मेहनाज ने पीड़िता को डॉ. शाहनवाज का नाम लेकर उसके कमरे में जाने को कहा। पीड़िता ने मना किया तो वार्ड बॉय जुनैद और नर्स मेहनाज उसे कथित रूप से जबरन अस्पताल की ऊपरी मंजिल पर बने कमरे में ले गए।

# शेयर बाजार में तेजी सेंसेक्स 200 अंक उछला

**नई दिल्ली।** भारतीय शेयर बाजार की शुरुआत सोमवार को तेजी के साथ हुई। शुरुआती कारोबार में बाजार के सभी इंडेक्स में तेजी है। सोमवार सुबह 9:16 पर सेंसेक्स 248 अंक या 0.31 प्रतिशत की तेजी के साथ 80,685 और निफ्टी 96 अंक या 0.40 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,638 अंक पर कारोबार कर रहा थ। बाजार का रुझान पॉजिटिव बना हुआ है. 1,689 शेयर हरे निशान में और 406 शेयर लाल निशान में कारोबार कर रहे हैं। लार्जकैप के साथ मिडकैप और स्मॉलकैप में भी खरीदारी का ट्रेंड देखा जा रहा है। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 280 अंक या 0.49 प्रतिशत की बढ़त के साथ 57,936 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 192 अंक या 1.04 प्रतिशत की तेजी के साथ 18,628 पर है।

# न्यूयॉर्क में इंडिया डे परेड में राम मंदिर की झांकी

**भड़के भारतीय मुसलमानों ने किया समारोह से किनारा**

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**अमेरिका** के न्यूयॉर्क में आयोजित इंडिया डे परेड में बड़ी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया। परेड में राम मंदिर की तस्वीर वाली कार्निवल झांकी भी निकाली गई।

न्यूयॉर्क में 42वीं इंडिया डे परेड का आयोजन किया गया। परेड में हिस्सा लेने वाले लोगों ने देशभक्ति के गीत बजाए। लोग भारतीय झंडे लिए हुए थे और परेड में हिस्सा लेते हुए ढोल बजाते और नाचते हुए देखे गए। इस दौरान लकड़ी से बनी राम मंदिर की पूरी संरचना को फूलों से सजाया गया था, लेकिन इस बीच समारोह की



राम मंदिर की झांकी को लेकर विवाद हो गया। भारतीय अमेरिकी मुसलमानों का प्रतिनिधित्व करने वाले एक समूह ने राम मंदिर की झांकी को शामिल करने पर विवाद के बाद परेड से अपनी झांकी वापस ले ली, उनका कहना है कि यह मुस्लिम विरोधी पूर्वाग्रह को दर्शाता है। इस कार्यक्रम के आयोजनकर्ता फेडरेशन ऑफ इंडियन एसोसिएशन ने कहा कि यह झांकी हिंदुओं के लिए महत्वपूर्ण एक ऐतिहासिक स्थल के उद्घाटन का जश्न मनाती है।

### सोनाक्षी-पंकज त्रिपाठी भी परेड में शामिल हुए

फेडरेशन ऑफ इंडियन एसोसिएशन के अनुसार, परेड में 50 से ज्यादा मार्चिंग ग्रुप और 30 से ज्यादा मार्चिंग बैंड के अलावा मशहूर हस्तियां भी शामिल हुईं। बॉलीवुड एक्ट्रेस सोनाक्षी सिन्हा ग्रैंड मार्शल थीं। खास मेहमानों के तौर पर एक्टर पंकज त्रिपाठी और भाजपा सांसद मनोज तिवारी शामिल हुए। भारत की स्वतंत्रता का जश्न मनाने के लिए न्यूयॉर्क में हर साल इंडिया डे परेड होती है। यह परंपरा चार दशकों से ज्यादा समय चली आ रही है। इस साल 42वीं इंडिया डे परेड मनाई गई है। आध्यात्मिक गुरु स्वामी अवधेशानंद गिरि जी महाराज ने कहा कि मैं भारतीय-अमेरिकी समुदाय के निमंत्रण पर इंडिया डे परेड में भाग लेने के लिए न्यूयॉर्क आया हूं।

# द्वितीय विश्व युद्ध के समय का बम हटाने के लिए 400 घर खाली करने का आदेश

**लंदन।** उत्तरी आयरलैंड में द्वितीय विश्व युद्ध के समय का संदिग्ध बम हटाने के लिए पुलिस ने 400 से अधिक घरों को खाली करने के आदेश दिए हैं। पुलिस ने रविवार को बताया कि बम हटाने के अभियान में पांच दिन से अधिक का समय लग सकता है। यह संदिग्ध बम शुक्रवार को बेलफास्ट से करीब 15 किलोमीटर पूर्व काउंटी डाउन क्षेत्र के न्यूटाउनार्ड्स में पाया गया। नॉर्थ डाउन और आर्ड्स जिले के कमांडर सुपरिंटेंडेंट जॉनस्टन मैकडॉवेल ने कहा कि लोगों की सुरक्षा सर्वोपरि है और हम कोई जोखिम नहीं लेंगे, इसलिए यह प्रक्रिया आवश्यक है। मौके पर पुलिस 'बैरिकेड्स' लगा चुकी है और वाहन चालकों से संबंधित क्षेत्र से दूर रहने को कहा गया है। जिन स्थानीय लोगों को अपने घरों से बाहर जाना पड़ रहा है, उनके लिए एक आपातकालीन सहायता केंद्र स्थापित किया गया है।

# यूक्रेन ने रूस का पुल उड़ाया सेना की सप्लाई लाइन काटी

**एजेंसी, कीव**

**यूक्रेन** ने कुर्स्क में हमला करके एक और अहम पुल को गिरा दिया है। यूक्रेन के वायुसेना कमांडर मायकोला ओलेशचुक ने सोशल मीडिया पर वीडियो जारी किया। उन्होंने कहा कि इस पुल का बहुत रणनीतिक महत्व है। इसके टूटने के बाद अब रूस की सप्लाई लाइन पर काफी असर पड़ेगा।

रूस में यह दूसरा पुल है, जिसे यूक्रेन ने तबाह किया है। 2 दिन पहले यूक्रेनी सेना ने कुर्स्क के ग्लुशकोवो में एक और पुल को गिरा दिया था। रॉयटर्स के मुताबिक यह पुल सीम नदी पर बना हुआ था। यह यूक्रेन की सीमा से 15 किमी दूर है।

### जेलेंस्की बोले- जहां कब्जा किया, वहां बफर जोन बनाएंगे

**यूक्रेन** के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि रूस के कुर्स्क क्षेत्र में यूक्रेनी सैनिकों के दाखिल होने का मकसद वहां एक 'बफर जोन' बनाना है, ताकि मॉस्को को सीमा पार और हमले करने से रोका जा सके। जेलेंस्की ने कुर्स्क क्षेत्र में छह अगस्त को शुरू किए गए इस साहसिक अभियान की मंशा पहली बार स्पष्ट रूप से जाहिर की है।



## न्यूज ब्रीफ

### सुमित नागल विंस्टन सलेम ओपन से बाहर



**विंस्टन-सलेम (अमेरिका)।** भारत के शीर्ष एकल खिलाड़ी सुमित नागल यहां पहले दौर में ही बोर्ना कोरिच से सीधे सेटों में हारकर एटीपी 250 प्रतियोगिता विंस्टन सलेम ओपन से बाहर हो गए। नागल एक घंटे 10 मिनट तक चले मैच में क्रोएशियाई खिलाड़ी से 4-6, 2-6 से हार गए। नागल मुकाबले में मिले एकमात्र ब्रेकप्वाइंट को बदलने में सफल रहे लेकिन इस बीच उन्होंने चार बार अपनी सर्विस गंवाई। पुरुष युगल में पूर्व जूनियर राष्ट्रीय चैंपियन दक्षिणेश्वर सुरेश ब्रिटेन के अपने जोड़ीदार लुका पॉव के साथ चुनौती पेश करेंगे। अमेरिका में कॉलेज सर्किट में खेलने वाले दक्षिणेश्वर एकल मुख्य ड्रा के लिए क्वालीफाई नहीं कर पाए थे। वह क्वालीफाइंग के दूसरे दौर में अमेरिका के चौथी वरीयता प्राप्त लर्नर टीएन से 3-6, 4-6 से हार गए थे।

### सिनर सिनसिनाटी ओपन के फाइनल में



**मेसन (अमेरिका)।** विश्व के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर ने तीन सेट तक चले कड़े मुकाबले में अलेक्जेंडर ज्वेरेव को हराकर सिनसिनाटी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया, लेकिन महिला वर्ग में शीर्ष खिलाड़ी इगा स्वियातेक को आर्यना सबालेंका से हार का सामना करना पड़ा। सबालेंका फाइनल में अमेरिकी जेसिका पेगुला से भिड़ेंगी, जबकि सिनर का सामना फ्रांसिस टियाफो से होगा। इटली के खिलाड़ी सिनर ने तीन घंटे, सात मिनट तक चले मैच में 7-6(9), 5-7, 7-6(4) से जीत दर्ज की। टियाफो ने एक अन्य सेमीफाइनल में होल्गर रूण को 4-6, 6-1, 7-6 (7-4) से पराजित किया। महिलाओं के सेमीफाइनल में सबालेंका ने स्वियातेक को 6-3, 6-3 से हरा कर पहली बार सिनसिनाटी ओपन के फाइनल में जगह बनाई। इससे पांच बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन स्वियातेक का पिछले 15 मैच से चला आ रहा विजय अभियान भी थम गया। छठी वरीयता प्राप्त पेगुला ने बारिश से प्रभावित दूसरे सेमीफाइनल में पाउला बडोसा को 6-2, 3-6, 6-3 से हराया।

### ग्रीन और मार्श को उठानी होगी जिम्मेदारी



**मेलबोर्न।** ऑस्ट्रेलिया के टेस्ट कप्तान पैट कमिंस को उम्मीद है कि इस साल के आखिर में होने वाली बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी टेस्ट सीरीज के दौरान ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन और मिशेल मार्श गेंदबाजी का अधिक जिम्मा संभालेंगे। कमिंस चाहते हैं कि यह दोनों ऑलराउंडर नवंबर से शुरू होने वाली पांच टेस्ट मैचों की सीरीज में टीम के अग्रणी तेज गेंदबाजों का कार्यभार साझा करें। कमिंस ने कहा ,''टीम में ऑलराउंडर होने से फायदा मिलता है। पिछले कुछ वर्षों में हम उनका उतना उपयोग नहीं कर पाए जितना हमने सोचा था। यह अच्छी बात है, लेकिन इन गर्मियों के सत्र में कुछ अलग हो सकता है। हम ग्रीन और मार्श को गेंदबाजी में थोड़ा अधिक जिम्मेदारी दे सकते हैं।'' ऑस्ट्रेलिया के कप्तान ने कहा,''ग्रीन जैसे खिलाड़ी ने शील्ड क्रिकेट में गेंदबाज के रूप में शुरुआत की थी, लेकिन टेस्ट मैचों में उसे ज्यादा गेंदबाजी नहीं करनी पड़ी। अब वह पहले से अधिक परिपक हो गया है। मुझे लगता है कि हम उस पर थोड़ा और अधिक निर्भर रहेंगे।'' पच्चीस वर्षीय ग्रीन ने अपने करियर में अब तक 28 टेस्ट मैचों में 35.31 के औसत से 35 विकेट लिए हैं।

### अमेरिका में मार्गदर्शन करेंगे वेंगसरकर



**डलास (अमेरिका)।** भारत के पूर्व कप्तान दिलीप वेंगसरकर चार अक्तूबर से यहां शुरू होने वाले 'सिक्सटी स्ट्राइक्स' क्रिकेट टूर्नामेंट के शुरुआती सत्र में छह टीमों में से एक का मार्गदर्शन (मेंटोर) करेंगे। डलास स्थित टेक्सास विश्वविद्यालय (यूटी डलास) नेशनल क्रिकेट लीग (एनसीएल) यूएसए के साथ मिलकर इस टूर्नामेंट की मेजबानी करेगा। दस दिनों तक चलने वाले इस टूर्नामेंट में दुनिया भर से छह अलग-अलग टीमें शामिल होंगी। इस टूर्नामेंट में मोहम्मद कैफ, सुनील नारेन, ड्वेन ब्रावो, मोहम्मद आमिर, एंजेलो मैथ्यूज, जेसन रॉय, मोहम्मद नबी, तमीम इकबाल, शाकिब-अल-हसन, शाहिद अफरीदी और कामरान अकमल जैसे खिलाड़ी भाग लेंगे। मेंटर्स (मार्गदर्शक) की सूची में दिलीप वेंगसरकर और जहीर अब्बास का नाम है जबकि विवियन रिचर्ड्स और सनथ जयसूर्या का नाम कोच के तौर पर है। सिक्सटी स्ट्राइक्स प्रतियोगिता 60 गेंदों का प्रारूप होगा, जिसे पावर हिटिंग और बड़े स्कोर वाले मैचों के लिए जाना जाता है। यूटी डलास के अध्यक्ष रिचर्ड सी. बेन्सन ने कहा कि ''यूटी डलास समुदाय में कई लोग इस खेल को खेलते हैं या इसका अनुसरण करते हैं। इसने इस प्रतियोगिता से साझेदारी करने के हमारे निर्णय को आसान बना दिया।''

# पैरालंपिक में 20 साल से चीन की बादशाहत

**एजेंसी, नई दिल्ली**

ओलंपिक गेम्स के बाद पेरिस 28 अगस्त से 8 सितंबर तक पैरालंपिक खेलों की मेजबानी करेगा। पेरिस इतिहास में पहली बार इन खेलों की मेजबानी कर रहा है। इन खेलों में पिछले 20 साल से चीन की की तूती बोल रही है, जो 2004 से लगातार पदक तालिका में शीर्ष पर कायम है। चीन की नजरें लगातार छठी बार अपनी बादशाहत कायम करने पर है।


हालांकि पैरालंपिक खेलों के इतिहास में सबसे अधिक पदक जीतने का रिकॉर्ड अमेरिका के नाम है। अमेरिका 8 बार पदक तालिका में शीर्ष पर रहा है, लेकिन 1996 के बाद उसने अपनी बादशाहत खो दी।

पेरिस पैरालंपिक खेलों में सबसे बड़ा दल चीन का है। कुल 516 सदस्यीय दल में 284 एथलीट शामिल हैं, जो 19 खेलों की 302 स्पर्धाओं में हिस्सा लेंगे। चीनी दल में 48 वर्षीय महिला टेबल टेनिस खिलाड़ी झियोंग गुइयन चीन की सबसे उम्रदराज खिलाड़ी हैं। उन्होंने 2016 और 2020 ओलंपिक में रजत पदक जीता था। वहीं, 15 वर्षीय महिला तैराक झू हुई सबसे युवा हैं।

### अमेरिका 8 बार पदक तालिका में शीर्ष पर रहा



### 1960 से हुई थी पैरालंपिक गेम्स की शुरुआत



बता दें कि पहली बार पैरालंपिक खेलों का आयोजन 1960 में किया गया था, जिसकी मेजबानी रोम ने की। खास बात यह है कि ओलंपिक की तरह ही पैरालंपिक खेलों का जन्म भी रोम से ही हुआ। पहले पैरालंपिक में कुल 400 एथलीटों ने हिस्सा लिया था। पहले रोम पैरालंपिक खेलों में इटली का दबदबा रहा था और उसने सर्वाधिक 80 पदक जीते थे। इसमें 29 स्वर्ण, 28 रजत और 23 कांस्य पदक थे। दिलचस्प है कि इसके बाद इटली कभी तालिका में शीर्ष पर नहीं पहुंच सका।

### पैरालंपिक खेलों में भारत को अब तक 31 पदक

पेरिस पैरालंपिक-2024 के लिए शुक्रवार को 84 एथलीट का भारतीय दल रवाना हुआ। इस बार भारतीय एथलीट 12 खेलों में हिस्सा ले रहे हैं। भारत ने अब तक इसके 11 संस्करणों में हिस्सा लिया है। इस दौरान देश को कुल 31 पदक जीते है। भाग्यश्री जाधव और सुमित अंतिल भारत के ध्वजवाहक होंगे। इससे पहले टोक्यो पैरालंपिक 2020 में 54 एथलीट ने हिस्सा लिया था और सबसे ज्यादा 19 मेडल जीते थे। 1965 के भारत-पाक युद्ध के हीरो मुरलीकांत पेटकर भारत के पहले पैरालंपिक मेडल विनर हैं। मुरलीकांत पेटकर ने 1972 के हीडलबर्ग गेम्स में तैराकी में मेंस 50 मीटर फ्रीस्टाइल 3 स्पर्धा में गोल्ड मेडल जीता था।

### तीन नए खेलों में उतरेगा भारत

भारत पेरिस पैरालंपिक में तीन नए खेलों (पैरा साइकिलिंग, पैरा रोइंग और ब्लाइंड जूडो) में भी हिस्सा लेगा, जिससे देश की भागीदारी 12 खेलों तक पहुंच गई है। कुल मिलाकर पेरिस 2024 में 22 खेल आयोजित किए जाएंगे।

### बांग्लादेश के खिलाफ रावलपिंडी में खेला जाएगा दूसरा टेस्ट

**लाहौर ।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने रविवार को नेशनल स्टेडियम में चल रहे नवीनीकरण कार्य के कारण बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टेस्ट को कराची से रावलपिंडी में स्थानांतरित करने का फैसला किया। यह निर्णय बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) से बातचीत के बाद लिया गया है।

पहला टेस्ट 21 अगस्त से रावलपिंडी में खेला जाना है। पीसीबी ने पहले कहा था कि दूसरे टेस्ट मैच (30 अगस्त से तीन सितंबर) को कराची में खाली स्टेडियम में खेला जाएगा। पाकिस्तान अगले साल आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी की मेजबानी करेगा और इसी के मद्देनजर कराची स्थित नेशनल स्टेडियम का नवीनीकरण किया जा रहा है।

पीसीबी ने बयान में कहा, ''निर्माण कार्य से निकलने वाली धूल खिलाड़ियों, अधिकारियों, प्रसारकों और मीडिया के स्वास्थ्य को भी प्रभावित कर सकती है।''

# लंदन स्पिरिट बना महिला हंड्रेड का चैंपियन

### दीप्ति शर्मा ने बल्ले और गेंद से निभाई अहम भूमिका



**एजेंसी, लंदन**

भारतीय आलराउंडर दीप्ति शर्मा ने बल्ले और गेंद दोनों से अहम भूमिका निभाई जिससे लंदन स्पिरिट ने यहां लॉर्ड्स में खेले गए फाइनल में वेल्स फायर को चार विकेट से हराकर पहली बार महिला हंड्रेड का खिताब जीता। दीप्ति ने 23 रन देकर एक विकेट लिया और फिर नाबाद 16 रन बनाए, जिसमें हेली मैथ्यूज पर लगाया गया विजयी छक्का भी शामिल है। इसके बाद इस भारतीय खिलाड़ी ने अपनी साथी बल्लेबाज चार्ली डीन को गले लगाया।

दीप्ति ने दो साल पहले ने इंग्लैंड के खिलाफ एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच के दौरान नॉन स्ट्राइकर छोर पर रन लेने के लिए आगे बढ़ी डीन को रन आउट कर दिया था। इसके बाद खेल भावना को लेकर बहस छिड़ गई थी।


महिला हंड्रेड के फाइनल में वेल्स फायर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए आठ विकेट पर 115 रन बनाए। लंदन स्पिरिट ने छह विकेट पर 118 रन बना कर जीत हासिल की।

### बांग्लादेश में टी-20 विश्व कप खेलना मुश्किल : हीली



**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया की कप्तान एलिसा हीली ने कहा है कि अक्तूबर में बांग्लादेश में महिला टी-20 विश्व कप खेलना शायद सही नहीं होगा क्योंकि इससे देश पर बहुत दबाव पड़ेगा जो अब भी बड़े पैमाने पर हुई हिंसा और विरोध-प्रदर्शनों से उबर रहा है जिसमें सैकड़ों लोग मारे गए थे। देश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने इस्तीफा दे दिया था और भारत भाग गई जबकि नोबेल पुरस्कार विजेता मुहम्मद यूनुस को अंतरिम सरकार का प्रमुख बनाया गया है।महिला टी-20 विश्व कप तीन से 19 अक्तूबर तक बांग्लादेश में होना है जिसमें गत चैंपियन ऑस्ट्रेलिया सहित 10 टीमें भाग लेंगी।

### पॉल से मुकाबला करने को तैयार हैं माइक टायसन



**न्यूयॉर्क ।** माइक टायसन 58 साल के हैं और स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं के कारण रिंग में उनकी वापसी को स्थगित करना पड़ा, लेकिन यह दिग्गज मुक्केबाज फिर से दस्ताने पहनने के लिए तैयार है। एक समय दुनिया के सबसे खतरनाक मुक्केबाज रहे टायसन फिर से रिंग में उतर कर खुद को खतरे में डाल सकते हैं। रविवार को यहां जब उनसे पूछा गया कि वह जैक पॉल से मुकाबला क्यों करना चाहते हैं तो उन्होंने तपाक से उत्तर दिया।

टायसन ने खचाखच भरे संवाददाता सम्मेलन में कहा,''क्योंकि मैं ऐसा कर सकता हूं। क्या मेरे अलावा कोई और है जो ऐसा कर सकता है। इस मुकाबले में मेरे अलावा और कौन लड़ेगा।''

# आडवाणी ने बिलियर्ड्स खिताब जीता

**एजेंसी, मुंबई**



पंकज आडवाणी ने पश्चिम भारत बिलियर्ड्स एवं स्नूकर चैंपियनशिप में एस श्रीकृष्णा को बिलियर्ड्स फाइनल में 822-520 से हराकर एक और खिताब जीत लिया। भारत के 27 बार के विश्व चैंपियन आडवाणी ने खिताबी मुकाबलों में लगातार छठी जीत दर्ज की। आडवाणी को खिताबी जीत के लिए दो लाख रुपए की इनामी राशि मिली जबकि उप विजेता रहे तमिलनाडु के श्रीकृष्णा को एक लाख 20 हजार रुपए मिले। सेमीफाइनल में शिकस्त झेलने वाल ध्वज हारिया और शाहयन राजमी दोनों को 60-60 हजार रुपए की पुरस्कार राशि मिली।

तीन घंटे चले इस मुकाबले में उम्मीद के मुताबिक आडवाणी का दबदबा रहा जिन्होंने 57, 120, 62, 86, और 56 के ब्रेक बनाए जबकि श्रीकृष्णा सिर्फ एक बार 94 अंक बड़ा ब्रेक बना पाए।

### फुटबॉल की गुणवत्ता में सुधार करना हमारी प्राथमिकता : अनिल

अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के नवनियुक्त महासचिव पी. अनिल कुमार ने कहा कि उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता फीफा, क्लबों, राज्य संघों और सरकार जैसे प्रत्येक हितधारक को शामिल करते हुए देश में फुटबॉल की 'गुणवत्ता में सुधार' करना है।

अनुभवी खेल प्रशासक अनिल कुमार का 'फुटबॉल हाउस' में एआईएफएफ कोषाध्यक्ष किपा अजय ने उप महासचिव एम सत्यनारायण की उपस्थिति में स्वागत किया।

### बागान के कप्तान ने विरोध मार्च का नेतृत्व किया

**कोलकाता।** अपनी चिर-प्रतिद्वंद्विता को नजरअंदाज करते हुए मोहन बागान, ईस्ट बंगाल और मोहम्मडन स्पोर्टिंग के हजारों समर्थक भारी बारिश की परवाह किए बिना आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में एक महिला चिकित्सक के साथ बलात्कार व उसकी हत्या की घटना को लेकर विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए।

इस विरोध प्रदर्शन में भारत के लिए खेलने वाले मोहन बागान के कप्तान सुभाशीष बोस अपनी पत्नी कस्तूरी छेत्री के साथ शामिल हुए।

# शमी की बंगाल के शुरुआती रणजी मैचों में से एक में खेलने की संभावना

**एजेंसी, नई दिल्ली**



टखने की सर्जरी के बाद रिहैबिलिटेशन (चोट से उबरने की प्रक्रिया) के दौर से गुजर रहे सीनियर तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी के रणजी ट्रॉफी में अपनी घरेलू टीम बंगाल के लिए प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी करने की संभावना है। वह इसके बाद न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की सीरीज में किसी एक टेस्ट मैच में खेल सकते हैं।

समझा जाता है कि शमी 11 अक्तूबर को उत्तर प्रदेश और 18 अक्टूबर को बिहार के खिलाफ बंगाल के शुरुआती दो रणजी मैचों में किसी एक मैच में खेल सकते है। इन दोनों मैचों के बीच सिर्फ दो दिन का समय है ऐसे में इस बात की संभावना कम है कि वह दोनों मैचों का हिस्सा होंगे। न्यूजीलैंड टेस्ट सीरीज 19 अक्तूबर से बेंगलुरु में शुरू होगी, उसके बाद पुणे (24 अक्तूबर) और मुंबई (एक नवंबर) में टेस्ट होंगे। ऑस्ट्रेलिया के मुश्किल दौरे पर जाने से पहले शमी के इनमें से एक मैच खेलने की उम्मीद है।

भारत के बेहतरीन तेज गेंदबाजों में से एक 34 साल के शमी ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पिछले साल 19 नवंबर को अहमदाबाद में खेले गए एकदिवसीय विश्व कप फाइनल के बाद से टीम से बाहर है। इस साल फरवरी में इंग्लैंड में उनके टखने की सर्जरी हुई थी जिसके बाद वह छह महीने के लिए खेल से दूर हो गए थे।

इंस्टाग्राम पर साझा कुछ वीडियो में शमी बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में अपने आरटीपी रूटीन (खेल में वापसी) में छोटे रनआप के साथ कम गति वाली गेंदबाजी करते देखे गए हैं। ऐसी खबरें थीं कि वह दलीप ट्रॉफी के लिए उपलब्ध हो सकते हैं। यह पता चला है कि दलीप ट्रॉफी के दौरान उनके फिट होने की कोई संभावना नहीं थी और चयनकर्ता जल्दबाजी कर कोई जोखिम नहीं लेना चाहते हैं।

भारतीय टीम प्रबंधन की प्राथमिकता देश के शीर्ष तीन तेज गेंदबाजों (जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी और मोहम्मद सिराज) को ऑस्ट्रेलिया में होने वाले पांच टेस्ट मैचों के लिए फिट रखना है।

**आईपीएल** | आईपीएल-2025 के लिए होने वाली मेगा ऑक्शन में कुछ ही खिलाड़ी होंगे रिटेन

# आरसीबी के लिए खेलना चाहते हैं रिंकू सिंह

**एजेंसी, नई दिल्ली**

आईपीएल से टीम इंडिया का सफर तय करने वाले रिंकूसिंह ने क्रिकेट के हर प्लेटफॉर्म पर खुद को साबित किया है। भारत की टी-20 टीम में अपनी जगह पक्की करने वाले रिंकू सिंह कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के अहम खिलाड़ी हैं।

उन्होंने बतौर फिनिशर केकेआर को कई हारे हुए मैचों में जीत दिलाई है, लेकिन आईपीएल 2025 के लिए मेगा ऑक्शन हो सकता है। ऐसे में यह देखना दिलचस्प होगा कि केकेआर उन्हें रिटेन करेगी या फिर नहीं। इससे पहले रिंकू सिंह का बड़ा बयान आया है।

उन्होंने कहा कि अगर उन्हें रिलीज किया जाता है तो वह एक अन्य टीम के लिए खेलना चाहेंगे, जो उनकी सबसे पसंदीदा टीम है। बाएं हाथ के विस्फोटक बल्लेबाज रिंकू सिंह को अगर केकेआर रिलीज करती है तो फिर मेगा ऑक्शन में उन्हें बड़ी रकम मिल सकती है। मेगा ऑक्शन से पहले रिंकू सिंह ने कहा है कि अगर केकेआर उन्हें रिलीज करती है तो वह रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के लिए खेलना पसंद करेंगे, क्योंकि योंकि उसमें उनके फेवरेट विराट कोहली खेलते हैं। दरअसल, आईपीएल 2025 के लिए मेगा ऑक्शन होना है। इस वजह से फ्रेंचाइजी टीमों के पास सीमित संख्या में ही प्लेयर्स को रिटेन करना होगा और कुछ खिलाड़ियों को मजबूरी में रिलीज करना होगा। हालांकि अब तक यह तय नहीं हो सका है कि एक फ्रेंचाइजी कितने खिलाड़ी रिटेन कर सकती है? बीसीसीआई की पिछले बैठक में भी इस पर आम सहमति नहीं बन सकी थी।




### पंजाब किंग्स ने 2017 में अपने साथ जोड़ा था

**बता दें** कि रिंकू सिंह को आईपीएल-2017 के सीजन में पंजाब किंग्स ने अपने साथ जोड़ा था, लेकिन खेलने का मौका नहीं मिला। इसके बाद पंजाब ने उन्हें रिलीज किया तो उनकी केकेआर में एंट्री हुई। 2018 में रिंकू का आईपीएल डेब्यू हुआ, लेकिन अगले कुछ सीजन उन्हें नियमित रूप से मौका नहीं मिल सका। आईपीएल 2023 में उन्होंने लगातार पांच छक्के लगाकर केकेआर को हारा हुआ मैच जिताया। उसी के चलते वह टीम इंडिया के लिए डैब्यू करने में भी सफल रहे।

